* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

18 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 60

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

**ब्लाइंड टी20 क्रिकेट वर्ल्ड कप :** भारत ने जीता खिताब, झारखंड के सुजीत कुमार मुंडा का बेहतर प्रदर्शन










# बार-बार कानूनी पेंच में क्यों फंस रही है झारखंड की नियोजन नीति

## 22 साल बाद भी नहीं निकला सर्वमान्य हल, बेरोजगार पूछ रहे हमारा क्या कसूर

**आजाद सिपाही विशेष**

**झारखंड सरकार की नियोजन नीति को हाइकोर्ट ने असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा है कि इस नीति के आधार पर जितनी भी नियुक्तियां की गयी हैं या प्रक्रिया चल रही है, वे सभी इस फैसले से प्रभावित होंगी और नियुक्तियां रद्द मानी जायेंगी। यह पहली बार नहीं है, जब झारखंड की नियोजन नीति को अदालत में मुंह की खानी पड़ी है। इससे पहले 2016 की नियोजन नीति को पहले हाइकोर्ट ने और फिर सुप्रीम कोर्ट में असंवैधानिक ठहराया जा चुका है। हाइकोर्ट के ताजा फैसले के बाद करीब दस हजार पदों पर नियुक्तियों के लिए चल रही प्रक्रिया पर ब्रेक लग गया है और कई अन्य नियुक्ति प्रक्रियाएं अब नये सिरे से शुरू होंगी। लेकिन इस फैसले के बाद एक बड़ा सवाल उठता है कि आखिर सरकारी अधिकारियों की गलती या लापरवाही की सजा झारखंड के बेरोजगार कब तक भुगतते रहेंगे। यह सभी जानते हैं कि सरकार की कोई भी नीति तैयार करने में अधिकारियों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है, क्योंकि कानूनी पेचीदगियों से वे अच्छी तरह परिचित होते हैं। इसके बावजूद बार-बार सरकार की नीतियां अदालती दलीलों की कसौटी पर बिखर क्यों जाती हैं, यह सवाल इन अधिकारियों से पूछा जाना चाहिए। लेकिन विडंबना यही है कि इस तरह की गलती के लिए कभी किसी अधिकारी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाता, बल्कि राजनीतिक नेतृत्व पर सवाल खड़े किये जाते हैं। इसके कारण यह पूरा मामला प्रशासनिक नहीं, राजनीतिक रंग ले लेता है और कुछ दिन बाद सब कुछ पुराने ढर्रे पर लौट जाता है। बेरोजगार ठगे रह जाते हैं। नियोजन नीति पर हाइकोर्ट के आदेश के बाद पैदा हुई इसी स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड सरकार द्वारा 2021 में लागू की गयी नियोजन नीति को हाइकोर्ट ने रद्द कर दिया है। इस फैसले के साथ ही राज्य के 10 हजार से अधिक बेरोजगार युवाओं के नौकरी पाने के सपने टूट कर बिखर गये हैं। इतना ही नहीं, जिन कुछ लोगों की नियुक्ति इस नीति के आधार पर हो चुकी है, उनके भी बेरोजगार होने का खतरा मंडराने लगा है। यह पहली बार नहीं है, जब झारखंड सरकार की नियोजन नीति अदालत ने रद्द कर दी है। इससे पहले 2016 की नियोजन नीति को हाइकोर्ट ने और फिर सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी है। इस नियोजन नीति के तहत झारखंड के 13 अनुसूचित जिलों के सभी तृतीय व चतुर्थवर्गीय पदों को उसी जिले के स्थानीय निवासियों के लिए आरक्षित किया गया था, वहीं गैर अनुसूचित जिले में बाहरी अभ्यर्थियों को भी आवेदन करने की छूट दी गयी थी। इस बार की नियोजन नीति में झारखंड से 10वीं और 12वीं पास का मामला था।

हाइकोर्ट के ताजा फैसले के बाद अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर झारखंड सरकार बार-बार ऐसी नीति क्यों तैयार करती है, जो कानून की कसौटी पर खरी नहीं उतरती है। इस सवाल का जवाब तलाशने से पहले उन बेरोजगारों की मनोदशा को ध्यान में रखना होगा, जिनके सपने उनकी किसी गलती के बिना ही बिखर गये हैं। इन बेरोजगारों ने फीस देकर आवेदन फॉर्म भरा होगा, परीक्षा की तैयारी के लिए कोचिंग को मोटी फीस दी होगी, दिन-रात खून-पसीना बहा कर तैयारी की होगी, लेकिन हाइकोर्ट के इस फैसले से वे फिर एक अनिश्चित भविष्य के दोराहे पर आकर खड़े हो गये हैं। ये बेरोजगार पूछ रहे हैं कि आखिर अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा वे क्यों भुगत रहे हैं।

बेरोजगारों का यह सवाल पूरी तरह वाजिब है। सरकार की कोई भी नीति या नियम तैयार करने की जिम्मेवारी अधिकारियों की होती है। ये अधिकारी ही होते हैं, जिन्हें कानूनी पेचीदगी और दूसरे नियमों की जानकारी होती है। राजनीतिक नेतृत्व तो केवल नीतियों की घोषणा करता है। लेकिन झारखंड में किसी अदालती फैसले की जिम्मेवारी अधिकारियों पर नहीं होती। यह झारखंड के साथ बड़ी विडंबना है कि यहां किसी भी गलती को हमेशा राजनीतिक चश्मे से ही देखा जाता है, जबकि होना यह चाहिए कि अदालती फैसले की समीक्षा करते समये अधिकारियों की भूमिका और जिम्मेदारी भी तय की जानी चाहिए। ऐसा नहीं होता है और गड़बड़ी यहीं से शुरू होती है।



### विधि विभाग ने जतायी थी आपत्ति

हाइकोर्ट ने जिस नियोजन नीति को रद्द किया है, उसके बारे में कहा जाता है कि 17 महीने पहले जब यह नीति बन रही थी, तब विधि विभाग ने इसे मौलिक अधिकारों का हनन बताया था। इसमें सुधार करने की बात कही थी, लेकिन कुछ अधिकारियों की लापरवाही के आगे विधि विभाग की आपत्ति दरकिनार कर दी गयी और नियमावली बना दी गयी। इस नियोजन नीति को पिछले साल 29 जुलाई को कैबिनेट से पारित किया गया था। कैबिनेट में इस नीति को मंजूरी मिलने से पहले विधि विभाग ने परामर्श देते हुए कहा था कि यह नियमावली भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है। विधि विभाग ने अपनी टिप्पणी में कहा था कि नियमावली की अधिसूचना प्रारूप के नियम-2 में वर्णित केवल झारखंड राज्य के शैक्षणिक संस्थान से ही शैक्षणिक योग्यता हासिल किये गये अभ्यर्थी को पात्र बनाये जाने का प्रावधान भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है। इसके साथ ही विधि विभाग ने कहा था कि वैसे अभ्यर्थी, जो झारखंड राज्य में मात्र शिक्षा ग्रहण किये हों और उनके माता-पिता दूसरे राज्य के निवासी हों, वे पात्र हो सकते हैं। जबकि इस राज्य के निवासी अगर अन्य राज्य से शैक्षणिक योग्यता प्राप्त किये हो, तो वे पात्र नहीं हो सकते हैं। ऐसे में यह प्रावधान व्यावहारिक एवं विधि सम्मत प्रतीत नहीं हो रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट के मामले का भी दिया था रेफरेंस

विधि विभाग ने अपनी सलाह में सुप्रीम कोर्ट में चले मामले का भी संदर्भ दिया था। विभिन्न मामलों का हवाला देते हुए विधि विभाग ने कहा था कि इन्हीं मामलों की तरह नयी नियुक्ति नियमावली भी अनुच्छेद 16 (2) से प्रभावित है और नयी नियुक्ति नियमावली पर उक्त मामलों से संबंधित सुप्रीम कोर्ट का आदेश आच्छादित है।

### हिमाचल प्रदेश की नकल थी राज्य की नियमावली

जिस नियोजन नीति को झारखंड हाइकोर्ट ने रद्द किया है, उस नीति की अहम शर्त को सरकार ने हिमाचल प्रदेश से लिया था। इसे लेने की सलाह महाधिवक्ता ने दी थी। उन्होंने सलाह देते हुए लिखा था कि इस तरह का प्रावधान हिमाचल प्रदेश के नियोजन नियम में है। महाधिवक्ता के परामर्श के बाद राज्य सरकार ने अपनी नियोजन नीति में राज्य से 10वीं और 12वीं की पढ़ाई करने की शर्त को शामिल किया, जबकि हिमाचल प्रदेश की नियमावली से राज्य सरकार ने आधे नियम को ही उठाया। महाधिवक्ता ने नियमावली पर सरकार को जो परामर्श दिया था, उसमें हिमाचल प्रदेश नियुक्ति नियमावली का रेफरेंस दिया गया है। इसके अनुसार हिमाचल प्रदेश में तीसरी श्रेणी की नौकरी करने के लिए उम्मीदवार का हिमाचल प्रदेश से ही मैट्रिक पास होना जरूरी है। वहीं चौथी श्रेणी की नौकरी करने के लिए हिमाचल प्रदेश से इंटर होना जरूरी है। सबसे अहम बात यह है कि हिमाचल सरकार ने अपनी नियमावली में बोनाफाइड हिमाचली को इस शर्त से छूट दी है। हिमाचली बोनाफाइड श्रेणी में वो लोग आते हैं, जिनका हिमाचल में स्थायी आवास हो या हिमाचल में 20 साल या इसे अधिक समय से रहते हों या हिमाचल प्रदेश में स्थायी आवास हो, लेकिन पेशेवर कारणों से प्रदेश से बाहर रहते हों। झारखंड सरकार की नियोजन नीति में हिमाचल प्रदेश नियुक्ति नियमावली के एक हिस्से को लगभग हू-ब-हू लिया गया, जिसके आधार पर कहा गया कि झारखंड में क्लास तीन और चार श्रेणी की नौकरी करने के लिए इसी राज्य से उम्मीदवार का क्रमशः मैट्रिक और इंटर पास होना जरूरी है। हिमाचल प्रदेश नियुक्ति नियमावली के दूसरे हिस्से, जिसमें बोनाफाइड हिमाचली का जिक्र है, उस तरह का प्रावधान यहां की नियमावली में नहीं रखा गया। अधिकारियों की यही गलती हाइकोर्ट में सामने आ गयी और पूरी की पूरी नीति ही रद्द कर दी गयी।

भले ही सरकार हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करे, लेकिन इससे मामला सुलझनेवाला नहीं है। झारखंड के अधिकारियों को अब इस तरह की गलती से सबक लेकर नये सिरे से नीति तैयार करनी चाहिए। इससे बेरोजगारों में भी नयी आशा का संचार होगा और राजनीतिक नेतृत्व पर भी सवाल नहीं उठाये जा सकेंगे।

---

# एक और घोटाले की पृष्ठभूमि हो रही है तैयार : बाबूलाल

**कहा- सीएम हेमंत फिर बाद में न कहें मालूम नहीं था**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि छत्तीसगढ़ी शराब कंसल्टेंट और सिंडिकेट झारखंड में उत्पाद राजस्व को 600 करोड़ रुपये का चूना लगा चुके हैं। अब एक और हेराफेरी की तैयारी हो रही है। घोटाले के पाप से बचने एवं लीपापोती करने के लिए अब जेएसबीसीएल के मार्फत नो प्रोफिट-नो लॉस योजना पर होलसेल कराने के प्लान पर काम हो रहा है। ताकि शराब उत्पादक कंपनियों से उधार माल लिया जाये और बिक्री का पैसा उन कंपनियों को बकाया न देकर सीधे सरकारी खजाने में जमा कर दिया जाये। इससे लोगों की आंखों में आसानी से धूल झोंककर कहा जायेगा कि रेवेन्यू लॉस नियंत्रित हुआ है। जबकि वास्तव में ये कंपनियों के बकाया का पैसा होगा। बाबूलाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ी शराब कंसलटेंट और सिंडिकेट के साथ मिलकर किये गये पाप को कवर करने के लिए सीएम की नाक के नीचे एक और घोटाले की पृष्ठभूमि तैयार हो रही है। वे एक बार फिर सीएम को सचेत कर रहे हैं, ताकि बाद में ये न कहें कि उन्हें ये सब पता नहीं था। जो लोग रोज नये मामलों में उनसे गड़बड़ी करवा रहे हैं, उन्हें हेमंत पहचानें। समय रहते दोषियों पर कार्रवाई कर भविष्य के संकट से खुद का बचाव करें।

# रानी चिल्ड्रेन अस्पताल के डायरेक्टर समेत पांच लोगों पर चलेगा मुकदमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**सीबीआइ कोर्ट ने आरोप गठित किया**

**रांची।** रांची सीबीआइ की विशेष अदालत ने नक्शा विचलन केस में 5 आरोपियों के खिलाफ चार्जफ्रेम (आरोप गठन) कर दिया है। कोर्ट ने रानी चिल्ड्रेन अस्पताल के निदेशक डॉ राजेश कुमार, डॉ सुधीर कुमार, राम कुमार सिंह, उमेश प्रसाद सिंह और विनोद कुमार सिंह के खिलाफ चार्जफ्रेम किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ पीसी एक्ट की धारा 13(2),13(1)(डी) और आइपीसी की धारा 120 एवं 420 की धारा के तहत मुकदमा चलेगा। इनके खिलाफ 25 मार्च 2011 को सीबीआइ ने प्राथमिकी दर्ज की थी। यह मामला फर्जीदस्तावेज के आधार पर आइआइडीए के अधिकारियों के साथ मिलकर अस्पताल निर्माण के लिए नक्शा पास कराने से जुड़ा हुआ है। जांच के बाद सीबीआइ ने वर्ष 2013 में चार्जशीट दाखिल की थी।

# पंकज मिश्रा के सहयोगी दाहू यादव और सुनील यादव को अदालत ने किया भगोड़ा घोषित

**जारी हुआ था गैरजमानती वारंट**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अवैध खनन और मनी लांड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा के सहयोगी दाहू यादव और सुनील यादव को पीएमएलए कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया है। इसके पूर्व दोनों के खिलाफ इडी के आवेदन पर अदालत ने 29 अक्तूबर को गैरजमानती वारंट जारी किया था। साहिबगंज एसपी से दोनों को गिरफ्तार करने को कहा गया था। जब दोनों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो अदालत ने उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया है। गौरतलब है कि अवैध खनन मामले में विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा का सहयोगी होने की जानकारी के बाद दाहू यादव और सुनील यादव दोनों भाइयों को इडी ने समन जारी किया था। पहली बार दोनों इडी के पास पहुंचे और बताया कि उनके घर में एक व्यक्ति बीमार है। उनका इलाज कराने के बाद वे इडी के पास आयेंगे। उसके बाद इडी ने तीन बार समन जारी किया, लेकिन दोनों भाई इडी के समक्ष पेश नहीं हुए।

### सुप्रीम कोर्ट से अमित अग्रवाल को तीन माह की अंतरिम जमानत

राजीव कुमार कैश कांड में सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता के व्यापारी अमित अग्रवाल को तीन माह की सशर्त अंतरिम जमानत देने का फैसला किया। सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ जमानत के मुद्दे पर फैसला दिया है। इससे हाइकोर्ट के आदेश के आलोक में सीबीआइ जांच जारी रहेगी। अमित अग्रवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को न्यायाधीश संजीव खन्ना व न्यायाधीश एमएम सुंदरेश की पीठ में सुनवाई हुई। इस दौरान एडिशन सोलिसिटर जेनरल एसवी राजू ने इडी का पक्ष रखा। कहा कि पूरा मामला एक सुनियोजित साजिश का परिणाम है। यह न्यायालय, इडी व सरकारी अफसरों को बदनाम करने के लिए रची गयी थी। इसी मामले में राजीव कुमार के जमानत मिलने की बात कहे जाने पर अदालत ने अमित अग्रवाल को सशर्त अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत ने अमित अग्रवाल को अपना पासपोर्ट पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश की अदालत में जमा करने और बिना आदेश के देश से बाहर जाने पर रोक लगा दी।

## पाक के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के बायन से भाजपाइयों में नाराजगी

# राज्यभर में भुट्टो के खिलाफ हुआ प्रदर्शन, फूंका पुतला

**दीपक प्रकाश ने कहा, मोदी की लोकप्रियता और नये भारत की उपलब्धियों से डरा हुआ है पाकिस्तान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के बयान पर देश में घमासान मच गया है। भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर पर की गयी टिप्पणी का भाजपा ने विरोध किया है। पाकिस्तान के मंत्री बिलावल भुट्टो के खिलाफ शनिवार को पूरे राज्य में प्रदर्शन किया गया और फूतला फूंका गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि पाकिस्तान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और नये भारत की उपलब्धियों से डरा हुआ है।

**भाजयुमो ने जताया विरोध:** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के खिलाफ रांची में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो के महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह ने की। रेडियम रोड से विकास भवन तक विरोध प्रदर्शन निकाला गया। इसके बाद पाकिस्तानी मंत्री का पुतला जला कर युवाओं ने अपना गुस्सा और विरोध जताया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, के-के गुप्ता, रमेश सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, दीपक सिंह, रंजीत नाथ सहदेव समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### पाक मंत्री मानसिक रूप से दिवालिया

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा की आज पूरी दुनिया में हिंदुस्तान का और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कद लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे हमारे पड़ोसी देश, आतंकियों को पालने वाला देश और उसके मंत्री मानसिक रूप से दिवालिया हो गये हैं। अपनी बैचनी उटपटांग बयान दे कर प्रकट कर रहे हैं। कोई भी हिंदुस्तानी प्रधानमंत्री का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा पाकिस्तान के मंत्री बिलावल भुट्टो के बयान की कड़ी भर्त्सना करता है। पूरे देश समेत झारखंड में बयान का विरोध किया जा रहा है। सड़कों पर हमारे युवा मोर्चा रांची महानगर के साथी अपना आक्रोश प्रकट कर रहे हैं।

# 'राज्यभर के विक्षुब्ध कांग्रेस कार्यकर्ता मोरहाबादी में 19 दिसंबर को जुटेंगे'

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर को हटाने की मांग को करेंगे बुलंद**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस की अंदरूनी कलह अब सतह पर आ गयी है। कांग्रेस के नेता खुलकर प्रदेश अध्यक्ष का विरोध कर रहे हैं। राज्यभर के विक्षुब्ध कार्यकर्ता रांची के मोरहाबादी में 19 दिसंबर को जुटेंगे। जहां प्रदेश अध्यक्ष को अविलंब हटाये जाने की को लेकर रूपरेखा तैयार की जायेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष 8 वर्षों सचिव, महासचिव, मीडिया प्रभारी, कार्यकारी अध्यक्ष फिर अध्यक्ष और लगभग सरकार के तीन वर्षों में सिर्फ अपने फलने फूलने और मंत्री का दर्जा प्राप्त करने, राज्यसभा का टिकट हासिल करने की राजनीति में मशगूल हैं। ऐसे अध्यक्ष का एक दिन भी बने रहना पार्टी को रसातल में भेजने का काम करेगा और कार्यकर्ता पश्चाताप के लायक भी नहीं रहेंगे। कोयलांचल के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुखिया होनी सिंह मुंडा ने कहा जो लोग यह बात बना रहे हैं कि 6 वर्षों के बाद कमेटी का गठन हुआ है तो प्रदेश अध्यक्ष गुमराह करना बंद करें।

कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता फिरोज रिजवी मुन्ना ने कहा जिस सरकार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की प्रतिष्ठा ना हो, उनकी बातों को अहमियत ना हो और उनके चेहरे पर सरकार होने का एहसास नहीं हो ऐसे सरकार में बने रहने का कोई वजूद नहीं है। कार्यकर्ताओं की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बाहर से आये हुए लोगों ने पूरी पार्टी को कब्जा कर लिया है, अब एक दिन भी कार्यकर्ता अपनी बेज्जती बर्दाश्त करने को तैयार नहीं हैं।

www.epaper.azadsipahi.in

18 दिसंबर, 2022
पौष, कृष्ण पक्ष, दशमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 60

# आजाद सिपाही
कलम कलम बढ़ाये जा

अग्नि-5 मिसाइल की रेंज बढ़ायी गयी, पांच हजार से अब सात हजार किमी तक की दूरी पर मार करेगी



### मुख्यमंत्री ने परिषद की बैठक में वन (संरक्षण) नियम 2022 पर रखी मांग

# आदिवासी हित में वनाधिकार अधिनियम 2006 के अनुरूप संशोधित किया जाये : हेमंत सोरेन

- कोलकाता में अमित शाह की अध्यक्षता में हुई पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/कोलकाता।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि वन (सरंक्षण) नियम, 2022 में जिस प्रकार से वन भूमि अपयोजन में ग्राम सभा के अधिकार को समाप्त किया गया है, उससे पूरे देश के करीब 20 करोड़ आदिवासी एवं वनों में पीढ़ियों से निवास करने वाले लोगों के अधिकारों का घोर अतिक्रमण हुआ है। उनके अधिकारों की रक्षा के लिए इसे वनाधिकार अधिनियम 2006 के अनुरूप संशोधित किया जाये। पांच हेक्टेयर तक की वन भूमि के अपयोजन के लिए राज्य सरकार के द्वारा स्वीकृत किये जाने के पूर्व के प्रावधान को बहाल किया जाये। मुख्यमंत्री शनिवार को कोलकाता में आयोजित पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में बोल रहे थे। यह बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा भारत का इतिहास आदिवासियों के बलिदान से भरा पड़ा है, परंतु इनकी वीरता को वह पहचान नहीं मिल पायी, जिसके वह हकदार हैं। इसलिए सेना में आदिवासी रेजिमेंट के गठन का निर्देश रक्षा मंत्रालय को दिया जाये। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का विभिन्न कोयला कंपनियों जैसे सीसीएल, बीसीसीएल, इसीएल पर कुल एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कराया जाये। साथ ही बंद खदानों का विधिवत माइंस क्लोजर कराया जाये, ताकि पर्यावरण की सुरक्षा हो सके एवं अवैध खनन पर भी रोक लग सके।



### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा कही गयी अन्य महत्वपूर्ण बातें

- साहेबगंज को मल्टी मॉडल टर्मीनल के रूप में विकसित किया जा रहा है एवं भविष्य में यह पूर्वोत्तर राज्यों के लिए गेटवे बनेगा। अतः यहां पर एयरपोर्ट का निर्माण कराया जाये।
- रेलवे को सर्वाधिक आय झारखंड से प्राप्त होती है, परंतु यहां रेलवे का जोनल मुख्यालय नहीं है। झारखंड में रेलवे का जोनल मुख्यालय स्थापित करने का निर्देश दिया जाये।
- केंद्र प्रायोजित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में विगत दस वर्षों से भारत सरकार द्वारा कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गयी है। महंगाई को देखते हुए इस राशि में पर्याप्त बढ़ोत्तरी की आवश्यकता है।
- प्रधानमंत्री आवास योजना में झारखंड के लगभग आठ लाख 35 हजार परिवार इसके लाभ से अभी भी वंचित हैं। इन सभी को आवास स्वीकृत करने का निर्देश ग्रामीण विकास मंत्रालय को दिया जाये।
- झारखंड जैसे उग्रवाद प्रभावित एवं गरीब राज्य में सेंट्रल आर्मड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) की प्रतिनियुक्ति के लिए केंद्र सरकार के द्वारा राज्य सरकार से राशि के भुगतान की मांग नहीं की जानी चाहिए।
- जीएसटी कंपनसेशन की अवधि को अगले 05 वर्षों तक विस्तारित किया जाये अन्यथा झारखंड को प्रत्येक वर्ष लगभग पांच हजार करोड़ रुपये का नुकसान होने के संभावना है।

# अधिवक्ता राजीव कुमार के बेल के खिलाफ इडी सुप्रीम कोर्ट जायेगी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कैशकांड के आरोपी अधिवक्ता राजीव कुमार को हाइकोर्ट से मिले बेल के आदेश को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी में है। यह जानकारी तब सामने आयी जब शुक्रवार को इडी की ओर से उपस्थित अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट में इसी केस के अन्य अभियुक्त अमित अग्रवाल की जमानत याचिका का विरोध कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा अमित अग्रवाल के जमानत के मामले में दिये गये आदेश में भी इस बात का भी जिक्र है। इडी की ओर से बहस कर रहे अधिवक्ता की दलीलों के बाद यह लगभग तय माना जा रहा है कि झारखंड हाइकोर्ट से राजीव कुमार को बेल दिये जाने के आदेश के खिलाफ इडी सुप्रीम कोर्ट जायेगी। गौरतलब है कि अमित अग्रवाल पीआइएल मैनेज करने के लिए झारखंड हाइकोर्ट के वकील राजीव कुमार को पैसे देने के केस में आरोपी हैं। शुक्रवार को शीर्ष अदालत ने उन्हें कई शर्तों के साथ जमानत की सुविधा प्रदान की है।

# ब्लाइंड टी-20 विश्व कप में भारत तीसरी बार चैंपियन बना

- बांग्लादेश को 120 रनों से किया पराजित
- झारखंड के सुजीत कुमार मुंडा का बेहतर प्रदर्शन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ब्लाइंड टी-20 विश्व कप में भारत तीसरी बार चैंपियन बना है। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में शनिवार को भारत और बांग्लादेश के बीच फाइनल मैच खेला गया। इसमें भारत ने बांग्लादेश को 120 रन से हराया। गौरतलब है कि इस टीम में झारखंड के सुजीत कुमार मुंडा भी खेल रहे थे। जिनका प्रदर्शन पूरे मैच के दौरान बेहतरीन रहा। फाइनल मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 277 रन बनाये। जवाब में बांग्लादेश की टीम 3 विकेट पर 157 रन पर ही सिमट गयी।



**सुजीत मुंडा और टीम को बधाई** : झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ ने टी20 में भारत की जीत और सुजीत कुमार मुंडा के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने सुजीत और टीम के सदस्यों को बधाई दी और केक काट कर खुशी जताई। इस मौके पर झारखंड दिव्यांग आंदोलन संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेंद्र कुशवाहा उर्फ कोरील कुमार, डॉ ऐसे राही, आफताब आलम, मुकेश कंचन, जाहिद अंसारी उद्दीन, सुनीता कुमारी, रोशन कुमार, कुमारी जिन्हा सरोज बरला और अन्य लोग मौजूद थे।

**TENDER HEART (N) SCHOOL**
BEHIND ADWAIT ASHRAM, TUPUDANA, RANCHI - 03 • PH : 8235073719
**ADMISSION OPEN - (2023-2024)**
For
**PRE NURSERY (3 yrs.+), NURSERY (4 yrs.+) & PREP (5 yrs.+).**
Forms and prospectus (Rs. 1200/-) available at Tender Heart (N) School and City office, Birsa Chowk between 9:00 a.m. to 12:00 noon. Come with Municipal Birth Certificate.
Online registration - **tenderheartsrsecschool.edu.in**
*Principal*

**झारखण्ड विधान सभा सचिवालय**
**आवश्यक सूचना**
सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधान सभा का दशम् (शीतकालीन) सत्र दिनांक-19/12/2022 से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है।
ह./-
सैयद जावेद हैदर)
प्रभारी सचिव
झारखण्ड विधान सभा, रांची
ज्ञाप संख्या-जनसम्पर्क-04/2022-3186/वि.स., रांची, दिनांक-14/12/2022



आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 18 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


## दो ऑटो की टक्कर में एक की मौत, 3 घायल



डोमचांच (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत कोडरमा गिरिडीह मुख्य मार्ग में कोठियाराबर के समीप दो ऑटो की टक्कर में एक यात्री की मौत हो गयी जबकि तीन अन्य घायल हो गए। शनिवार को झुमरीतिलैया की ओर से यात्री भर कर आ रहे ऑटो (जेएच 12डी 2936) की विपरीत दिशा में जा रहा ऑटो से टक्कर हो गयी. इससे ऑटो में सवार एक व्यक्ति (उम्र लगभग 40 वर्ष) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हो गये। घायलों में से एक महिला चन्द्रिका देवी (उम्र 60 वर्ष पति स्वर्गीय नारायण साव, मसनोडीह) को बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि दो अन्य महिलाएं बुधनी देवी (उम्र 50 वर्ष पति झरी सिंह, पारहो) एवं सरिता देवी (उम्र 45 वर्ष, पति राजेन्द्र साव, मसनोडीह) को डोमचांच रेफरल अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना की सूचना पाकर डोमचांच पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कोडरमा सदर हॉस्पिटल पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मृतक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई है।

## लावारिस मवेशियों के गले में रेडियम लगाने का प्रेरणा शाखा ने लिया निर्णय

झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच कि इकाई प्रेरणा शाखा की बैठक व पुराने साल की विदाई, नए साल के आगमन को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन शनिवार को कर्दम ऋषि पार्क लक्खीबागी में किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झुमरी तिलैया शहर के विभिन्न सड़को पर लावारिस मवेशियों को बचाने के लिये के गले में रेडियम दिसम्बर माह के अंदर लगाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। ताकि रात्रि में रेडियम की चमक में वाहनों से इन्हें बचाया जा सके और दुर्घटना को भी रोका जा सके। वहीं 19 दिसम्बर को झुमरीतिलैया में स्वास्थ्य शिविर लगाने का भी निर्णय लिया गया। पुराने साल के कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी और नए साल में सामाजिक दायित्व में तहत नए साल में बेहतर कार्य किया जाएगा। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया सचिव नेहा हिसारिया ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, शिक्षा, स्वास्थ्य, गौ आहार जैसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इधर पुराने वर्ष की विदाई और नए साल के आगमन पर प्रेरणा शाखा की सदस्यों ने मौज मस्ती कार्यक्रम भी आयोजित किया। इसमे मुख्य रुप से कब्बडी, रुमाल और बैलून का खेल, होजी और चुटकुलों का दौर चला प्रेरणा शाखा के सदस्यों के साथ बच्चे भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मौके पर पूर्व अध्यक्ष प्रीति केडिया, कार्यक्रम की परियोजना निदेशक सारिका लड्ढा, मीना हिसारिया, स्वेता गुटगुटिया, शालू चौधरी, रश्मि गुटगुटिया, निशा केडिया, रजनी अग्रवाल, बबिता केडिया, प्रगति चौधरी, नेहा जैन, रश्मि केडिया, सरिता अग्रवाल, निधि पेड़ीवाल, पिंकी खेतान, प्रीति पचीसिया, शीतल पोद्दार, पायल पचीसिया, ज्योति परशुरामपुरिया आदि मौजूद थे।

## सहायक अध्यापक एकीकृत मोर्चा राज्य सदस्य ने डीएसइ को ज्ञापन सौंपा



कोडरमा (आजाद सिपाही)। एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा राज्य कार्यकारी सदस्य वीरेंद्र कुमार राय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कोडरमा डीएसई से मिलकर मांग पत्र सौंपा। राय के 6बिन्दु वार समस्या का निदान के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक से सभी विन्दुओं पर सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेने का आग्रह किया है क्योंकि झारखंड में पहली बार आकलन परीक्षा 24 जिला मे होनी है। इसके लिए सरकार के पदाधिकारी एवं शिक्षा मंत्री जरन्नाथ महतो के द्वारा 31 दिसंबर तक फार्म भरने का अंतिम तिथि निर्धारित किया जा चुका है। मांग पत्र में कहा गया कि जिनके प्रमाण पत्र का संबंधित बोर्ड से सत्यापन हो चुका है, आकलन फार्म भरने का शिक्षक आईडी एक्टिव किया जाए। एनआईओएस से डीएलएड का प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का सत्यापन नहीं हुआ है जिला से 25 दिसंबर तक कराया जाए। जिन सहायक अध्यापक का किसी भी बोर्ड से अभी तक जांच नहीं किया गया है उन्हें भी 25 दिसम्बर तक कराया जाए। छोटी भूल से सहायक अध्यापक का मानदेय बंद किया गया है उनका भी भुगतान किया जाए। जिनका प्रमाण पत्र समय पर जांच नहीं हो पा रहा है, उनसे शपथ पत्र लेकर आकलन परीक्षा का फार्म भरने की अनुमति दी जाए। जिला शिक्षा अधीक्षक से प्रतिनिधिमंडल मिलकर मांग पत्र देने वालों में वीरेंद्र कुमार राज्य सदस्य, पवन कु सिंह, मुख्तार अंसारी, महेंद्र कर्मा, राजेंद्र गुप्ता शामिल थे।

## लोक अदालत में दोनों पक्षों की होती है जीत : प्रधान जिला जज

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि लोक अदालत में दिए गए फैसले में दोनों पक्षों की जीत होती है तथा यह फैसला दोनों पक्षों को संतुष्ट करता है। कोई पक्ष इसे थोपा हुआ महसूस नहीं करता है। लोक अदालत में दिए गए निर्णय के विरुद्ध कहीं भी कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत का निर्णय अंतिम निर्णय होता है। लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है। इस लोक अदालत में कुल चार बेंचों का गठन किया गया। बेंच संख्या एक में जिला जज द्वितीय अजय कुमार सिंह व अधिवक्ता सुरेश कुमार, बेंच संख्या दो में मुख्य अपर न्यायिक दंडाधिकारी प्रताप चंद्रा एवं अधिवक्ता शिवनंदन कुमार शर्मा, बेंच संख्या तीन में मुंसिफ मो. दानिश नवाज एवं अधिवक्ता चन्दन कुमार पाण्डेय, बेंच संख्या चार में स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष अमृत लाल यादव एवं सदस्य बालेश्वर राम व ममता सिंह ने मामले की सुनवाई की। लोक अदालत में चार बेंचो के माध्यम से कुल 123 वादो का निष्पादन किया गया और राजस्व की वसूली की गई। मौके पर प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सैयद सलीम फातमी, जिला जज प्रथम गुलाम हैदर, जिला जज तृतीय तरुण कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत कुमार वर्मा, विद्युत विभाग, वन विभाग व उत्पाद विभाग के अधिकारी, अनिल कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार, राजन कुमार, संजय कुमार, संजय कुमार, रणजीत कुमार सिंह, राज कुमार राउत, रणजीत कुमार सिन्हा, महेंद्र नारायण, राजीव रंजन, संतोष कुमार पीएलवी पाण्डेय शेखर प्रसाद, मोनिका कुमारी, मनोज कुमार सहित भारी संख्या में अधिवक्ता न्यायालयकर्मी, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी व पक्षकार गण मौजूद थे।

## बाइक से गिरकर दो युवक घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। शनिवार को जिले के मरकच्चो थाना अंतर्गत बिचरिया मे बाइक से गिरकर दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान दीपक दास (उम्र 18 वर्ष पिता राजेश दास ग्राम पड़रिया) और मोती कुमार (उम्र 15 वर्ष पिता कैलाश दास, ग्राम राजधनवार) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी बाइक से बाजार की तरफ जाने के क्रम में बिचरिया के पास अनियंत्रित होकर गिर जाने से दोनों घायल हो गए। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## बाबुलाल भारती की द्वितीय पुण्य तिथि मनी

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। नवलशाही थाना क्षेत्र के ग्राम देवीपुर निवासी समाजसेवी स्वर्गीय बाबुलाल भारती का द्वितीय पुण्य तिथि देवीपुर स्थित उनके निवास पर मनाया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके तैलचित्र पर बारी बारी से पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया व उनके व्यक्तित्व की चर्चा की। देवीपुर पंचायत के मुखिया बेदु साव एवं अन्य वक्ताओं ने कहा कि समाजसेवी बाबुलाल भारती हमेशा सामाजिक कार्यो से जुड़े रहे। वे बराबर जरूरतमन्दों की सेवा करते रहे। आयोजित कार्यक्रम में परिवार के सदस्यों के साथ देवीपुर पंचायत के मुखिया बेदु साव, चोपनाडीह पंचायत की मुखिया पुनम कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी सुभाषचंद्र यादव, समाज सेवी नन्द किशोर भारती, राममुर्ती सिंह, रंजीत कुमार, बालदेव यादव, अधिवक्ता कृष्णदेव यादव, दारो यादव, सत्यनारायण पांडेय, पप्पु गिरि, सुनिल भारती समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति की हुई बैठक

# आम जनता तक पहुंचे योजना यह हम सबों की जिम्मेवारी है : अन्नपूर्णा देवी

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह अध्यक्ष जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति अन्नपूर्णा देवी व सांसद हजारीबाग जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई।बैठक में केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित मनरेगा, अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, नेशनल रूरल ड्रिंकिंग वॉटर प्रोग्राम, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल इंडिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिशन, अटल मिशन फॉर रिन्यूएबल अर्बन ट्रांसफॉरमेशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट स्कीम, मिड डे मील,उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, डिजिटल इंडिया के तहत पब्लिक इंटीग्रेंट प्रोग्राम, रेलवे, हाईवे, वाटर वेज, माइंस आदि से संबंधित आधारभूत संरचना निर्माण की योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, इंटीग्रेटेड पावर डेवलपमेंट स्कीम, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, सोयल हेल्थ कार्ड, ई-नाम, पीएमकेएसवाई, प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना, नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट के पालन से संबंधित विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कोडरमा सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा की सरकार की सभी योजना की पहुंच आम जनता तक सुगमता से पहुंचे हम सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की जिम्मेवारी है। हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने की जरूरत है। निगरानी प्रणाली में जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए संबंधित विभागों को जिम्मेवार बनाकर गुणवत्ता की सतत मॉनिटरिंग की जाए। बरही, बरकट्ठा आदि प्रखंडों में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए पाइपलाइन बिछाने में एनएचआई के द्वारा एनओसी नही मिल पाने के कारण योजना अधर पर लटक जाने को गंभीरता से लेते हुए जल्द एनओसी जारी कर अधूरे कार्य को पीएचईडी को पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में अध्यक्ष दिशा कोडरमा व हजारीबाग सांसद के अलावा उपायुक्त नैंसी सहाय, बरकट्ठा विधायक अमित यादव, बगोदर विधायक बिनोद सिंह, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, जीप अध्यक्ष उमेश मेहता, उपविकास आयुक्त प्रेरणा दिक्षित, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, सभी प्रखंड प्रमुख, सभी ज़िला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

## मुनका बगीचा में तीन दिवसीय साईं लीला महानाट्य का शुभारंभ 20 से

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। साईं परिवार हजारीबाग के द्वारा कानी बाजार के मुनका बगीचा में साईं बाबा के महासमाधि के अवसर पर साई कथा के साथ साईं लीला महानाट्य का शुभारंभ मंगलवार को होगा। बता दें कि साईं भजन सम्राट व कथा वाचक गुरुजी प्रवीण महामुनि के द्वारा शिर्डी से आये साईं कथा भजन और भण्डारा के साथ झांकी का विशेष आयोजन किया जा रहा है। इसमें हजारीबाग के तमाम श्रद्धालु को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है। गुरुजी श्री प्रवीण महामुनि के द्वारा प्रवचन कार्यक्रम का शुरूआत 20 दिसम्बर से शुरू होगा। साईं लीला महानाट्य का त्रिदिवसीय कार्यक्रम 20, 21, 22 दिसम्बर को संध्या 5 बजे से शुरू हो जाएगा। प्रवचन सुनने के बाद प्रत्येक दिन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। साईं लीला महानाट्य के अंतिम त्रिदिवसीय कार्यक्रम में 22 को विशाल भंडारा का आयोजन साईं परिवार के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुनील अग्रवाल, मनोज सिन्हा, प्रदीप मालाकार, मनीष चौरसिया, संजय कुमार, संजय कश्यप, सुनील कुमार गुप्ता, कृष्णा पाण्डेय, सुशील जायसवाल, बबलू शर्मा, राकेश कुमार, डॉ अमरेंद्र कुमार, संजय कुमार, संजीव कुमार, अर्जुन कुमार, राज कुमार सहित समस्त साई परिवार के सदस्यों की अहम भूमिका रही। इस संबंध में साई परिवार की ओर से बताया गया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग उपायुक्त नैन्सी सहाय, विशिष्ट अतिथि परविंदर सिंह बैंस इंस्पेक्टर जेनरल, बीएसएफ, मेयर नगर निगम रोशनी तिर्की, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति, यातायात थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह के अलावा अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि को भी निमंत्रण पत्र भेजा गया है। प्रचार प्रसार के लिए वाहन से भी लगातार प्रचार किया जा रहा है।

## अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने जिले के सभी पुलिस पदाधिकारियों संघ अपराध गोष्ठी की। गोष्ठी के दौरान सभी थाना प्रभारीयों एवं पुलिस पदाधिकारियों को कई बिंदुओं पर दिशानिर्देश दिए। 5/10 वर्षों से अधिक पुराने लंबित कांडों के अविलंब निष्पादन हेतु निर्देशित किया। सभी पुराने लंबित कांडों की समीक्षा कर उनके अविलंब निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। जमानती तथा गैरजमानती वारंट, इश्तेहार एवं कुर्की- जब्ती के त्वरित निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। सिविल कोर्ट के सुरक्षा की नियमित रूप समीक्षा करते हुए सुरक्षा से संबंधित सभी मानकों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध पोस्ता एवं अफीम की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया तथा उनके विरुद्ध सीसीए का प्रस्ताव समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया। महिला प्रताड़ना एवं हिंसा तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित कांडों में अविलंब कार्रवाई करते हुए 60 दिनों के भीतर उन कांडों का निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। नशाखोरी के पदार्थ खरीद-बिक्री करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। विभिन्न सोशल मिडिया की मोनिटरिंग करने हेतु सभी को निर्देशित किया गया। साथ ही सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनन कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में नक्सलीयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सीसीए एनएसए के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सरकारी जमीन से संबंधित जितने भी मामले थाना में लंबित है उन्हें यथाशीघ्र संबंधित अंचलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उसका निष्पादन करने हेतु निर्देशित किया गया। अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर उत्खनन पर पूर्णत रोक लगाने हेतु निर्देशित किया गया।

## बरकट्ठा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 19 को

आजाद सिपाही संवाददाता

बरकट्ठा । महिला मुक्ति संस्थान हजारीबाग के तत्वाधान में 19 दिसंबर को प्रखण्ड के दिब्यकल्याण आश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है।इस बाबत असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग ने पत्र जारी कर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सीएचसी बरकट्ठा को स्वास्थ्य जांच शिविर में आवश्यक सहयोग करने का निर्देश दिया गया है।प्रभारी चिकित्सा प्रभारी ने उक्त निर्देश पर उषा कुमारी एएनएम को कोविड टीकाकरण, विवेक कुमार को टीबी जांच, अनिमेष कुमार फार्मासिस्ट को दवा वितरण किशन राम को मलेरिया जॉच और नीतू कुमारी एएनएम को एनसी ,परिवार नियोजन परामर्श के लिए नियुक्त किया गया है।

## विष्णुगढ़ प्रखंड में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

विष्णुगढ़ । विष्णुगढ़ प्रखंड में असाक्षरों को साक्षर करने का एक नवीन कार्यक्रम नवभारत साक्षारता कार्यक्रम की शुरुआत किया जाना है। यह कार्यक्रम 2022से 2027 तक चलाया जाएगा ।इसके लिए सभी साक्षरता कर्मियों की बैठक प्रखंड कार्यालय के सभागार में किया गया । बैठक की अध्यक्षता मधुसुदन प्रसाद सांसद प्रतिनिधि ने की।बैठक में चर्चा की गयी कि प्रखंड में 15वर्ष से ऊपर केसभी असाक्षरों को साक्षर बनाना है । इसलिए इसे सफल बनाने के लिए पंचायत में समिति का पुनर्गठन जरूरी है। इस निमित प्रधानायपक-सह- सचिव को पत्र निर्गत किया गया। समिति का पुनर्गठन कर दो दिन के अन्दर प्रखंड कार्यालय में जमा किया जाएगा। ततपश्चात आगे की रणनीति बनाया जाएगा।

# बुनियादी सुविधाओं से वंचित है टाटीझरिया प्रखंड के बेडम पंचायत का चोंचा गांव

ज्योतिष पण्डा टाटीझरिया

टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। भारत के आजाद हुए लगभग 75 वर्ष पुरा हो गया है और लोग आजादी का अमृत महोत्सव भी मना है। झारखंड अलग हुए 22 वर्ष हो गया और झारखंड में कितने आदिवासी मुख्यमंत्री बने यह भी छिपा नहीं है लेकिन अगर कोई आदिवासी गांव का विकास नहीं हुआ तो लोग अभी भी गुलाम में रह रहा है । हजारीबाग जिला के टाटीझरिया प्रखंड अंतर्गत बेडम पंचायत के आदिवासी गांव चोंचा के ग्रामीण अभी भी सुविधाएं से वंचित हैं । पंचायत चुनाव भी हुआ लेकिन विकास ना के बराबर देखने को मिला । पंचायत चुनाव होने के बाद उनलोगो में खुशी महसूस हुआ और कुछ विकास की आस जगने की उम्मीद बढ़ी। इस गांव में कुल 60 घर है और 500 लोग जीवन यापन कर रहे है।

**सड़क नहीं रहने पर खटिया पर ले जाते मरीजों को :** बेडम पंचायत के चोंचा गांव के एक और मंगरपट्टा चौक तो दुसरी और बेडम चौक है । लोगों का कहना है कि अभी तो किसी तरह आ और जा रहे हैं बरसात के दिनों में पैदल चलना मुश्किल हो जाता है।

**पेयजल की नहीं है समुचित व्यवस्था,चुआ से पीते हैं पानी :** यहां के लोग पानी पीने,बर्तन धोने समेत अन्य काम के लिए नदी और नदी में बने चुआ से काम करते हैं। ागा है वह भी टंकी फट गया है।

**नहीं है स्वास्थ्य की कोई सुविधा :** अगर इस गांव में कोई बीमार पड़ जाय तो यहां पर कोई सुविधा नहीं है। इनलोगो को प्रसव के लिए चुरचु या तो फिर हजारीबाग जाना पड़ता है। छोटे बिमारी के लिए दारू या टाटीझरिया जाना पड़ता है।

### शिक्षा व्यवस्था भी है चौपट,हिंदी नहीं समझते हैं बच्चे

अगर क्षेत्र को विकसित करने में अभी के समय में बदलाव चाहिए तो सबसे पहले शिक्षा का स्तर को बढ़ाना होगा । इस गांव में एक नव प्राथमिक विद्यालय और एक आंगनबाड़ी सेंटर है। विद्यालय में एक शिक्षिका और एक शिक्षक है। यहां के बच्चों अभी भी हिंदी नहीं समझते हैं और अपनी संथाली ही भाषा में बात करते है। विद्यालय में पाकशाला नहीं होने के कारण माध्यह भोजन में भी परेशानी होती है। विद्यालय में रंग रोगन का कार्य भी नहीं हुआ है।

## सूर्यकुंड मेला की नीलामी को लेकर 20 को लगेगी डाक की बोली

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के प्रसिद्ध धार्मिक व पर्यटन स्थल सूर्यकुंड परिसर में मकरसंक्रांति के अवसर पर लगने वाला मेला की नीलामी 20 दिसंबर को होगी ।मेला की नीलामी को लेकर सुरक्षित जमा राशि तेईस लाख तेरह हजार दो सौ रुपये निर्धारित है ।मेला की नीलामी 20 दिसंबर को अंचल कार्यालय में होगा ।सीओ श्रीकांत लाल मांझी ने बताया कि मेला का डाक स्वीकृत सुरक्षित जमा राशि से शुरू होगा ।इच्छुक ब्यक्ति कार्यालय कक्ष में 12 बजे अपराह्न दोपहर समय पर अपना अपना आईडी प्रूफ या एड्रेस प्रूफ ये साथ उपस्थित होंगे ।नीलामी में भाग लेनेवाले इछुक ब्यक्ति सुरक्षित जमा राशि का 15 प्रतिशत लगभग तीन लाख छियालीस हजार नौ सौ चौरासी रुपये के साथ अंचल नजारत में जमा करना अनिवार्य होगा ।डाक समाप्ति के बाद उच्चतम डाक की बोली लगनेवाले को उसी दिन अंचल नजारत में बैंक चेक ,ड्राफ्ट या नकद राशि जमा करना होगा ।इस बार कोरोनाकाल के बाद मेला का डाक तय किया गया है ।मकरसंक्रांति पर 15 दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता है।

## अडाणी फाउंडेशन ने लगातार दो दिन लगाया नि:शुल्क हेल्थ चेकअप कैंप



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अडाणी फाउंडेशन ने शुक्रवार और शनिवार को लगातार दो दिन निशुल्क हेल्थ चेक-अप कैंप का आयोजन किया। पहले दिन जहां 40 मरीजों का इलाज किया गया, वहीं दूसरे दिन शनिवार को 43 मरीजों की जांच की गई। अपने सीएसआर (कॉपोर्रेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चपरी गांव में हजारीबाग के जेनरल फिजिशियन डॉक्टर आरके रंजन ने ग्रामीणों को कई तरह की चिकित्सकीय सुविधाएं निशुल्क प्रदान की। सुबह 11:00 बजे से दिन भर चले इस कैंप में महिलाएं, ग्रामीण और बुजुर्गों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। कैंप में कई महिलाएं भी अपने बच्चों के साथ आई हुई थीं। चपरी गोंदलपुरा पंचायत के सुदूर गांव में से है, जहां इस तरह के मेडिकल कैंप से ग्रामीणों को बहुत राहत मिली है। वहीं, शनिवार को हरली स्थित हरिजन मोहल्ले में हजारीबाग के जेनरल फिजिशियन डॉक्टर विजय कुमार ने 43 मरीजों की जांच की। इस दौरान डॉक्टर ने ग्रामीणों के ब्लड प्रेशर, वजन, धड़कन और नब्ज की जांच की और उनके सामान्य शारीरिक फिटनेस की जानकारी ली। कई ग्रामीणों ने डॉक्टर से अपने आंखों की समस्याएं, तनाव, डायबिटीज, कमजोरी, बॉडी पेन, कफ, कोल्ड, फीवर, त्वचा संबंधित बीमारियां और बैक पेन आदि की शिकायत की। कैंप में डॉक्टर ने दवाओं के साथ सभी ग्रामीणों को आवश्यक सलाह देते हुए उनका अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया। डॉक्टर ने यह भी कहा कि ठंड के मौसम में लोग अपने साथ-साथ बच्चों का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि सर्दी, खांसी और जुकाम जैसे तरह-तरह के वायरल और दूसरी बीमारियों से बचने के लिए सावधानी बेहद जरूरी है।

## अंबा प्रसाद के प्रयासों से लगभग एक करोड़ की लागत से होगा रिटेनिंग वॉल का निर्माण



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की अनुशंसा एवं लगातार किए गए प्रयासों की बदौलत ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल से बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सिरमा पंचायत अंतर्गत ग्राम पडरिया मे हहारो नदी में रिटेनिंग वॉल का निर्माण होगा। ज्ञातव्य हो कि लगातार नदी के पानी के कटाव के कारण सिरमा पडरिया से प्रखंड मुख्यालय जाने वाले रोड का धसने का खतरा बना हुआ रहता था जिसके लिए विधायक अंबा प्रसाद ने लगातार कई बार मामले को जिला मुख्यालय में उपायुक्त के समक्ष समेत समय-समय पर होने वाली बैठकों में जोरदार तरीके से रखा एवं नदी के बहाव से कट रहे मिट्टी के रोकथाम के लिए गार्डवाल बनाने की बात कही थी जिस पर अंततः ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल हजारीबाग के द्वारा रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गई है एवं जल्द ही निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात नदी के बहाव से होने वाले मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए रिटेनिंग वॉल का निर्माण 98 लाख 76 हजार 600 की लागत से कराया जाएगा इस अवसर पर विधायक ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि उक्त क्षेत्र के लोगों ने कई बार गढ़वाल बनाने की मांग की थी जिस पर मैंने उपायुक्त हजारीबाग से कई बार मुलाकात कर गार्डवाल बनाने का निवेदन किया था इसके साथ ही जिला स्तरीय कई बैठकों में इस मामले को उठाया था और अब इस कार्य के लिए निविदा जारी कर दी गई है बहुत जल्द निर्माण कार्य चालू होगा ।

## 17 वर्षों में नहीं बन पायी 16 किलोमीटर सड़क

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। शहर की आबादी बढ़ने के कारण लंबी दूरी की गाड़ियों के लिए शहर से सटे रिंग रोड निर्माण प्रस्ताव सरकार का है। इसके लिए लगभग 17 गांव मासीपीढी, सिरसी, डामोडीह, खपरियावां, सिंदूर, नावाडीह, मंडई खुर्द, मंडई कला, अलगडीहा, रोमी, अतिया, गदोखर, कस्तूरी खाप, कदमा, सलगावां, मसरातू के कुछ जमीनों को चिन्हित कर अधिग्रहण कर रिंग रोड को बनाना था। रिंग रोड का कार्य 2004 में आरंभ हुआ था उस समय इसकी लागत मात्र 52 करोड़ रुपया था। वर्ष 2011-12 में इसकी लागत बढ़कर 177 करोड़ 99 लाख 57900 गया। वर्ष 2014- 15 में इसका लागत बढ़कर 223 करोड़ 15 लाख हो गया। 2018 में इसका लागत वर्कर 400 करोड़ रूपया हो गया और अभी वर्तमान में इसका लागत बढ़कर लगभग 700 करोड रुपया हो गया है। यह चिंतन-मनन की बात है कि जिस रिंग रोड को 52 करोड रुपैया में बनना था उसकी लागत अब 700 करोड़ हो गई है और अभी तक पूर्ण रूप से जमीन अधिग्रहण का काम नहीं हुआ है। रोड बनने की बात तो दूर है, लगभग 18 वर्ष में नहीं बन पाया 16 किमी सड़क, जबकी इसी बीच राज्य के कई फोर लेन बन कर पुर्ण हो गई। इस बाबत सीपीआई एम नेता गणेश कुमार सीटू ने उपायुक्त, हजारीबाग को पत्र लिख कर रिंग रोड के लिए जरूरी जमीन का अधिग्रहण कर कार्य तत्काल आरंभ करवाने की मांग की है।

## केरेडारी थाना में विशेष भर्ती शिविर 20 को

केरेडारी(आजाद सिपाही)। आगामी 20 दिसम्बर को केरेडारी थाना में विभिन्न पदों पर बहाली हेतु एक शिविर लगाया जायेगा। इस शिविर में विशेष भर्ती अभियान के बाद विभिन्न पदों पर सीधी नियुक्ति की जायेगी इस शिविर में क्षेत्र के युवा भाग ले सकते हैं सुरक्षा जवान के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास व उम्र 21 से 37 वर्ष के बिच होनी चाहिए जबकि ऊंचाई 168 सेमि व वजन 56 किलो इसी प्रकार सुरक्षा सुपर वाईजर के लिए भी 21 से 37 वर्ष व शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम बारहवीं पास व ऊंचाई 170 सेमि व वजन 56 किलो होना चाहिए। वहीं सुरक्षा जवान के लिए वेतनमान 12 से 15 हजार व सुपर वाईजर के लिए 16 से 19 हजार होगो इस बाबत केरेडारी थाना प्रभारी साधन चन्द्र गोराई ने कहा की प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से बेरोजगार युवा इस भर्ती शिविर में शामिल हो सकते हैं,जो इस शिविर में शामिल होना चाहते हैं वे अपना आधार कार्ड शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छाया प्रति व अपना बायोडाटा लेते आएंगे।

## बहेरा पंचायत में सीमाकरण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश



चरही (आजाद सिपाही)। चरही कोयलांचल क्षेत्र के बहेरा पंचायत के बहेरा, कजरी, एंव फुसरी में सीसीएल महाप्रबंधक निरज सिन्हा के द्वारा शनिवार को सीमाकरण किया गया और पीलर को गाड़ा गया है जिसका ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए पंचायत के मुखिया देवकी महतो से शिकायत किया है महतो ने सीसीएल महाप्रबंधक को एक पत्र लिखकर कहा है कि सीसीएल महाप्रबंधक के दबंगई चर्म सिमा पार कर गया है पुर्व में ग्रामीणों का जमिन अधिग्रहण कर सीसीएल का खदान चल रहा है जो कई शालो बित चुका है और अभी तक रैयत को नौकरी मुआवजा नहीं मिल पाया है जिससे कई मर्तबा अंदोलन के माध्यम से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया है। वर्तमान का हलात यह है कि बिना ग्रामीणों व रैयत के सुचना या पंचायत के मुखिया को सुचना के बगैर जबरन सिमाकण किया जा रहा है पत्र के माध्यम से महाप्रबंधक को अवगत कराया गया है इसी प्रकार का मनमानी किया गया तो पंचायत के रैयत ग्रामीणों ने बाध्य होकर उग्र आंदोलन करेगा।

# ठेकेदार पर हमला करने वाला पांडे गिरोह का चार शूटर गिरफ्तार

## पांडे गिरोह ने देवांशु से मांगी थी रंगदारी, नहीं देने पर किया जानलेवा हमला : पीयूष पांडेय

**घटना में प्रयुक्त मेड इन यूएसए ऑटो पिस्टल और गोली बरामद**

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** शहर में ठेकेदार देवांशु साहा पर जानलेवा हमला करने वाले पांडे गिरोह के चार शातिर सदस्यों को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। पांडेय गिरोह ने ही रंगदारी के लिए घटना का अंजाम दिया था। मामले का खुलासा शनिवार को रामगढ़ एसपी पीयूष पांडेय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया है। उन्होंने बताया है कि पांडेय गिरोह के चार लोगों ने मिलकर ठेकेदार पर जानलेवा हमला किया था।



### इनकी हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार अपराधियों में रामगढ़ शहर के थाना चौक निवासी गोलू कुमार वर्मा, कुज्जू आरा कांटा 7 नंबर निवासी ध्रुव उरांव, दिग्वार निवासी सूरज साहू और हजारीबाग जिले के गिद्दी थाना क्षेत्र गिद्दी वासरी कॉलोनी निवासी मिलन तूरी शामिल है।

### वारदात में प्रयुक्त हथियार पुलिस ने किया जब्त

एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि वारदात में प्रयुक्त हथियार, मोबाइल और बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। देवांशु पर जिस पिस्तौल से 4 गोलियां चलाई गई थी , वह पिस्तौल मेड इन यूएसए है। पुलिस ने मिलन तूरी के पास से 7.65 एमएम की 5 गोलियां भी जब्त की है। ऑटो पिस्टल से ही देवांशु पर गोलियां चलाई गई थी। इसके अलावा पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से 7 मोबाइल, बजाज पल्सर मोटरसाइकिल और एक पिट्ठू बैग भी जप्त किया है।

### हरदेव कंस्ट्रक्शन पर गोली चलाने वाला अपराधी हुआ गिरफ्तार

**रामगढ़।** पतरातू पुलिस ने हरदेव कंस्ट्रक्शन पर गोली चलाने वाले अपराधी को भी गिरफ्तार किया है। शनिवार को एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि 6 दिसंबर को पतरातू थाना क्षेत्र में पांडे गिरोह के ही कुछ अपराधियों ने गोलीबारी कर तांडव मचाया था। उस मामले में फरार पांडे गिरोह के एक सदस्य गुड्डू राजवंशी उर्फ किष्टो को गिरफ्तार किया गया है। शहीद चौक पतरातू के रहने वाले गुड्डू राजवंशी को पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत तीसीबार इलाके से पकड़ा गया है। गुड्डू मूल रूप से पलामू जिला का ही रहने वाला है। इस वारदात को अंजाम देने के बाद वह उसी इलाके में जाकर छुप कर रहा था। इससे पहले अपराधियों को पतरातू और भुरकुंडा क्षेत्र में तांडव मचाने के लिए गिरफ्तार किया गया था। अब तक रामगढ़ जिले में गोलीबारी कर रंगदारी वसूलने के लिए हुई 3 वारदातों में कुल 12 लोगों को पकड़ा गया है। वे सभी लोग पांडे गिरोहों से ही तालुकात रखते हैं।

#### हर हाल में कसेगा अपराधियों पर शिकंजा

एसपी ने बताया कि रामगढ़ जिले में अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पहले ही सीसीए लगाने का निर्देश जारी किया गया है। जिले के तमाम थाना प्रभारियों को आदेश दिया गया है कि वे अपने क्षेत्र में होने वाले वारदात में शामिल लोगों को सलाखों के पीछे भेज दें। अगर फरार अपराधी हैं तो उन पर सीसीए लगाने के लिए रिपोर्ट भेजें, ताकि रामगढ़ जिले में शांति व्यवस्था कायम हो सके।

#### एसआइटी में थे शामिल

एसआईटी में रामगढ़ थाना के पूअनि रघुनाथ सिंह, दारोगा सोनू कुमार, दारोगा शशि प्रकाश, अफजल अंसारी, प्यारे हसन, पतरातु थाना प्रभारी गौतम कुमार, अमित कुमार, सोनू कुमार साहू, मयंक प्रसाद सहित सदलबल शामिल थे।

#### एसआइटी टीम की अगुवाइ कर रहे एसडीपीओ किशोर कुमार रजक

एसपी ने बताया कि उन पर गोली चलाने वालों को गिरफ्तार करने के लिए एसडीपीओ किशोर कुमार रजक के नेतृत्व में एसआईटी बनाई गई थी। इसके बाद पुलिस ने जब चार अपराधियों को गिरफ्तार किया तो पूरे मामले से पर्दा उठ गया।

#### 8 दिसंबर को चली थी गोली

ठेकेदार देवांशु साहा को जान से मारने के लिए 8 दिसंबर को बिजोलिया रेलवे ओवर ब्रिज के पास अपराधियों ने दिनदहाड़े हमला किया था।

## बीमार जिला उपाध्यक्ष से मिले प्रदेश अध्यक्ष



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला अग्रवाल टोला निवासी सह कोंग्रेस के जिला उपाध्यक्ष जनार्दन पाठक पिछले एक माह से बीमारी से ग्रसित हैं। इसकी जानकारी मिलते ही शनिवार को कोंग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उनका हालचाल लेने के लिए उनके घर पहुंचे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने बीमार पाठक जी से पूरी जानकारी ली। जिसमें उन्होंने बताया कि पिछले दिनों उन्हें ब्रेंड हेमरेज आया था।और उनका इलाज रिम्स में कराया गया। इसपर प्रदेश अध्यक्ष ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की।इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने गोला प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी के घर पहुँचे। यहाँ पर प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पिछले दिनों प्रखंड अध्यक्ष की माँ का निधन हो गया था। इसकी जानकारी मिलते ही वे पहुँचे है। साथ ही उन्होंने भगवान से इस दु:ख की घड़ी में भगवान से पीड़ित परिवार को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मौके पर कमाल शहजादा, बजरंग महतो, शंकर करमाली,सुनील कुशवाहा,गुलाम सरवर आदि मौजूद थे।

## दुलमी कांग्रेस प्रखंड में भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का आयोजन

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी चौक में दुलमी प्रखंड कांग्रेस कमेटी की ओर से भारत जोड़ो यात्रा का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य रुप से उपस्थित कांग्रेस प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष प्रकाश करमाली के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र में यात्रा निकाला गया उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी के निदेर्शानुसार भारत जोड़ो यात्रा का आयोजन किया गया इस मौके पर सुधीर मंगलेश कांग्रेसी नेता व ईचातु पंचायत के पूर्व मुखिया प्रदीप सिंह एवं सेवादल के प्रदेश सचिव परमानंद सिंह एवं दुलमी प्रखंड महासचिव अल्ताफ अंसारी इनाम अंसारी क्यामुद्दीन अंसारी अजय कुमार भोक्ता लिलेश्वर महतो प्रेम प्रकाश गुप्ता छोटन कुमार महतो चमन भोक्ता सिकंदर महतो मोइन अंसारी तौफीक अंसारी राज कपूर करमाली अलीम अंसारी युसूफ अंसारी मनोज करमाली नागेंद्र महाली पंकज कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## न्यू डॉन बास्को स्कूल में अभिभावकों के लिए विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जवाहर नगर स्थित न्यू डॉन बास्को स्कूल में शनिवार को अभिभावकों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में बच्चों संग अभिभावकों ने भी बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। मौके पर स्कूल के प्रबंधक अंगद राय ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली माताओं को बधाई देते हुए बताया कि आगामी 31 दिसंबर को विद्यालय का 44वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी जायेगी। साथ ही प्रतियोगिता के सफल अभिभावकों को उपहार देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत भी किया जायेगा। प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्कूल के प्रबंधक अंगद राय, शिक्षिका मधु कुमारी, संतोष कुमार, ज्योति कुमारी, शाहीन, प्रेरणा, शाक्षी, काजल सहित विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा।

## मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना में कुजू की छात्रा फरहा रही सफल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति योजना 2022 में मुरपा(कुजू) स्थित बालिका उच्च विद्यालय कक्षा 8 की छात्रा सह पुराना बाजार कुजू निवासी फरहा नाज पिता अनवर अंसारी ने सफलता प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्रा फरहा नाज ने 73.89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर 1563 रैंक हासिल की है। विद्यालय परिवार इनकी सफलता पर छात्रा को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बधाई देने वालों में सचिव अंशु गुप्ता, प्रधानाध्यापक कुलदीप प्रसाद, शिक्षक शिशुपाल महतो, राकेश कुमार महतो, बबीता कुमारी, बुलंद अख्तर रिजवी, सुधीर कुमार पांडेय, सुरेंद्रनाथ रजक, रामनरेश शर्मा शामिल रहे।

## सीसीएल तोपा पीट ऑफिस से बाइक चोरी

**कुजू (आजाद सिपाही)।** सीसीएल तोपा परियोजना अंतर्गत पीट आफिस के रेस्ट शेल्टर में खड़ी बाइक चोरी हो गयी। इस मामले में भुक्तभोगी डम्पर आपरेटर के पद पर कार्यरत सह तोपा निवासी वाजिद आलम ने कुजू ओपी में आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन में लिखा है कि अपने साला कंडेर बोकारो निवासी असगर अंसारी की सुपर स्प्लेंडर प्लस बाइक संख्या जेएच02जी-3594 रेस्ट शेल्टर में खड़ी कर माइंस डयूटी चले गए। संध्या 6 बजे डयूटी से लौटने पर रेस्ट शेल्टर से बाइक गायब थी। काफी खोजबीन के बावजूद उन्हें बाइक नहीं मिली।

## फरार वारंटी सुरेश राणा गिरफ्तार

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** स्थानीय टंडवा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार फरार वारंटी 45 वर्षीय सुरेश राणा पिता बेचन राणा पदुमपुर, टोला कसियाडीह, थाना-टंडवा,निवासी को उनके घर से गिरफ्तार किया है । प्राप्त जानकारी के अनुसार ये पूर्व में उग्रवादी कांडों में संलिप्त रहे हैं ।इनके विरुद्ध सीएलए एक्ट तथा यूएपी एक्ट में कांड दर्ज है। ये 2014 से फिरार थे। कोर्ट द्वारा इन्हें फरार घोषित किया गया था।

## विद्युत विभाग की बैठक संपन्न



**कुजू (आजाद सिपाही)।** विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल कार्यालय कुजू के सभागार में एसडीओ हरिमोहन चौधरी की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक के दौरान मौजूद ऊर्जा मित्र और कर्मियों को राजस्व संग्रहण, बकाया राशि, विद्युत विच्छेदन समेत विभिन्न बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही ऊर्जा मित्रों व कर्मियों को साफ निर्देश दिया गया कि अनमीटर उपभोक्ताओं का बिलिंग नहीं करने की, क्षेत्र के उपभोक्ताओ की सूची उपलब्ध कराने, बकाया बिजली बिल जमा कराने व मीटर लगाने के उपरांत ही लाइन चालू करने को कहा। वही, बिना मीटर के बिजली जलाते पाए जाने पर विभागीय नियमानुसार कार्यवाई करने, आगामी 20 तक वाणिज्य उपभोक्ताओं का 90% एवं घरेलू उपभोक्ता का 65% तक विपत्र निर्गत करें। साथ ही, मीटर लगाने एवं मीटर उपभोग करने पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 100 यूनिट तक घरेलू टैरिफ में विभागीय छूट प्रदान करने, 4000 से अधिक बकाया बिजली भुगतान की सूचना देकर भुगतान नहीं करने पर बिजली काटने का निर्देश दिया।

## केवि पतरातू में 38वां वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**पतरातू (आजाद सिपाही)** ।पतरातू स्थित केन्द्रीय विद्यालय में शनिवार को विद्यालय परिसर में 38वां वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रत्येक कक्षा के बच्चें के लिए खेल का आयोजन किया गया था। इसमें 100 कीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, गोली चम्मच दौड, बोरा दौड़,.लॉलीपॅप दौड़ सहित कई प्रकार के खेल कूद शामिल थे। इसके पूर्व केवि प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष अमित कुमार, ने मशाल जलाकर प्रतियोगिता की शुरूआत की। इसमें विजयी प्रतिभागियों को अमित कुमार के द्वारा पुरस्कार का वितरण यिा गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य आरसर गोंड़ सहित विद्यालय के अभिवाहक मौजूद थे।

## स्वाच्छ पंचायत बनाने को लेकर हफुआ पंचायत में हुई बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंडमें हफुआ पंचायत के पंचायत सचिवालय में ग्राम जल स्वच्छता समित की आम सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया सारो देवी ने की। इसमें पुरे पंचायत में सुखा व गीला कचरा के प्रबंधन के लिए रणनीति बनाई गई। साथ ही इसमं आने वाले खर्च पर भ्झी चर्चा की गई। और गांव व पंचायत में जागरुकता के लिए धर घर जाकर लोगों को कचरा से हो वालने नकसान के विषय में बताने की जरुरत पर बल दिया गया। मौके पर जलसहिया साबरा खातुन, ईस्लाम अंसारी, पंसस ममता देवी, रुबी देवी, बंधन गंझु, मगदली तिग्गा, गीतादेवी, प्रियंका कुमारी, लखन भुईयां, लखन भुईयां, महेश सिंह, बिरबल सिंह, अंजु देवी, सुनील कुमारी, आनंद गंझु पंचायत सचिव मोहन राम, सहित दर्जनों अन्य ग्रामीण शामिल थे।

## टेबल टेनिस नेशनल गेम में भाग लेने के लिए जेएम कॉलेज के विद्यार्थी असम रवाना

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज के दो विद्यार्थी टेबल टेनिस नेशनल गेम में भाग लेने को ले शनिवार को असम गुवाहाटी के लिए रवाना हुए। विद्यार्थियों को जीत के लिए शुभकामनाएं देकर रवाना करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विद्यानंद तिवारी ने बताया कि राज्य सरकार व विनोबा भावे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित टेबल टेनिस नेशनल में जेएम कॉलेज के दो छात्र शिवम कुमार सुमन व राहुल कुमार का चयन हुआ था। प्राचार्य ने बताया कि सरकार द्वारा खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि हजारीबाग विनोबा भावे विश्वविद्यालय से तीन लड़कों का चयन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसमें दो छात्र जेएम कॉलेज व चतरा जिला के एक छात्र आदित्य कुमार का चयन हुआ है जो असम गुहाटी के लिए रवाना हुए। वहीं गुहाटी में बेहतर प्रदर्शन कर लौटी जेएम कॉलेज की ही दो छात्रा आस्था रानी व अंजली कुमारी को भी बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्राचार्य विद्यानंद तिवारी ने विभावि से जेएम कॉलेज में टेबल टेनिस और चेस प्रतियोगिता कराने का भी आग्रह किया है। चयनित प्रतिभागी के साथ जेएम कॉलेज के शिक्षक सह ट्रेनर डॉ आरपी सिंह भी रवाना हुए। ज्ञात हो कि प्रतिभा शिवम कुमार सुमन टीवी चैनल रिपोर्टर बिरेंद्र भगत का पुत्र है। मौके पर प्राचार्य डॉ विद्यानंद तिवारी, डॉ अरविंद कुमार सिंह, चिंटू सिंह आदि मौजूद थें।



## विस्थापित मोर्चा की बैठक

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के खैरा मांझी द्वारे पास शनिवार को विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक आदित्य नारायण प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन परमानंद कुमार ने की। इसमें सांकुल गांव के धीरजु प्रजापति के साथ दुर्गा ट्रांसपोर्ट के साथ की जा रही मनमानी के खिलाफ विरोध दर्ज किया गया। और उसे न्याय दिलाने तक संग्रार्ष करने का संकल्प लिया गया। इसके साथ ही पीवीयुएनएल में काम कर रही कंपनीयों के द्वारा बाहर से मजदूर लाकर यहां के विस्थापितों के हक मारी करने के खिलाफ 28 दिसंबर से बाहरी मजदूर भगाव अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। मौके पर राजारम प्रसाद, किशोर महतो, अब्दुल कयुम अंसारी, कौलेश्वर महतो, पार्वती कुमारी, आशा देवी, संध्या देवी सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण शामिल थे ।

## जुबिली कॉलेज में व्याख्यान माला का आयोजन

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जुबिली कॉलेज भुरकुंडा में दो दिन से चल रहे विभिन्न विषयों पर व्यख्यान माला का शनिवार को समापन हुआ। गणित, अर्थशास्त्र, दर्शनशास्त्र, खोरठा और कुरमाली विषय पर विभिन्न कॉलेजो से आये व्यख्याताओं ने प्रकाश डाला। व्याख्यान में पीटीपीएस कॉलेज के गणित सहायक व्याख्याता कुमार मनोज ने मैथेमेटिकल इंडेक्शन पर अपने विचार प्रकट किए। डॉ. विजय कुमार सिन्हा ने अर्थशास्त्र में इफेक्ट ऑफ कोविड इन एमएसएमई पर अपना व्याख्यान दिया। बीएड कॉलेज के प्रो. डॉ. मनोरमा शरण ने जैन धर्म में संयमवाद पर अपने विचार रखे। खोरठा विषय पर डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर ने खोरठा का उद्भव एवं विकास और डॉ. बीरबल महतो ने कुरमाली गीतों का प्राकृतिक चित्रण पर प्रकाश डाला। पांचो व्याख्यान में विशेषज्ञों ने विशिष्टता दिखाई। आईक्यूएसी व संबंधित विभाग द्वारा आयोजित व्याख्यान माला की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आरके दास ने की। व्याख्यान माला में दर्जनों शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थें।

## एटक के 42वें महाधिवेशन का हुआ शुभारंभ



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन संघ (एटक) का पांच दिवसीय 42वां महाधिवेशन केरल के अल्फुजा में शुरू हुआ। इसका शुभारंभ एटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद रमेन्द्र कुमार ने झंडोतोलन कर किया। इसके बाद एटक महासचिव अमरजीत कौर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। महाधिवेशन को संबोधित करते हुए रमेन्द्र कुमार ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन के रीढ़ होते हैं। उन्होंने कहा कि यह महाधिवेशन कई मायनों में ऐतिहासिक होगा। साथ ही यह कार्यकताओं में नये ऊर्जा का भी संचार भरेगा। महाधिवेशन में वर्ल्ड फेडरेशन ट्रेड यूनियन के महासचिव पाम्बईस कयरितसिस द्वारा विश्व स्तरीय संदेश दिया गया। मौके पर एटक के केंद्रीय सचिव विद्यासागर गिरी, झारखण्ड राज्य से प्रतिनिधित्व कर रहे विधायक सीता सोरेन, ढुल्लू महतो, कोल फेडरेशन के केंद्रीय सचिव नरेश मंडल, अशोक यादव, विनोद बिहारी पासवान, सतीश केशरी, सतीश सिन्हा, रोशन लाल चैधरी, प्रेम कुमार, अरबिंद शर्मा, विनोद मिश्रा, रामजी साह, सुनील साव, दीपांशु कुमार आदि मौजूद थें।

## तीन दिवसीय हरि कथा आज से

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित एकल अभियान के तहत तीन दिवसीय हरि कथा का आयोजन होने जा रहा है स यह आयोजन हॉस्पिटल कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के समीप रविवार शुरू होना है। उक्त जानकारी देते हुए संघ के राजेश सिन्हा ने सनातन धर्म प्रेमियों से अपील करते हुए भारी से भारी संख्या में शामिल होने की अपील की है। साथ ही हरि कथा सुनकर अपने जीवन को सुखमय बनाने की बात कही है।

## भद्रकाली कॉलेज ने चलाया जागरूकता अभियान

**चतरा ।** इटखोरी प्रखंड के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान भद्रकाली महाविद्यालय में शनिवार को कॉलेज के एनएसएस इकाई 1 एवं 2 के तत्वाधान में प्रखंड के परसौनी पंचायत के हरिजन बहुमूल्य गांव केशोटाड में जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पोस्टर बैनर एवं स्लोगन लिखे तख्तियों के साथ एक जुट होकर घर- घर जाकर लोगों के बीच जागरूकता चलाया। लोगों के बीच शिक्षा, साक्षरता का महत्व, मौसमी बीमारियों से रोकथाम के उपाय डायन बिसाही तथा अन्धविश्वाश से दूर रहने, नशापान से दूर रहने तथा स्वक्षता का महत्व सहित सरकारी योजनाओं का लाभ लेने संबंधी जानकारियां दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अथिति भाजपा नेता सुजीत भारती ने संबोधित करते हुए कहा की इस प्रकार के कार्यक्रम से लोगों के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

### आजाद नगर मिश्रोल में नाई समाज की बैठक

## विधायक किशुन दास ने घोषणा की 10 लाख रुपये से होगा कपूर्री भवन निर्माण

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** अखिल भारतीय नाई समाज टंडवा केरेडारी इकाई की निर्धारित बैठक आजाद नगर मिश्रोल में बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता सचिन कुमार,संचालन अशोक ठाकुर ने किया।मुख्य रूप से कपूर्री जयंती 2023 हर्षोउल्लास से मनाने की तैयारी पर चर्चा किया गया।समाज के प्रबुद्ध राजेश कुमार ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा की नाई समाज की उत्थान संभव है। इसके लिये समाज के लोग को बड़ी सोच के साथ अच्छे कर्म और लोगो की भावनाओ को समझने पर जोर देना चाहिये,तभी खुद में विकास के साथ समाज उधार सम्भव है।एकांकी जिंदगी जीने वाले का विकास नही होता।समाज के साथ जुड़ के खुद को परखने एव व्यक्तित्त्व पर झाँकने से स्वयं का नही बल्कि समाज के साथ साथ राष्ट्र की सेवा हो जाती है।तभी कपूर्री ठाकुर की पद चिन्हों पर चलने का सम्मान प्राप्त होगी।उतरी क्षेत्र के वरिष्ठ टोलेश्वर ठाकुर,वरिष्ठ प्रबुद्ध गोविंद ठाकुर ने स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास को आभार प्रकट किया। उनकी सोच सभी समुदाय को एक समान नजर से विकास के पथ पर लाते हुये विधायक निधि से 10 लाख रुपये से टाऊन हॉल के निकट कपूर्री भवन निर्माण कार्य शुरू होगी। इस मौके पर शिक्षक मनोज ठाकुर, सुरेश ठाकुर, छोटू ठाकुर, संजय शास्त्री, प्रकाश ठाकुर पेटो, सरोज ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर, नकुल ठाकुर, रमवतार ठाकुर, रामसेवक ठाकुर, शौहर ठाकुर, महेश ठाकुर, समेत कई उपस्तिथ थे।



## डॉ कृष्ण कुमार ने सिविल सर्जन कार्यालय और सदर का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रमुख डॉ कृष्ण कुमार शुक्रवार को चतरा पहुंचे। इस क्रम में उन्होंने सिविल सर्जन कार्यालय के साथ साथ सदर अस्पताल का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में डॉ अरुण कुमार और डॉ पंकज कुमार सिन्हा लंबे समय से फरार पाए गए। बावजूद उनकी उपस्थिति को सीएस और डीएस के द्वारा नहीं काटी गई थी। ऐसी ऐसी अनियमितता को देखकर निदेशक प्रमुख आग बबूला हो गए और सिविल सर्जन डॉ एस एन सिंह और डीएस डॉ मनीष लाल को न सिर्फ जमकर फटकार लगाई बल्कि दोनों चिकित्सकों को अपने सामने हाजरी कटवाते हुवे दोनों पदाधिकारियों से हस्ताक्षर दर्ज करवाया। इतना ही नहीं निदेशक प्रमुख से स्थानीय लोगों ने डॉ राजीव राजन के द्वारा उपस्थिति दर्ज कर फरार रहने की भी शिकायत की। जिसकी उन्होंने ओपीडी पंजी की जांच की। ड्यूटी से लगातार डॉ राजीव राजन फरार मिले। उनकी भी उन्होंने हाजरीकाटते हुवे स्पष्टीकरण करने का निर्देश सीएस को दिया।



## मनवाटोंगरी के भू-रैयत सीसीएल की नीति से खुश नहीं, घरों के सर्वे का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र के विस्तारीकरण में सर्वाधिक बाधक बना मनवाटोंगरी के निवासियों द्वारा मुआवजा व नौकरी मिलने से पूर्व शुक्रवार को सर्वे का तीखा विरोध किया गया। लोगों की मानें तो भूरैयतों के हक-अधिकारों को लेकर जारी अड़ियल रवैये से अब उनका आसानी से विस्थापन संभव नहीं है। आपको बता दें इस बावत मनवाटोंगरी में सीसीएल प्रबंधन के जीएम अमरेश कुमार सिंह,पीओ देवेन्द्र कुमार व आरएंडआर विभाग के नोडल अधिकारी नरेंद्र कुमार द्वारा भूरैयतों के बीच जमकर कसरत करते हुए विस्थापन-पुर्नवास के अनेकों फायदे बताने और समझाने के बावजूद लोगों ने उनकी एक नहीं मानी। ग्रामीण एक माह पूर्व जमा किये गये अपने जमीनों के बदले नौकरी व मुआवजा मिलने तक घरों की मापी करने का एक स्वर में कड़ा विरोध किया।प्रबंधन ने पत्रांक 470 दिनांक 9 दिसंबर 22 को सूचनार्थ प्रेषित पत्र की जानकारी होने से भी भूरैयतों ने साफ इंकार कर दिया। वहीं इस बैठक में कई भूरैयतों ने सीसीएल प्रबंधन के प्रति वादा खिलाफी का आरोप लगाया, जिससे यहां प्रबंधन के प्रति भूरैयतों का अविश्वास साफ -साफ दिखायी दिया। इस मौके पर सीआइ शंकर रविदास, राजस्व कर्मचारी सतीश प्रसाद व अभिषेक कुमार,भूरैयत बैजनाथ राम, रमेश वर्मा,कौलेश्वर राम, दुर्योधन राम,टिंकु राम समेत कई उपस्तिथ थे।



पूर्व मध्य रेल

निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या 03-MC-RSP-BOBRN-2022-23 दिनांक 16-12-2022

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा (e-open tender) Two Packet System मे आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम तथा स्थान : धनबाद मंडल के अन्तर्गत BOBRN वैगन (मात्रा-200 संख्या) का पुनर्वास कार्य। 2. कार्य का अनुमानित लागत: रू. 16,99,73,372.00 (रूपया सोलह करोड़ निनानबे लाख तिहत्तर हजार तीन सौ बहत्तर) मात्र। 3. बयाना राशि: रू. 9,99,900/- (रूपया नौ लाख निनानबे हजार नौ सौ) मात्र। 4. निविदा जमा करने का तारीख तथा समय : ई-निविदा जमा करने का तारीख 23.12.2022 से 06.01.2023 को 17.00 बजे तक। 5. निविदा खुलने का तारीख तथा समय: 09/01/2023 को 12.30 बजे। 6. Pre-Bid Meeting तारीख, समय तथा स्थान : 23/12/2022 को 1:00 बजे पूर्वाह्न, स्थान : वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि), पू.म. रेलवे, धनबाद डीआरएम ऑफिस, धनबाद, 7. वेबसाईट विवरण : http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडि),
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/1701/डीएचएन/एमईसीएच/टी/22-23/40

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 18 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in


# सिनेमा की शक्ति

बॉलिवुड के दो सबसे बड़े सितारे, अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान गुरुवार को एक मंच पर थे। कोलकाता इंटरनैशनल फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए दोनों में से किसी ने भी हालिया विवादों का सीधे तौर पर जिक्र नहीं किया, लेकिन सशक्त अंदाज में मौजूदा दौर की उन प्रवृत्तियों को रेखांकित कर गये, जो देश में सिनेमाई रचनात्मकता के मार्ग में एक बड़ी बाधा के रूप में देखी जा रही है। शाहरुख खान की आने वाली फिल्म 'पठान' के गाने को लेकर उठा वह विवाद तो इन खतरों का सिर्फ एक पहलू है, जिसमें गाने को भगवे का अपमान बताया जा रहा है। कथित फ्रिंज एलीमेंट्स की बात तो छोड़िए, एक राज्य के गृहमंत्री तक ने गाने को आपत्तिजनक बताते हुए कहा है कि दीपिका कुछ साल पहले जेएनयू जाकर टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन करके अपनी मानसिकता का परिचय दे चुकी हैं। समझा जा सकता है कि किसी फिल्म का या उसमें दिखाये गये किसी शॉट का मूल्यांकन करने के लिए आज सरकार से जुड़े लोग भी किस-किस तरह की कसौटियां आजमा रहे हैं। यही कारण है कि बॉलिवुड में किसी भी नये प्रॉजेक्ट के लिए विषय का चयन एक बड़ी समस्या बन गया है। कोई नहीं जानता कि किस विषय से जुड़े किस पहलू को उभार कर फिल्म को विवादों में घसीट लिया जायेगा। मौजूदा विवाद में भी इस फिल्म को प्रदर्शित करने वाले सिनेमा हॉल को जलाने तक का आह्वान खुलेआम किया जा रहा है, लेकिन अभी तक उन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किये जाने की कोई सूचना नहीं है। फिर भी, यह उन खतरों का सिर्फ एक पहलू है। अपराध की छोटी-बड़ी घटनाओं के सहारे पूरी फिल्म इंडस्ट्री को बदनाम करने का ट्रेंड भी कुछ समय से काफी मजबूत होता दिखा है।

**शाहरुख खान की आने वाली फिल्म 'पठान' के गाने को लेकर उठा वह विवाद तो इन खतरों का सिर्फ एक पहलू है, जिसमें गाने को भगवे का अपमान बताया जा रहा है।**

चूंकि फिल्म इंडस्ट्री का अस्तित्व काफी हद तक समाज के बड़े हिस्से की फैन फॉलोविंग पर भी निर्भर करता है, इसलिए उसकी या उससे जुड़े व्यक्तित्वों की छवि पर हमला उसके रेवेन्यू मॉडल पर हमला है, जिसे हलके में लेना खुद इस इंडस्ट्री के लिए घातक हो सकता है। इन खतरों का तीसरा रूप है, इंडस्ट्री के अंदर देखा जा रहा वैचारिक विभाजन। हालांकि विचार रचनात्मकता को धार देने वाली चीज है, इसलिए वैचारिक आग्रह पहली नजर में नेगेटिव नहीं माने जा सकते, लेकिन इस समय दिख रहे विभाजन की खासियत यह है कि इसमें रचनात्मकता को ही ताक पर रख दिया गया है। वरना ऐसा नहीं होता कि गोवा फिल्म फेस्टिवल के लिए देश से भेजी गयी फिल्म को जूरी का अध्यक्ष सार्वजनिक रूप से वल्गर और प्रोपेगैंडा फिल्म बताता, पूरी जूरी उसके बयान के साथ खड़ी होती और हमारी फिल्म इंडस्ट्री शर्मिंदा होने के बजाय विरोधी और समर्थक में बंटी एक-दूसरे पर हमला करती नजर आती। जाहिर है, सिनेमा के अपने सॉफ्ट पॉवर को अगर हमें सुरक्षित रखना है तो यह सूरते हाल बदलना होगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भाजपा फरवरी 2023 में चुनावी प्रक्रिया शुरू होने से पहले एक खुली बहस के लिए एजेंडा तय कर रही है। पार्टी नौ राज्य विधानसभाओं और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले व्यवस्थित रूप से राजनीति की पिच तैयार शुरू कर रही है। 2024 का चुनाव एक बार फिर आर्थिक ब्लू प्रिंट पर नहीं लड़ा जा सकता। भारत भले ही छह फीसदी से अधिक वृद्धि के साथ बेहतर प्रदर्शन कर रहा हो, लेकिन यह मतदाताओं को लुभाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा।**

# अब भावनात्मक मुद्दों पर ध्यान देगी भाजपा

शिवाजी सरकार

भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए टोन सेट करना शुरू कर दिया है। उसने सुनिश्चित किया है कि इस बार अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि भावनात्मक मुद्दे सुर्खियों में रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात में 156 सीटों की रिकार्ड जीत के साथ भारतीय जनता पार्टी की मदद की। अब यह 2024 के लोकसभा चुनावों तक होड़ जारी रखने के लिए अर्थव्यवस्था को पार करने वाला एक तीव्र हिंदू बदलाव हो सकता है।

पार्टी अर्थशास्त्र और राजनीति से परे जाना पसंद करती है। भाजपा फरवरी 2023 में चुनावी प्रक्रिया शुरू होने से पहले एक खुली बहस के लिए एजेंडा तय कर रही है।

पार्टी नौ राज्य विधानसभाओं और 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले व्यवस्थित रूप से राजनीति की पिच तैयार शुरू कर रही है। 2024 का चुनाव एक बार फिर आर्थिक ब्लू प्रिंट पर नहीं लड़ा जा सकता। भारत भले ही छह फीसदी से अधिक वृद्धि के साथ बेहतर प्रदर्शन कर रहा हो, लेकिन यह मतदाताओं को लुभाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। भाजपा प्रचार के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ती है। यह दृष्टिकोण 2023 में उत्तर-पूर्व में 9 राज्यों मेघालय, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में अलग-अलग होगा।

**भाजपा फिर से ध्रुवीकरण और जनसंख्या जैसे मुद्दे का जुआ खेल सकती है।**

अप्रैल 2024 में लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम में चुनाव होने की संभावना है। भाजपा के चुनाव आयोजक जानते हैं कि विवाद वोट बटोरने वाले होते हैं। भाजपा फिर से ध्रुवीकरण और जनसंख्या जैसे मुद्दे का जुआ खेल सकती है। पार्टी अब लगभग पूरे देश में एक लहर पैदा करने के लिए समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को आगे बढ़ा सकती है। पर्सनल लॉ के मुद्दे पर चर्चा लगभग सभी भारतीयों को छूती है। एक छोटा-सा उदाहरण 9 दिसंबर को राज्यसभा में भाजपा सांसद किरोड़ी लाल मीणा द्वारा एक निजी सदस्य विधेयक पेश करने के साथ देखा गया।




**आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार ने विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यक समूहों के बीच सूक्ष्म प्रचार से लोगों को आकर्षित किया है। स्थानीय धार्मिक प्रतीकों को भी कई तरह से पेश किया जायेगा। अरुणाचल प्रदेश में डोनी-पोलो, सूर्य-चंद्र मंदिर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।**

उन्होंने यूसीसी को तैयार करने और इसे लागू करने के लिए एक पैनल की मांग की। यह मुद्दा राज्यसभा को विभाजित करता है। अपेक्षित रूप से कांग्रेस, टीएमसी, माकपा, आइयूएमएल, एमडीएमके, सपा और राजद ने हंगामे के बीच कड़ा विरोध दर्ज करवाया। अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने मत विभाजन की मांग की और प्रस्ताव के पक्ष में 63 और इसके विरोध में 23 मत पड़े। अभियान को धार देने के लिए यूसीसी को जनसंख्या नियंत्रण नीति से अलंकृत किया जायेगा।

अगर भाजपा सभी राज्यों में यूपीए-कांग्रेस द्वारा शुरू की गयी 10 साल पुरानी कारों को कबाड़ करने की नीति को बदलने पर ध्यान केंद्रित करेगी, तो यह कई करोड़ लोगों और उनके परिवारों के दिलों को यह बात छू जायेगी। यह मुद्दा भाजपा के लिए गेम चेंजर हो सकता है, क्योंकि स्विट्जरलैंड ने अनुचित तकनीकी बिजली खपत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों (इवी) को दूर करने के लिए पहला कदम उठाया है। यूपी, हरियाणा, उत्तराखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, पंजाब और कई अन्य राज्यों के किसानों में कारों और ट्रैक्टरों को जबरन कबाड़ करने के खिलाफ गुस्सा देखा जा रहा है।

एक बार फिर आदिवासियों और वंचित समूहों के लिए कई अन्य कार्यक्रमों के साथ-साथ मुफ्त भोजन की ढील को लोकसभा चुनाव तक विस्तार मिलने की प्रबल संभावना है। इस कार्यक्रम को कई चरणों में 2024 तक बढ़ाये जाने की संभावना है। अल्पसंख्यकों को प्रधानमंत्री आवास योजना आवासों के आबंटन, आर्थिक रूप से पिछड़ी श्रेणी (इडब्ल्यूएस) कोटे में नौकरी, धार्मिक विद्यालयों, मदरसों और कुछ अन्य कार्यक्रमों के आबंटन में विशेष सहायता दी जानी है। यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि पिछड़े अल्पसंख्यक समुदाय धीरे-धीरे हिंदू पार्टी की ओर आकर्षित हो रहे हैं।

आरएसएस नेता इंद्रेश कुमार ने विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यक समूहों के बीच सूक्ष्म प्रचार से लोगों को आकर्षित किया है। स्थानीय धार्मिक प्रतीकों को भी कई तरह से पेश किया जायेगा। अरुणाचल प्रदेश में डोनी-पोलो, सूर्य-चंद्र मंदिर पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मोदी ने कुछ समय पहले डोनी-पोलो एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। नागालैंड विविध है और इसी तरह इस क्षेत्र के अन्य राज्य भी हैं। संघ के एक नेता का कहना है कि संघ दशकों से प्रत्युत्तर के आदिवासी समूहों की सेवा कर रहा है। प्रत्येक राज्य के लिए तैयार किये गये विभिन्न कार्यक्रमों का उद्देश्य भगवा पार्टी के मूड को बदलना है। कल्याण और लोकप्रिय छवि पर ध्यान केंद्रित करने वाले प्रत्येक राज्य के लिए दृष्टिकोण, पैकेजिंग और तरीके विशेष हैं।

**(लेखक जहाजरानी मंत्रालय की सलाहकार समिति के सदस्य हैं)**

# यह रिश्ता क्या कहलाता है?

हेम श्रीवास्तव



जब पिछले गर्मियों की शुरुआत में ही अमेरिका ने अपनी सेनाएं अफगानिस्तान से हटाने की घोषणा की उसी समय चर्चा का यह बाजार गर्म हो उठा था कि अचानक से सैन्य वापसी से कौन से हालात उपजेंगे, क्या फिर से तालिबान उपज जाएगा या फिर पावर बैलेंस (संसार का) नयी करवट बैठेगा? क्या अफगानिस्तान में किसी दूसरे देश की घुसपैठ होगी या फिर कोई शरणार्थी समस्या होगी? इन चचाओं की मध्य में यह भी बात उठी थी कि भारत पर क्या प्रभाव होने वाला है हम बहुत लंबे समय के इतिहास को याद करें तो याद आएगा कि गाहे-बगाहे अमेरिका ऐसे कदम उठाता रहा है जो कि भारत के विरुद्ध गए हैं। हम जाने कितना विश्वस्तरीय संस्थाओं पर अमेरिका का भारी दबदबा रहा है और कहीं भी यूनाइटेड नेशन का कोई कदम ऐसा नहीं रहा जिसकी हम भारत के हितों के अनुरुप कह सकें। (डोनाल्ड ट्रंप के 4 वर्ष के कार्यकाल छोड़ दें)।

भारत पाकिस्तान के बीते युद्ध में भी अमेरिकी साजो सामान एवं शस्त्र पनडुब्बी, टैंक तभी पाकिस्तान को अमेरिका द्वारा प्रदान किए गये। पाकिस्तान भारत पर हमलावर रहा ,तो इसके पीछे अमेरिका द्वारा दिए गए भारी युद्ध हथियार ही है अपने दम पर वह हमला करने से रहा। इतना बड़ा अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय असंतुलन पैदा होगा क्या अमेरिका ने यह नहीं सोचा होगा?

अमेरिका दुनिया का चौधरी यूं ही नहीं रहा 50 वर्ष उसकी हर रणनीति सुविचारित होती है, विशेषकर, भारत के संदर्भ में हम देखें तो उसकी कोई भी नीति शायद ही भारत का भला कर गयी हो। आज तक भारत जिस कश्मीर समस्या से जूझता आया, क्या पाकिस्तान को अमेरिका का खुला समर्थन न मिलने की स्थिति में ऐसी समस्या होती?

इसी प्रकार, अफगानिस्तान से कदम खींचने के पीछे उसकी बहुत सोची समझी रणनीति रही होगी। ट्रंप जा चुके थे और जो बाइडेन की भारत के प्रति कितनी संवेदनाएं हैं यह बखूबी समझी जा सकती है, उस समय भी राष्ट्रवादी तबको में यह चर्चा थी कि जिस-जिस भारी साजो सामान एवं युद्ध सामग्री एवं वाहनों को अमेरिका अफगानिस्तान में ही छोड़ कर जा रहा है और भागने का अभिनय कर भी रहा है, क्या वह हथियार घूम फिर कर कश्मीर में नहीं आएंगे और भारतीय सेना के विरोध में नहीं प्रयुक्त होंगे? धारा 370 के हटमें के बाद कश्मीर के विरुद्ध क्षेत्रीय समीकरण बदल गये थे और अमेरिका ने निश्चित ही इसी के प्रत्युत्तर में यह रणनीति बनायी होगी, आज वह रणनीति बहुत धूर्तता पूर्ण रणनीति के रूप में समझ में आ रही है जिसे वर्तमान में केंद्रीय मोदी सरकार धीरे-धीरे योजनाबद्ध तरीके से सुलझते हुए आगे बढ़ रही है, यह तो समझ में आ रहा है कि इतने साजो सामान ही छोड़ना, दिशाहीन कदम नहीं था, इसके पीछे एक दिशा थी, जो सामान को येन केन प्रकारेण जिहादियों एवं मुजाहिदीन एवं तालिबानियों के हाथ में दे कर के कश्मीर में लड़ाके उतार देना था।

हम याद करें अमेरिका के हटने के बाद पाकिस्तान के एक वरिष्ठ मंत्री ने यह बात कही भी थी कि हमारे लड़ाके अब कश्मीर लाकर हमें देंगे उस समय यह बात हंसी में उड़ाई जा रही थी, लेकिन इसके पीछे एक गंभीर सत्य था और एक बड़ी तैयारी थी। सूत्रों की माने तो यह हथियार अब कश्मीर पहुंचने शुरू भी हो गये हैं और इनका प्रयोग भारतीय सेना पर किया भी जाने लगा है। जानकारी के अनुसार ऐसी गोलियां चलायी गयी है, जो भारतीय सेना के बुलेट प्रूफ जिरह बख्तर को भी भेद कर रहे हैं और उनकी भी जाने जाने जाने लगी हैं और अलग कैटेगरी के बुलेट प्रूफ बख्तर बनाने पढ़ रहे हैं या आयात करने पड़ रहे हैं । अब बताइए इस अमेरिका पर कब तक और कितना विश्वास किया जा सकता है ? हाल फिलहाल में भारत ने मित्रता का हाथ रूस से बढ़ाया है जो कि अमेरिका को हर प्रकार से नागवार गुजर रहा है, घुमा फिरा करके अमेरिका ने भारत के विरुद्ध आतंक को हथियारों की सप्लाई कर ही दी है यह तो पुराना वाला ही रिश्ता सामने आ रहा है। इस रिश्ते को खुली थूथू की जरूरत है।

## जमशेदपुर की खबरें

# भाजयुमो ने किया बिलावल भुट्टो जरदारी का पुतला दहन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर के जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा प्रदेश से निर्देशानुसार बिलावल भुट्टो तथा पाकिस्तान के खिलाफ बैनर एवं प्लेकार्ड लेकर पुतला दहन किया। शनिवार को सैकड़ों की संख्या में युवा मोर्चा भाजपा जिला कार्यालय से पैदल मार्च कर साकची गोलचकर में पाकिस्तान का पुतला दहन जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो न्युयार्क में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सारी हदें पार कर दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बद्तमीजी बड़ी टिप्पणी की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भी अमर्यादित टिप्पणी की है। उन्होंने कहा 135 करोड़ देशवासियों के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर गर्व है, जो निरंतर भारत को समृद्धि, संपन्न एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व के पटल पर रखने का काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि बिलावल भुट्टो का आपत्तिजनक बौखलाहट भरे बयान के कारण सभी देशवासी रोष में है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सड़क पर उतर कर पाकिस्तान एवं पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो का पुतला दहन कर जमशेदपुर महानगर में विरोध प्रकट कर रहे है। पुतला दहन के कार्यक्रम में भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता अमिताभ सेना पति, प्रदीप मुखर्जी, उमेश पांडे, श्वेता कुशवाहा, शशी यादव, सुमित श्रीवास्तव गणेश सरदार सनी संगीत अमित सिंह अभिषेक दे अंकित पांडे ओम सिंह विशू सिंह, राम सिंह, मनी ओझा, मुकेश सिंह, लोकनाथ त्रिपाठी, राहुल कुमार, सुशील पांडे, राहुल तिवारी, द्विपल विश्वास, उमेश साव, कंचन दत्ता, अंसुल कुमार, परवीन कुमार, दीपक नाग, दीपक तिवारी, गौरव साहू, निकी पत्रों सुधीर तिवारी अविनाश मिश्रा, विवेक श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# योगी यूथ बिग्रेड ने हाइकोर्ट के फैसला का किया स्वागत, खुशी में लड्डू बांटा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड हाइकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए योगी यूथ ब्रिगेड ने गोलमुरी गोलचक्कर में 50 किलो लड्डू का वितरण किया गया। ज्ञात हो की हिंदी, भोजपुरी, मगही, मैथली को झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग से स्थानीय भाषा के रूप में हटाए जाने पर योगी यूथ ब्रिगेड ने सड़को पर लगातार आंदोलन किया था। जमशेदपुर के उपायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर उनके माध्यम से राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा था। वहीं विरोध स्वरुप जमशेदपुर से मंत्री बन्ना गुप्ता का पुतला भी दहन किया गया था। जमशेदपुर से सांसद विधुत बरण महतो एवं सभी पार्टी के जिलाध्यक्षों से मिल कर अपनी भावना से अवगत भी कराया था। शनिवार को हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए लड्डू का वितरण किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष समरेश सिंह, प्रदेश सचिव श्रीकांत सिंह, संतोष सिंह, महानगर अध्यक्ष अनूप तिवारी, महासचिव कृष्णमोहन सिंह, प्रवक्ता प्रशांत बाजपेयी, सचिव मुकेश गुप्ता, रंजन सिंह, मिथलेश साव, पवन सिंह, रौनक सिसोदिया, रितेश सिंह और रवि शंकर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## विधायक लुआबसा पंचायत के ग्राम पूजा में हुए शामिल

# वाद्य यंत्र बजा कर झारखंडी संस्कृति को बचाये रखने का दिया संदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत लुआबसा पंचायत के समूटोला, खैरबनी के ग्रामीण व सामु मेमोरीयल क्लब द्वारा ग्राम पूजा का आयोजन किया गया। शनिवार को आयोजित ग्राम पूजा में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा सत्तारूढ़ दल के सचेतक सह जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। विधायक मंगल कालिंदी ने आयोजक कर्ताओं को प्रकृति की पूजा और झारखंड के संस्कृति को बचाये रखने के लिए शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से समाज मे आने वाले पीढ़ी को परम्परा व संस्कृति को आगे बढ़ाने में सहयोग मिलेगी। इस अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों के साथ झारखंडी वाद्य यंत्र बजाकर संस्कृति को बचाये रखने का संदेश दिया। वही विधायक ने ग्रामीणों के द्वारा आयोजित ग्राम पूजा में पूजा अर्चना कर राज्य की जनता के सुख शांति के लिए कामना की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान दिकु मेलगंडी, बिश्राम प्रसाद, झामुमो नेता पंकज गोप, रजनी दास, संग्राम हेमब्रम, राईमूल बांद्रा, रमेश मेलगंडी, मंगल समड, गुरुचरण भूमिज, चरण मेलगंडी उपस्थित रहे।

# श्रेया अधरजी को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों वर्ल्ड फिटनेस फेडरेशन के द्वारा आयोजित विमेंस स्पोर्ट्स मॉडल प्रतियोगिता में स्टेट में तीसरा स्थान व सिक्किम के रोमफो और पूरी के नीलाद्रि बीच मे दो वार नॅशनल प्रतियोगिता में पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली श्रेया अधरजी को सम्मानित किया गया। शनिवार को प्रतिनिधि मंडल में सृष्टि महिला विकास सहयोग समिति की अध्यक्ष रानी गुप्ता और रजक समाज के महिला अध्यक्ष अनुराधा चौधरी सोनारी आदर्श नगर स्थित उनके आवास पहुंची। श्रेया अधरजी को मेंमोंटो, बुगे, शॉल एवं अंग वस्त्र भेंट कर उनके माता पिता के सामने सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने श्रेया अधरजी की सराहना की। इस अवसर पर रानी गुप्ता ने कहा कि समाज मे बेटा बेटी में कोई फर्क नही है। आज बेटी भी माता पिता के सहयोग से समाज, राज्य और देश नाम रोशन कर रही है। मौके पर सामजसेवी रानी गुप्ता ने दो बार नेशनल में झारखंड के नाम रोशन करने के लिए श्रेया अधरजी को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। रजक समाज के महिला अध्यक्ष अनुराधा चौधरी ने बताया जमशेदपुर की बेटी श्रेया अधरजी ने जिस तरह से आज शहर के नाम रोशन की है वैसे ही और आगे बढ़ते जाएं मेरा शुभकामनाएं उसके साथ है। मौके पर बारीडीह निवासी समाजसेवी व राष्ट्रीय भ्रष्टाचार नियंत्रण जन कल्याण संगठन के वरिष्ठ उप निर्देशक झारखंड रानी गुप्ता, रजक समाज के महिला अध्यक्ष अनुराधा चौधरी, नीतू, माधुरी देवी, शिवानी सोना, राजकुमारी सोना सहित पूरी टीम शामिल रहे।

## युवाओं को नौकरी देने की मंशा राज्य सरकार की कभी नहीं रही: अलखनाथ पांडेय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं गढ़वा जिला के जाने-माने शिक्षाविद अलखनाथ पांडेय ने शुक्रवार को हेमंत सरकार की नियोजन नीति 2021 के विरोध में हाइकोर्ट के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए तथा झारखंड हाइकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि हेमंत सरकार की बनाई गई एक भी नीति लोक कल्याणकारी नहीं है। ऐसी नीतियों का यही हाल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नौकरी देने की मंशा राज्य सरकार की कभी नहीं रही। इसलिए यह सरकार कानून विरोधी नीतियों के द्वारा केवल योजनाओं को लटकाने, भटकाने औरत खाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि झारखंड के मूलवासी झारखंड सरकार के नियोजन नीति से परेशान थे। नियोजन नीति में झारखंड से 10वीं और 12वीं पास के शर्त के कारण कई झारखंडी बच्चे नियोजन के लिए अयोग्य करार हो रहे थे। बल्कि दूसरे राज्यों से निवास करने वाले लेकिन केवल झारखंड में 10वीं और 12वीं केवल उत्तीर्ण होने वाले छात्र-छात्राएं योग्य माने जा रहे थे। जिसे न्यायालय ने रद्द किया। यह झारखंड के छात्रों के खुशी की बात है जो हेमंत सरकार के नियोजन नीति से हताश हो चुके थे। ऐसी सरकार का भगवान भला करे।

## वॉलीबॉल लीग का उद्घाटन पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने किया



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला वॉलीबॉल संघ के तत्वाधान में स्वर्गीय ब्रिज बिहारी पाठक स्मृति वॉलीबॉल लीग का उद्घाटन पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने किया। हाइ स्कूल चित विश्राम ग्राउंड में आयोजित लीग का पहला मैच चितविश्राम ने टाउनशिप को हराकर जीता। इससे पूर्व पूर्व विधायक ने दीप प्रज्वलित कर और बॉल को हिट करके उद्घाटन किया। इस दौरान पूर्व विधायक ने कहा कि इस तरह के मुकाबला जिला के अलग-अलग क्षेत्रों में होने से वॉलीबॉल खेल का समुचित विकास होगा। इसके लिए वॉलीबॉल संघ को बधाई का पात्र है। उन्होंने आयोजन समिति को तन-मन-धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, जिला परिषद सदस्य रानी बाला, बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे, चित्र विश्राम पंचायत मुखिया सनिधा सोनी, बीडीसी मृदुला द्विवेदी, भाजपा नेता शिव कुमार पांडेय, सेवानिवृत्त शिक्षक तेज प्रताप पांडेय, अमरनाथ पांडेय, श्रीकांत मिश्रा, वॉलीबॉल संघ के कार्यकारी अध्यक्ष नवीन पाठक, सचिव ओमप्रकाश तिवारी, उपाध्यक्ष श्याम नारायण पांडेय, कमलेश कुमार पांडेय, कोषाध्यक्ष प्रणव कुमार, पंकज पांडेय, राहुल पांडेय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। लीग का पहला मैच ग्रुप डी में टाउनशिप और चित विश्राम के बीच खेला गया। जिसमें चितविश्राम ने 15-9, 15-10 से टाउनशिप को हराकर दो अंक हासिल किया। लीग मे16 टीमें हिस्सा ले रही है।

## भारत फाइनांस के महिला कर्मी से हुए लूटकांड का खुलासा

**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना थाना पुलिस ने पिछले दिनों प्रखंड के टंडवा ग्राम में भारत फाइनेंस के महिला कर्मी से हुए लूटकांड का खुलासा कर लिया गया है। जिसमे थाना क्षेत्र के टंडवा निवासी महेंद्र प्रसाद गुप्ता गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से लूटकांड को अंजाम देने में उपयोग किये गये बिना नंबर प्लेट की काला रंग के हीरो स्पलेंडर मोटरसाइकिल के साथ हेलमेट, काला रंग का गमछा और पीड़िता से लूटा गया। बैग के साथ कागजात बरामद की गई है। शनिवार को श्री बंशीधर नगर के एसडीपीओ प्रमोद कुमार केशरी ने रमना थाना परिसर में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि पिछले दिनों टंडवा में घटी लूट की घटना में पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश के आलोक में टीम बनाकर घटना का उद्भेदन किया गया। डीएसपी श्री केशरी ने बताया कि 28 नवंबर के दोपहर भारत फाइनेंस कंपनी के एसएम प्रभा कुमारी सेंटर से समूह का पैसा कलेक्सन कर अपने स्कूटी से श्री बंशीधर नगर स्थित मेनब्रांच जमा कराने जा रही थी,इसी क्रम में टंडवा निवासी शिव भुइयां के घर के समीप मोटरसाइकिल से पहुंचे दो युवकों द्वारा प्रभा कुमारी को स्कूटी से धक्का देकर गिराते हुए बैग लूट कर भाग गए थे। बैग मे एक लाख 61 हजार 993 रुपये नगद के साथ, टैब, बायोमैट्रिक मशीन और कागजात शामिल था।उन्होंने बताया कि तकनीकी साक्ष्य के आधार पर शुक्रावार के शाम महेंद्र को उसके घर गिरफ्तार किया गया।उसके निशानदेही पर घटना मे उपयोग किये गये समाग्री को भी बरामद किया गया। मामले में गिरफ्तार महेंद्र ने गुनाह कबूल किया है। एसडीपीओ ने बताया कि इस मामले में शामिल एक अन्य अपराधी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी चल रही है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, पुअनि विवेक कुमार पंडित के साथ रमना थाना पुलिस के जवान शामिल थे।

## शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** साथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल सहिजना गढ़वा द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह यात्रा गढ़वा जिला अंतर्गत प्रमुख सतबहिनी झरना तीर्थ के लिए आयोजित किया गया था। इस यात्रा का मूल उद्देश्य बच्चों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर एवं विरासत से बच्चों को अवगत कराना था इस यात्रा में कक्षा आठ नौ दस के बच्चे एवं बच्चियों को ले जाया गया। वैसे तो प्रत्येक वर्ष विद्यालय द्वारा इस प्रकार के भ्रमण का आयोजन किया जाता है। विद्यालय के निदेशक आरएन सिंह ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में अपने सांस्कृतिक एवं पौराणिक महत्व को जानने का अवसर प्राप्त होता है और साथ ही उनका बौद्धिक विकास भी होता है इस भ्रमण में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

### गढ़वा जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक संपन्न

# कार्यकर्ता, पदाधिकारी निडर होकर काम करें: ओबैदुल्लाह हक अंसारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त गढ़वा जिला अध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए ओबैदुल्लाह अंसारी ने कहा कांग्रेस पार्टी के कार्यकरता और पदाधिकारी निडर होकर काम करें। कांग्रेस पार्टी के समर्थक शुभचिंतक और पदाधिकारी को किसी से डरने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस पार्टी को मजबुत करने के लिए प्रखंड में प्रवास कार्यक्रम प्रारंभ किया जायेगा। कांग्रेस पार्टी के इतिहास और संघर्ष त्याग बलिदान के बारे मे लोगों को अवगत करायें। आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी की ओर से हर एक भाई मे प्रखंड प्रवास कार्यक्रम आयोजन करके लोगो को समस्या का समाधान किया जायेगा।




### कार्यक्रम में ये हुए शामिल

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव आशिक अंसारी, प्रदेश सचिव प्रभात दुबे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, कांग्रेस सेवादल के गढ़वा जिलाध्यक्ष राहुल दुबे, प्रदेश प्रतिनिधि सह युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राजेश रजक, प्रदेश प्रतिनिधि सुशील चौबे, असंगठित कामगार के गढ़वा जिलाध्यक्ष भरदुल चंद्रवंशी, ओबीसी के जिला अध्यक्ष मारूत नंदन सोनी, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष युगेनद्र चौबे, मझियांव विस सुत्री अध्यक्ष विजय दुबे, धुरकी प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, बरडिहा बीससूत्री अध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता, रमुना प्रखंड अध्यक्ष मंसुर अंसारी, मझियावं प्रखंड अध्यक्ष आनंद यादव, राहुल कुमार पांडेय, ओमप्रकाश चौबे के तार प्रखंड अध्यक्ष रामभजन गुप्ता, केतार बीससूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, खरवार संगमा प्रखंड अध्यक्ष देवचंद यादव, उमेश त्रिपाठी, दीवाकर चौबे, उदय नारायण तिवारी, सरोज देवी, ऐखलाक अंसारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कमेटी का लोग सामिल हुए।

### कैपिंग एंड लाइटिंग कार्यक्रम का आयोजन

# आरोग्यं अस्पताल और एजुकेशनल ट्रस्ट के बैनर तले हुआ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय आरोग्यं हॉस्पिटल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट के बैनर तले कैपिंग एंड लाइटिंग कल्चरल प्रोग्राम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार, डॉ लाल मोहन मिश्रा, डॉ भारत दुबे, डॉ संजय कुमार डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह एवं आरोग्यं अस्पताल के निदेशक दीपक कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से विश्व की पहली शिक्षा प्राप्त नर्स फ्लोरेंस नाइटेंगल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर कार्यक्रम को विस्तार रूप से आगे बढ़ाते हुए शिक्षण संस्थान में शिक्षा प्राप्त कर रहे एएनएम जीएनएम बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जबकि वही एएनएम के छात्राओं को कैप प्रदान कर उन्हें शपथ दिलाया गया कि वह जिस तरह विश्व में एक मां अपने बच्चों के प्रति हमेशा सजग रहती है। उसके देखरेख के लिए ठीक उसी तरह एएनएम का कार्य भी मरीजों की देखरेख के लिए होता है और आज से आपको भी इस दायित्व का निर्वहन करना है। उधर मौके पर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने कहा कि प्रशिक्षित होकर आप जब किसी अस्पताल में पदस्थापित होंगे तो सबसे पहले मरीजों की मुलाकात आपसे होगी उनका देखरेख के साथ-साथ उन्हें समुचित इलाज उपलब्ध हो इस निमित आप हमेशा अपना दायित्व को निर्वहन करेंगी तभी नर्सिंग सेवा में आपका आना सार्थक होगा। मौके पर पूर्व मुखिया मुजीबुर रहमान, नवनीत कुमार, डॉ कुलदेव चौधरी, अद्या शंकर पांडे, विपुल दुबे आदि अन्य लोग मौके पर उपस्थित थे।



## अज्ञात लोग बना रहे थे आवास, किया ध्वस्त

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पिपरडीह ग्राम तमहि टोला निवासी अनिल राम का प्रधानमंत्री आवास शुक्रवार की रात में अज्ञात लोगों के द्वारा बन रहे आवास को ध्वस्त कर दिया गया। प्रधानमंत्री आवास का लाभुक अनिल राम ने बताया कि शुक्रवार को दिन में मकान में काम कर देर रात हम लोग पुराने मकान में चले गए थे रात्रि में अज्ञात लोगों के द्वारा बन रहे मकान को ध्वस्त कर दिया गया। उन्होंने बताया कि हम अपने परिवार में मैं एवं मेरी पत्नी है उन्होंने कहा एक हाथ से दिव्यांग हूं। उन्होंने कहा कि थाने को आवेदन दे दिया हूं। मुखिया प्रतिनिधि भगवान राम ने कहा कि अनिल राम को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला था. मकान 7 फीट तक निर्माण भी हो गया था लेकिन अज्ञात लोगों के द्वारा मकान को ध्वस्त कर दिया गया है यह काफी दुखद है। उन्होंने कहा कि प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम को सूचना दे दिया गया है जो भी इस तरह की घटना किया है उस पर कड़ी कार्रवाई किया जायेगा।

## एसपी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ की बैठक, नव वर्ष में पिकनिक स्थलों पर रहेगी पुलिस की विशेष निगरानी



**गढवा (आजाद सिपाही)।** एसपी की बैठक में मुख्य रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर समीक्षा की गई एवं निर्देश दिये गये की नये साल पर पिकनिक स्थल पर एवं अन्य पर्यटन स्थल पर महिला बल सहित पर्याप्त सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति करते हुए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इस दौरान किसी प्रकार के दुर्घटना को रोकने के लिए ड्रिंकिंग ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। हाल के वर्षों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं उच्च न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी के संबंध में निर्गत दिशानिर्देशों के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए सभी पुलिस पदाधिकारी को निर्गत दिशा-निदेर्शों का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तत्काल क्षेत्र के अंचलाधिकारी को सूचित करते हुए। झारखंड मिनरल्स पिरिव्हेंत ऑफ इलेगल मिनीग ट्रांस्पोटन एंड स्टॉरेज रूल्स 2017 के अन्तर्गत कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया। अपराध गोष्ठी के पश्चात पुलिस पदाधिकारियों को भंडरिया थाना अंतर्गत बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में सफल नक्सल विरोधी अभियान चलाने के लिए पुलिस महानिदेशक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा दिये गये प्रसस्ति डिस्क एवं प्रमाण पत्र हस्तगत कराये गये। उल्लेखनीय है कि सितंबर माह में बूढ़ा पहाड़ में चलाये गए स्पेशल ओप्स आक्टोपस के लिए पुलिस अधीक्षक गढ़वा को डीजीज कमांडेशन डिस्क ब्रांज (ओपीएस) एंड सर्टिफिकेट दिया गया है। जबकि पुअनि. सोमय सोरेन, पुअनि अजीत कुमार, पुअनि. संतोष कुमार डीजीज कमांडेशन सर्टिफिकेट दिया गया। अपराध गोष्ठी के पश्चात पुलिस 7सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनते हुए उसके समाधान का आश्वासन दिया गया।

## प्रखंड मे दिन दिनदहाड़े होती है जंगली जानवरों के मांस की तस्करी, विभाग मौन

**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र मे सर्दी के दिनों में दर्जनों गांव में जंगली पशुओ की मांस का बहुल मात्रा तस्करी की जाती है। जंगली जानवरों को मारने के लिए तरह तरह की तरकीब निकालते है। पिछले दिनों प्रखंड क्षेत्र के कोसदिहरा गांव में जंगली जानवर की मांस की तस्करी करने के लिए ग्यारह हजार का हाइ वोल्टेज तार बिछाया था। जिसमें गांव के ही युवक शौच करने के क्रम मे हाई वोल्टेज के चपेट में आने से बुरी तरीका से झूलस गया। वही दर्जनों गांवों में फसरी लगाकर रात भर गुट बनाकर जंगली जानवरों की तलाश में रहते है और जंगली जानवरो की मांस का तस्करी करते है। एक ऐसा ही मामला परती कुशवानी पंचायत के कुशवानी टोला में जंगली पशु का मांस का तस्करी खुलेआम हो रहा है। जिसमें एक अकलेश सिंह नामक युवक दिनदहाडे नीलगाय को मारकर मांस बेचने का कार्य कर रहा था। इसकी सूचना वन विभाग अधिकारी को दिया गया है। खबर लिखे जाने तक कोई करवाई नहीं हुई है।

## पांच दिवसीय अनुष्ठान के पश्चात 3 फरवरी को होगी प्राण प्रतिष्ठा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** मेराल के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम मंदिर में मां दुर्गा, मां काली, मां शीतला तथा महावीर जी की आदम कद प्रतिमा स्थापित की जायेगी। जिसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा को लेकर धार्मिक अनुष्ठान एवं कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने को लेकर शनिवार को मंदिर प्रांगण में देवी धाम संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें मेराल पूर्वी तथा पश्चिमी पंचायत के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बैठक के बाद संजय भगत एवं मुख्य संरक्षक प्रेमचंद प्रसाद ने बताया कि मेराल वासियों द्वारा 2017 में भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प लिया गया था। लोगों के संकल्प एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से भव्य मंदिर का निर्माण कर लिया गया। मंदिर के चारों कोना पर विभिन्न देवियों की मूर्तियां स्थापित करने के लिए जगह बनाया गया था परंतु कोरोना संक्रमण की वजह से 2021 में मूर्तियों की स्थापना नहीं की जा सकती थी। बैठक में निर्णय लिया गया कि मंदिर के अंदर मां दुर्गा, मां काली तथा मां शीतला की आदम कद प्रतिमा स्थापित की जायेगी। जबकि मंदिर के मुख्य द्वार के बगल में महावीर मंदिर निर्माण का निर्माण समिति के अनुमति से समाजसेवी अजय प्रसाद गुप्ता द्वारा निजी कोष से कराया गया है। जिसमें महावीर जी की आदम कद प्रतिमा स्थापित की जायेगी। मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा विशेषज्ञ कर्मकांडियों के विमर्श से 3 फरवरी 2023 की तिथि निर्धारित की गई है। बैठक में निर्माण समिति के सचिव कृष्णा प्रसाद कुशवाहा, मनोज जयसवाल, विजय प्रसाद, मुखिया रामसागर मेहता, मुखिया पति मुन्ना राम, सांसद प्रतिनिधि रूप महतो, सुनील कुमार कालिया, महेंद्र प्रसाद, कामेश्वर सिंह, मोतीचंद प्रसाद, वासुदेव शर्मा, रामेश्वर विश्वकर्मा, बलराम कृष्ण शर्मा, प्रमोद महाजन, अंबिका यादव, शिवनाथ यादव, कृष्णा प्रसाद, दीपलेश्वर चंद्रवंशी, मुद्रिका चंद्रवंशी, रामजी ठाकुर, विकास ठाकुर, संजीव ठाकुर, धनंजय चौधरी, वीरेंद्र चौधरी के साथ शिल्पी कारीगर कैलाश शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

## पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका, पाकिस्तानी नक्शा जलाया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पाकिस्तान विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर गलत टिप्पणी किया जाने के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पाकिस्तान का झंडा जलाया एवम विदेश मंत्री का पुतला फूंका। मौके पर बोलते हुए वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो शायद अपनी हद भूल रहे है। पूरे विश्व भारत के सामने नतमस्तक हो चुका है। लेकिन आतंकी देश पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है आने वाले समय में पाकिस्तान विश्व के नक्शे पर दिखायी नहीं देगा। पाकिस्तान जब भी भारत से टकराने का प्रयास किया है। उसे हार का सामना करना पड़ा है, उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे बड़े नेता हैं जबकि पाकिस्तान आतंकवादी का पनाहगाह बन चुका है, जिस तरह से पाकिस्तान विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो ने नरेंद्र मोदी और आर एस एस के ऊपर गलत टिप्पणी किया है उसके गलत मानसिकता को दर्शाता है। जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान ने कहा कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आये वरना विश्व के मानचित्र से गायब होने में समय नहीं लगेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, अरुण तिवारी, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मीकांत पांडेय, राम सरेश तिवारी, सुप्रित केशरी, प्रवीण जायसवाल, उदय कुशवाहा, विनय चंद्रवंशी, बृंदा उपाध्याय, बिपिन तिवारी, अरविंद धर दुबे, अजीत पांडेय, अनीत तिवारी, नीतिश पटेल, लालमोहन, शुभम गुप्ता, मीरा यादव, दिनेश कुमार, जितेंद्र चंद्रवंशी, यशवंत मिश्रा, ओमप्रकाश पासवान, दिनेश तिवारी, अजीत तिवारी, जय प्रकाश गुप्ता, मनीष गुप्ता, अभिषेक तिवारी सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### खबर का असर

# खबर छपने के बाद टीकाकरण और दवा वितरण हुआ शुरू

श्याम बच्चन यादव

**सगमा।** पिछले गुरुवार को खबर छपने के बाद सगमा प्रखंड में शिविर लगाकर पशुओं को टीकाकरण एवं दवा वितरण शुरू कर दिया गया है। बताते चलें कि बीते गुरुवार को आजाद सिपाही अखबार में प्रमुखता के साथ सगमा प्रखंड में अज्ञात बीमारी से हो रही है पसुओ कि मौत खबर छपने के बाद शानिवार को उक्त बीमारी से सबसे अधिक प्रभावित प्रखंड के कटहर कला पंचायत भवन में शिविर लगाकर पसुओ का इलाज किया गया जबकि बीमारी से प्रभावित पसुओ को दवा के साथ टिक लगया गया। इस अवसर पर पसू चिकित्सक डॉ रोहित कुमार ने बताया कि उक्त बीमारी मौसम के कारण हो रहा है कि किसी और कारण से इसकी जांच की जा रही है जांच होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर कटहर कला पंचायत में 20 पसुओं की मृत्यु होने दुखद है। इसके लिए जिला प्रशासन के द्वारा इस पर निगाह रखा जा रहा है साथ ही इसके बचाव के किए किसानों को उचित परामर्श दिया जा रहा है। इस अवसर पर बोलते हुए कटहर कला पंचायत के मुखिया कलावती देवी ने *आजाद सिपाही* के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सिर्फ मेरे पंचायत में बिगत पंद्रह दिनों के अंदर 20 पसुओ की मौत होने के बाद पूरे पंचायत वासियो में भय का माहौल देखा जा रहा था। समझ मे नही आ रहा था कि क्या किया जाए मगर गुरुवार को आजाद सिपाही में इस बाबत प्रमुखता से खबर छपने के बाद शानिवार को शिविर लगाकर पसुओं का इलाज होंने लगा है। इस मौके पर डॉ राहुल कुमार के साथ पसू चिकित्सा की पूरी टीम के साथ भारी संख्या में अपने अपने पसुओं के साथ पसु पालक उपस्थित थे।



### जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

# खिलाड़ियों को किसी मदद की जरूरत हो तो जिला प्रशासन हमेशा तत्पर: डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** स्थानीय रामा साहू स्टेडियम के मैदान में खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय झारखंड सरकार एवं जिला प्रशासन गढ़वा के संयुक्त तत्वधान में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री फुटबॉल कप प्रतियोगिता का उद्घाटन डीडीसी, गढ़वा राजेश कुमार राय के द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जिला प्रशासन खिलाड़ियों को हर संभव मदद के लिए तैयार है। खिलाड़ी किसी भी खेल से हों, उनको किसी भी प्रकार की मदद की जरूरत हो तो जिला प्रशासन सहायता करने को हमेशा तत्पर है।



आज उद्घाटन समारोह के अवसर पर जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी नीतीश कुमार निशांत, डीपीआरओ साकेत कुमार पाण्डेय, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्य नारायण यादव, जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष आलोक मिश्रा, गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के संरक्षक अनिता दत्त, वरीय उपाध्यक्ष उदय नारायण तिवारी गढ़वा, विधायक प्रतिनिधि खेल ओम प्रकाश गुप्ता, मेडिकल टीम के साथ डॉ गौरव तिवारी, एथलेटिक्स के संयुक्त सचिव सुशील कुमार तिवारी, प्रदीप कुमार सिंह, डे बोर्डिंग कोच रामाशंकर सिंह, लल्लन कुमार, प्रभात रंजन तिवारी, अरविंद कुमार दुबे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत में जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने सभी आगंतुकों का स्वागत कर किया। आज का मैच पुरुष वर्ग के मैच में कांडी ने मंझियाव को एक गोल से हराया, भंडरिया ने खरौंधी को तीन गोल से हराया, रामकंडा ने गढ़वा को एक गोल से हराया, धुरकी ने नगर उंटारी को तीन गोल से हराया। महिला के मैच में भवनाथपुर ने कांडी को 2 गोल से हराया।

### ये रहे उपस्थित

पूरे मैच को आयोजित करने के लिए गढ़वा जिला फुटबॉल संघ के रेफरी जगन्नाथ राम, शमशाद अहमद, जेम्स बारा, उपेंद्र कुमार, विजय सिंह, नीलकंठ सिंह, अभय कांत, लक्ष्मण राम, रोशन दीप टोप्पो, मनीफ किस्पोट्टा ने मैच कराया। इस अवसर पर प्रखंडों के प्रभारी विकास सिंह, राज किशोर सिंह, अंजनी कुमार द्विवेदी, अवधेश कुमार आदि उपस्थित थे। आज सभी मैच नॉकआउट के आधार पर खेला गया।

## विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**कांडी (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय हरिहरपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एवं नवाचार के अंतर्गत विद्यालय स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक आदित्य गुप्ता ने मां सरस्वती के फोटो पर पुष्पमाला अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत नवीं एवं दसवीं के के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों में अपनी प्रतिभा और कौशल को दिखाने के लिए उत्सुकता बनी हुई थी। वही प्रदर्शनी में लगे प्रोजेक्ट एवं पोस्टर को देखने एवं इसके बेहतर प्रदर्शन करने को लेकर एक निर्णायक दल भी मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 18 दिसंबर, 2022
www.azadsipahi.in



## यादव महासभा के पंचायत कमेटी का गठन संपन्न



**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत शनिवार को रजवार पंचायत में यादव महासभा के प्रखंड अध्यक्ष श्याम सुंदर यादव एवं प्रखंड उपाध्यक्ष सह रजवार पंचायत के पर्यवेक्षक दीपक यादव के नेतृत्व में यादव महासभा के पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से प्रदीप यादव को पंचायत अध्यक्ष, विनोद यादव को पंचायत सचिव, अजय यादव को पंचायत कोषाध्यक्ष, महामंत्री बैजनाथ यादव, उपाध्यक्ष मुनेश यादव, तथा कार्यकारनी सदस्य के रूप मे गणेश यादव, सत्येंद्र यादव, अवधेश यादव, वीरेंद्र यादव, सनोज यादव, अनिल यादव को मनोनित किया गया।

## मासिक लोक अदालत का आयोजन

**लातेहार।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लातेहार अखिल कुमार के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय के प्रांगण मे दिन शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रधान जिला जज अखिल कुमार ने लोक अदालत के बेंचों का निरीक्षण किया तथा न्यायिक पदाधिकारियों को ज्यादा से ज्यादा मामले निष्पादन करने हेतु निर्देश दिये। इस लोक अदालत में कुल 06 बेंच बनाये गये थे। जिसमें कुल-41 वादों का निष्पादन किया गया जिसमें कुल 33,53,516. रू मात्र राजस्व की वसूली की गयी। इस अवसर पर, अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम संजीव कुमार दास, अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय अमित कुमार, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी मो. नसीर अहमद, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार श्रीमति स्वाति विजय उपाध्याय, अनुमंडल न्यायिक दण्डाधिकारी मिथिलेश कुमार, स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष चंद्रिका राम, सदस्य डॉ मुरारी झा, मो शकील अख्तर एवं अधिवक्तागण एवं व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण, पत्रकारगण एवं अन्य विभाग के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सोर्य यात्रा को लेकर की गयी बैठक



**मनिका (लातेहार)।** मनिका प्रखंड के देवी मंडप के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बैनर तले एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आगामी 24 दिसंबर को लातेहार जिला में होने वाले सौर्य यात्रा को धूमधाम से सफल करने हेतु विचार विमर्श किया गया मौके पर उपस्थित कार्यक्रम के प्रभारी अरुण साव ने बताया कि लातेहार मैं 24 तारीख को जिले भर के तमाम हिंदू समाज के लोग कार्यक्रम में भाग लेंगे मनिका क्षेत्र से तमाम गांव के लोग को लातेहार ले जाने का संकल्प लेने की जरूरत है वही कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिषद सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि सनातन धर्म को एकजुट करने की जरूरत है और समाज में फैले जाति ऊंच-नीच के भेदभाव को हम सब मिलकर मिटाते नहीं हैं तब तक सनातन एकजुट और मजबूत नहीं होगा वही कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला परिषद सदस्य महेश सिंह अजीत कुमार गोविंद पासवान हमें कई वक्ताओं ने अपने-अपने बात को रखा अकरम की अध्यक्षता बजरंग दल के प्रखंड संयोजक अंकित कुमार गोलू ने किया मौके पर कुलदीप सिंह, उदयनाथ यादव, विपिन सिंह, रविंद्र गुप्ता, पचू प्रसाद, मनदीप कुमार, विजय प्रसाद, अशोक सिंह, धीरज प्रसाद, राजेश शर्मा, चंद्रशेखर प्रसाद, पंकज यादव, योगेंद्र, यादव रजत कुमार कई लोग उपस्थित थे।

## किसानों को रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की

**बारियातू।** बीडीओ सह सीओ ने प्रखंड के सभी किसानों से मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना में ई केवाईसी और रजिस्ट्रेशन कराने का अपील किया। बीडीओ सह सीओ भगत ने कहा मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत अब तक बहुत ही कम किसानों द्वारा रजिस्ट्रेशन कराया गया है। कम रजिस्ट्रेशन देखते हुए राज्य सरकार ने रजिस्ट्रेशन का समय बढाया दिया है। आप सभी किसान ससमय अपने अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत ई-केवाईसी के साथ ही साथ रजिस्ट्रेशन कराएं। बीडीओ सह सीओ भगत ने कहा कि सभी प्रखंड व अंचल कर्मी को निर्देश दिया गया है कि अपने अपने क्षेत्र में किसानों को मदद करें व पंचायत प्रतिनिधियों से किसानों को जागरूक करने का भी अपील किया।

## बरवाडीह में चोरी के मामले में बढ़ोत्तरी



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड में पिछले कुछ दिनों से लगातार चोरी की घटना की खबर आ रही है। पिछले सप्ताह रेलवे कॉलोनी के दो रेल कर्मचारियों के क्वार्टर में चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया था। वहीं गुरुवार को गढ़वाताड़ दो घरों में चोरी ने मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन पर हाथ साफ किया। पिछले एक पखवाड़े से बरवाडीह में चोरी की घटनाओं में इजाफा हुआ है। वही एक बार फिर रेलवे कॉलोनी में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। जहां पीडब्ल्यूआई में ट्रेकमैन के पद पर कार्यरत चंदन कुमार के क्वार्टर संख्या 217 बी में शुक्रवार रात 10,000 नगद लैपटॉप पेनड्राइव जरूरी कागजात के साथ-साथ कपड़ों की चोरी को अंजाम दिया। वही खबर लिखे जाने तक इस चोरी की वारदात की खबर पुलिस को नहीं दी गयी है। आये दिन रेलवे कॉलोनी हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर रेल कर्मियों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। वही भुक्तभोगी पीडब्लूआई ट्रैक मैन चंदन कुमार ने बताया कि यह घटना शुक्रवार को मेरे रात्रि ड्यूटी पर रहने के दौरान हुआ,चोरों ने क्वार्टर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

## चौकीदार संघ के नये जिलाध्यक्ष अनिल पासवान बने



**लातेहार।** मनिका प्रखंड जिला लातेहार चौकीदार संघ का नवनिर्वाचित कमेटी का गठन हुआ। जिसमें चौकीदार संघ के नये कमेटी का मनिका थाना के अनिल पासवान को चौकीदार संघ का जिलाध्यक्ष के रूप में बनाया गया। वही राजेश राम को लातेहार अंचल का उपाध्यक्ष बनाया गया। उदित पासवान को सचिव, नसीमुद्दीन अंसारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। चुनाव संपन्न होने के बाद सभी सदस्यों को फूल माला से स्वागत किया गया। नवनिर्वाचित कमिटी लोगों ने एकजुट रहकर संगठन मजबूत बनाने का निर्णय लिया। सभी समस्याओं का समाधान के लिए एकजुट का आहान किया। मौके पर जिला अध्यक्ष कहा अपने कर्तव्य को इमानदारी पूर्वक पालन करेंगे और एक दूसरे के सुख दुख का हमेशा ख्याल रहेंगे। अपने जिम्मेदारी पूरे निस्वार्थ भाव से निभाएंगे। में सभी प्रकार की समस्या का समाधान के लिए सदैव तत्पर रहूंगा। उन्होंने सुचारू से कमेटी को चलाने के लिए। नियमित रूप से मासिक बैठक का आयोजन करने की बात कही। सरकारी नियम के अनुसार चौकीदार एवं थानेदार सामान से एक है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह, प्रदेश सचिव संजीव कुमार, महली, संतोष प्रजापति, विजय पासवान, जमुना पासवान, कलीम मियां, राजेन्द्र उरांव, राम श्याम राम रामचंद्र उरांव, अशोक कुमार, पृथ्वी राम, मनोज, किशन, समेत कई चौकीदार उपस्थित थे।

## संपत्ति विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को मारी गोली, मौत

# आरोपी गोली मारकर पिस्टल लहराते हुए हुआ फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के नावागढ़ गांव में शुक्रवार की देर रात संपत्ति विवाद के चलते बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद वह पिस्टल लहराते हुए भाग गया। घटना की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया। बताया जा रहा है कि मनोज प्रसाद अपने छोटे भाई दिलीप प्रसाद के घर रात में जमीन के कागजात मांगने गया था। जमीन के कागजात नहीं देने पर पिस्टल निकालते हुए गोली चला दी। जिससे गोली दिलीप प्रसाद के गर्दन पर लग गयी। दिलीप प्रसाद के मौके पर ही मौत हो गयी। इधर बताया जा रहा है कि मनोज का पिता और परिवार के अन्य सदस्यों से संपत्ति बंटवारे का विवाद चल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक पिता रामदेव साव से मनोज का विवाद कुछ दिन पहले हुआ था लेकिन उस समय गांव के लोगों ने मामले को सुझला दिया था। लोगों को लगा कि अब मामला शांत हो गया है। इसी बीच शुक्रवार की रात में मनोज ने अपने छोटे भाई से फिर विवाद कर लिया। कहासुनी के दौरान ही मनोज ने फायर कर दिया। गोली चलने की आवाज सुनकर आस पास के लोग भी वहां पहुंच गए। ग्रामीणों को अपनी तरफ आता देख मनोज पिस्टल लहराते हुए भाग गया। गांव में गोली मारकर हत्या करने पर दहशत फैल गयी है। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी ने बताया कि युवक ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने भाई पर ही गोली मारकर हत्या की है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। बहुत जल्द आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## एचडीएफसी बैंक से 57 लाख 50 हजार रुपये गायब

# दो कैशियर के खिलाफ एफआइआर दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पुलिस ने एक को लिया हिरासत में, दूसरे ने कोर्ट में किया सरेंडर**

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र में स्थित एचडीएफसी बैंक में लाखों रुपए गायब होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर बैंक के शाखा प्रबंधक ने सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। इस मामले में बैंक के दो कैशियर पर आरोप है। जिसमें से एक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दूसरे कैशियर की तलाश को लेकर छापेमारी की जा रही है। बैंक में हुए घोटाले को लेकर हड़कंप मच गया है। लोहरदगा शहर के गुदरी बाजार स्थित एचडीएफसी बैंक में इंटरनल ऑडिट में बैंक से कैश गायब होने का खुलासा हुआ। जिसके बाद शाखा प्रबंधक ने आनन-फानन में प्राथमिकी दर्ज करा दी है। एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक श्वेताब रंजन ने सदर थाने में एसडीएफसी बैंक के दो कर्मियों वरीय कैशियर धीरज भारती और कैशियर सुबोजीत डे के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। एचडीएफसी बैंक की राशि की हेरफेर का आरोप बैंक के यही दोनों कर्मियों पर है। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज के पहले बैंक कर्मी सुबोजीत डे से सोमवार को बैंक में पूछताछ की गयी, जिसके बाद वह मंगलवार को बैंक नहीं पहुंचा और बैंक की चाबी को दूसरे व्यक्ति के माध्यम से बैंक भेजकर लोहरदगा से फरार हो गया। जबकि दूसरा बैंक कर्मी धीरज भारती प्रबंधन के साथ है, पर फिलहाल पुलिस हिरासत में है। बैंक कर्मियों द्वारा 57.50 लाख रुपये का गबन का मामला उजागर होने के बाद बैंक के कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। फिलहाल सदर थाना पुलिस एचडीएफसी बैंक के शाखा प्रबंधक के आवेदन पर कांड संख्या 300/22 में भादवि की धारा 406, 409, 420, 467, 468, 469, 471, 120बी के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच के साथ आगे की कार्रवाई में जुट गयी है। पुलिस को दिए आवेदन में एचडीएफसी बैंक शाखा प्रबंधक ने स्पष्ट किया है कि 12 दिसंबर 2022 को उनके बैंक की आंतरिक ऑडिट डिपार्टमेंट किया गया। जिसमें पाया गया कि बैंक में जमा राशि में जो बैंक के वॉल्ट में रखे थे, उसमें से कुल 57.50 लाख रुपये गायब हैं। नौ दिसंबर 2022 को बैंक कार्यावधि की समाप्ति के बाद कुल 2.49 करोड़ और 72420 रुपये बैंक के वॉल्ट में जमा होने की बात कंप्यूटर सिस्टम के अनुसार है।

जबकि बैंक के पास 1.92 करोड़ 16801 रुपये नकद उपलब्ध हैं। इससे बैंक के वॉल्ट से कुल जमा राशि में 57.50 लाख रुपये गायब हैं. वही दूसरा कैशियर सुबोजीत डे ने कोर्ट में जाकर सरेंडर कर दिया है।

# उदरंगी गांव में शीघ्र नया ट्रांसफार्मर लगाया जायेगा : आलोक साहू



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू शनिवार को भंडरा प्रखंड के उदरंगी गांव पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। मौके पर ग्रामीणों ने श्री साहू को बताया कि उदरंगी मुस्लिम टोला में विगत 15 दिन पूर्व 100 केवी का ट्रांसफार्मर जल गया है जिसके कारण यहां की जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है। ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है, खेतों में सिंचाई नहीं हो पा रहा है इसलिए जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किये। ग्रामीणों ने बताया कि मशीन खराब होने के कारण विगत 8 माह से उरंदगी गांव में सौर जलापूर्ति योजना बंद है जिसके कारण जनता को पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गयी है इसे जल्द बनवाया जाए जैसे अनेक समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर आलोक कुमार साहू ने कहा कि झारखंड में यूपीए सरकार के गठन होने के बाद से सभी क्षेत्रों में विकास तेज गति से हो रहा है। लोगों की समस्याएं सुना जा रहा है तथा उसका त्वरित गति से निदान किया जा रहा है। श्री साहू ने मौके पर से ही विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता से वार्ता कर शीघ्र यहां 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की बात कहे। कार्यपालक अभियंता ने शीघ्र 100 केवी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने का आश्वासन दियक। श्री साहू ने कहा कि खराब पड़े जलापूर्ति योजना को भी चालू कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री फसल राहत योजना के तहत अभी भी जो किसान फॉर्म नहीं भरे हैं वह अविलंब फार्म भरकर इस योजना का लाभ उठाएं। इस दौरान श्री साहू ग्रामीणों के साथ जले हुये ट्रांसफॉर्मर का मुआयना भी किए। मौके पर मुख्य रूप से इलियास अंसारी, समीम अंसारी, मुमताज अंसारी, चमरू उरांव, चंपा उरांव, परवेज अंसारी, बसीर अंसारी, अख्तर अंसारी, खुर्शीद अंसारी, बिरसा उरांव, जागू उरांव, सिराज अंसारी, सुल्तान अंसारी, जुम्मन अंसारी, हैदर अंसारी, बलकू उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**लातेहार।** उप विकास आयुक्त सुरेन्द्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारियों बीआरपी, सीआरपी आदि को कार्यों को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द जिले के सभी योग्य बच्चियों को योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने अब तक प्राप्त हुए आवेदनो एवं निष्पादित किए गए आवेदनों की समीक्षा की। उप विकास आयुक्त ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत कक्षा 8 से 12 तक के सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त स्कूलों से आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारियों, बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मी को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा करने की बात कही। बालिकाओं, किशोरियों को योजना का लाभ दिलाने के लिए आप सभी संबंधित पदाधिकारी आगे आकर कार्य करें। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गांव-गांव में अभियान चलाकर योग्य छात्राओं का आवेदन प्राप्त करें, ताकि कोई भी अध्यनरत छात्रा इस योजना के लाभ लेने से वंचित ना हो सके। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संस्थान ने किया प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड छिपादोहर और कुचिला में भारतीय लोक कल्याण संस्थान के द्वारा झारखंड जल छाजन योजना के तहत समूह निर्माण प्रक्रिया का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुचिला मुखिया सतरोहन सिंह ने की शिरकत। प्रशिक्षण शिविर का दीप प्रज्वलित कर किया गया शुभारंभ। बताते चलें कि महिला स्वयं सहायता समूह को स्वावलंबी बनाने को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें काफी संख्या में महिला स्वयं सहायता समूह के महिला शामिल हुए। जहां इस प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने को लेकर महिलाओं को समूह से विभिन्न प्रकार से आजीविका चलाने, समूह में महिलाओं की भागीदारी का महत्व बताया।

## छात्र-छात्राओं से समसामयिक विषयों पर चर्चा की



**लोहरदगा।** उपायुक्त शनिवार को जिला विज्ञान केंद्र पहुंचे। उपायुक्त ने वहां यूपीएससी व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओ की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से समसामयिक विषयों पर चर्चा की। भारत में विदेशी विश्वविद्यालय के आने पर शिक्षा पर सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर छात्र-छात्राओं द्वारा अपने विचार व्यक्त किया गया। उपायुक्त द्वारा विषय पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। साथ ही, अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गयी। मौके पर स्टेनो लाल बालकिशोर नाथ शाहदेव, जिला विज्ञान केंद्र के केयरटेकर देवेंद्र मंडल और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन आज

**लोहरदगा।** दिनांक 18 दिसंबर 2022 दिन रविवार को पतंजलि स्वदेशी वितरक इंटरप्राइजेज एवं पतंजलि आरोग्य केंद्र ब्लॉक मोड के द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में अर्थराइटिस ,शुगर, ब्लड प्रेशर, अनिद्रा, थकान, कमजोरी, स्त्री रोग, गठिया, बाबासीर, पथरी, एवं अनेकानेक व्याधि का उपचार आयुर्वेद चिकित्सा, अकू प्रेशर एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा किया जाएगा। आयुष विभाग के चिकित्सक सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित रहेंगे और व्याधि के अनुसार आयुर्वेदिक चिकित्सा एवं प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा उपचार करेंगे। उक्त जानकारी पतंजलि स्वदेशी वितरक एवं आरोग्य केंद्र ब्लॉक मोड़ लोहरदगा के संजय कुमार मधुर ने दी।

## मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की बैठक हुई



**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना (पशुपालन) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि सभी चिह्नित लाभुकों का स्क्रॉल अकाउंट खुलवा कर एवं पे-आईडी सृजित करा कोषागार पदाधिकारी के पास भेजें ताकि लाभुकों का अंशदान ससमय भुगतान किया जा सके। बैठक में गव्य विकास योजना अंतर्गत जिला को प्राप्त लक्ष्य व उसके निष्पादन को लेकर चर्चा हुई और निष्पादन हेतु आवश्यक निदेश जिला पशुपालन पदाधिकारी को दिये गये। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम और जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा छोटी मस्जिद के समीप देर शाम बाइक सवार दो युवक अज्ञात टेलर के चपेट में आने से घायल हो गये। घायल युवकों को ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु सेन्हा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंहुचाया गया। जहां चिकित्सको द्वारा दोनो को प्राथमिकी उपचार करने के उपरांत बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा दिया गया। वही घायल की पहचान सेन्हा निवासी रमेश साहू के 22 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार साहू दूसरा व्यक्ति बगड़ू थाना क्षेत्र के आरया निवासी नन्दलाल साहु का 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार के रूप में किया गया। बताया जाता है कि दोनों युवक अपनी बाइक जे एच 08 एच 3688 पर सवार हो लोहरदगा से सेन्हा की ओर जा रहे थे। उसी दौरान अज्ञात टेलर के चपेट में आने से घायल हो गये जिसे ग्रामीणों ने इलाज के लिए निजी वाहन से अस्पताल भेजा। वही घटना को लेकर 108 एंबुलेंस को भी सूचना दिया गया परंतु कोई पहल नही किया गया। और एंबुलेंस नही होने की बात एंबुलेंस कॉल सेंटर से बताया गया। घटना की सूचना पर स0आ0नि0 आयता खेस दलबल के साथ अस्पताल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए अग्रेतर कारवाई में पुलिस जुट गयी है।

## जिला स्तरीय अनुमोदन और अनुश्रवण समिति की बैठक हुई

**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2022-23 से संबंधित जिला स्तरीय अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। इस बैठक में निदेश दिया गया कि विद्यालय/संस्थान नोडल पदाधिकारी स्तर पर इंट्री किये गये आवेदन को स्वीकृत करना सुनिश्चित करें। जो आवेदन जिला नोडल पदाधिकारी के स्तर से इंट्री किये और जा चुके हैं उनका भुगतान सुनिश्चित करें। बैठक में आईटीडीए परियोजना निदेशक अरविंद कुमार लाल, जिला कल्याण पदाधिकारी, कोषागार पदाधिकारी थेलमा अनिता मिंज, शिक्षा विभाग की ओर से अशोक पांडेय, जिला अग्रणी बैंक के प्रतिनिधि व अन्य उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन



**हेरहंज-(लातेहार)।** वर्ष 2022 के अंतिम माह दिसंबर माह से ही भ्रमण के लिए हुवा शुरू। प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय घुरे के छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में दो दिवसीय भ्रमण के लिए 17 दिसंबर शनिवार को रवाना हुवे। इस भ्रमण में छः कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा के छात्र व छात्रा कुल 68 रवाना हुवे हैं। जिसमें 46 छात्र व 22 छात्रा शामिल हैं। इस भ्रमण में घुरे विद्यालय के प्रधानाध्यापक पवन कुमार और सहायक शिक्षक विकाश कुमार जयसावल, चन्द्रदेव उरांव प्रबंधन समिति अध्यक्ष-बिनय कुमार, उपाध्यक्ष अनूप जयसावल, सदस्य-चिंतामणि देवी भी शामिल हैं। इस भ्रमण में सभी छात्र और छात्राओं को बोधगया, राजगीर व नालंदा विश्वविद्यालय का भ्रमण करेंगे।

## चंदवा में प्रतुल की पहल के बाद नगर मंदिर को मिला नया ट्रांसफार्मर



**चंदवा।** पिछले 10 दिनों से जिले का प्रसिद्ध मां उग्रतारा मंदिर का परिसर खराब ट्रांसफॉर्मर के कारण अंधेरे में था। लोगों ने इसकी शिकायत पूजा अर्चना करने आये भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव से की। जिसके बाद प्रतुल ने मंदिर की महत्ता को बताते हुए इसकी जानकारी सूबे के ऊर्जा विभाग के उच्च पदाधिकारियों को दिया। विभाग तुरंत एक्शन लेते हुए नगर मंदिर को एक नया ट्रांसफार्मर दिलवा दिया। नया ट्रांसफॉर्मर मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रतुल शाहदेव में पहल के बाद ही ट्रांसफॉर्मर मिला। लोगों ने प्रतुल शाहदेव और ऊर्जा विभाग को धन्यवाद दिया है। प्रतुल ने कहा अब इस ट्रांसफॉर्मर के लग जाने से मां के दरबार के साथ करीब 46 घरों को फिर से ढंग से बिजली मिलनी शुरू हो जायेगी।

## छात्र-छात्राओं के बीच ड्रेस और किट वितरण



**लातेहार।** सदर प्रखंड के इचाक पंचायत अंतर्गत जामुन टोला राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में इचाक मुखिया शशि कुजुर के नेतृत्व में स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच कलम कॉपी पेंसिल रबड़ कटर एवं बढ़ती ठंड को देखते हुए गरम कपड़ा स्वेटर जूता मोजा इत्यादि का वितरण किया गया इस दौरान। मुखिया शशि कुजुर ने स्कूल के बच्चों को नियमित रूप से पढ़ाई करने के साथ-साथ प्रतिदिन स्कूल आने को कहा। श्री कुजूर ने शिक्षकों को स्कूल सह समय पर आने को कहा कि ताकि बच्चे इधर से उधर ना घूम सके। सरकार के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ देने की बात कही। साथ ही बच्चों को मिलने वाले मध्यान भोजन में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही ना हो इसके लिए एक कमेटी का गठन कर हर सप्ताह में दो से तीन बार स्कूल का निरीक्षण करने की बात कही मौके पर वार्ड सदस्य सबिता देवी शिक्षक प्रकाश सिंह, रमजान अली समाज सेवी अनिल उरांव उपस्थित थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर के गम्हरिया में एसबीआई के एलडीएम श्याम सुंदर प्रसाद गुप्ता व जेएसएलपीएस के बीपीएम अभय कुमार के द्वारा आदिम जनजाति के 50 जरूरतमंद गरीब एवं असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर श्याम सुंदर गुप्ता ने कहा कि गरीब एवं असहाय लोगों को चिह्नित करें और सूची बनाकर जल्द से जल्द दें। जिससे भीषण ठंड में गरीब लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा हमारी कोशिश है कि गरीब व्यक्तियों को ही कंबल मिले। उन्होंने कहा कि छिपादोहर के सभी गांव जंगल क्षेत्र में होने के कारण ठंडा के मौसम में यहां ठंड बहुत अधिक पड़ती है। जिससे ठंड से अब तक कई लोग बीमार हो जाते हैं एवं उनकी मौत भी हो जाती है। इसलिए इस बार समय पर कंबल उपलब्ध कराया गया है। वही मोके पर जयप्रकाश नारायण सुधा नारायण शारदा सिन्हा विक्रम कुमार सिन्हा अभिराज नारायण चेतन गुप्ता प्रत्यूष प्रभात सुरेंद्र परहिया मौजूद रहे।

## शिक्षकों के बीच कंबल बांटा व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड के छेंचा उत्क्रमित उच्च विद्यालय के सभागार में सीआरपी शशिकांत मंडल ने विभिन्न शिक्षकों के बीच कंबल बांटा व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। गौरतलब हो कि सीआरपी शशिकांत मंडल अपने मानदेय में से प्रति दिन 40 रुपये जमा करते हैं और साल में एक बार कार्यक्रम आयोजित कर बेहतर कार्य करने वाले लोगों सम्मानित करने का कार्य करते हैं। या फिर गरीबों को जरूरत के सामान देते हैं। परंतु, इस बार सीआरपी शशिकांत मंडल ने अपने मानदेय में से प्रतिदिन 40 रुपये जमा कर शनिवार को छेंचा सीआरपी सभागार में लगभग 20 शिक्षकों के बीच कंबल बांटा। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मुखिया आशा देवी व सीआरपी शशिकांत मंडल मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मैं आज से ही प्रतिदिन अपने मानदेय में से 100 रुपये जमा करूंगा और उस पैसे से प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमदों व गरीबों को जरूरत के सामानों का वितरण करूंगा।

## चंदवा में पीएचडी विभाग के समक्ष धरना और पुतला दहन किया गया

# भ्रष्टाचार करने वाले होंगे सलाखों के पीछे : रवि डे

**मुकेश कुमार सिंह**



**चंदवा।** चंदवा के झारखंड विकास समिति के अध्यक्ष रवि कुमार डे के द्वारा चंदवा के हाईवे हिल होटल से चंदवा के पीएचडी कार्यालय पहुंचकर धरना एवं प्रदर्शन किया गया। वही श्री डे अपने संबोधन में कहा कि लातेहार के पीएचडी विभाग चंदवा के लोगों को और लातेहार जिला वासियों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा दे नहीं तो भ्रष्टाचार करने पर कानून उन सभी पदाधिकारियों को सलाखें के बीच पीछे भेजने का काम करेगी। आज चंदवा प्रखंड में जितने सोलर जल मीनार लगे हैं वह पूरी तरह खराब हो गया है ग्रामीण मजबूरी में चुआड़ी का पानी पीने के लिए मजबूर हो गए हैं कई बार हम लोग अखबारों में पढ़ते हैं कि बच्चों का भोजन चुआडी के पानी से बनाई जा रही है लातेहार के पेयजल विभाग के एसडीओ कार्यपालक अभियंता सहायक अभियंता कनीय अभियंता करोड़ों रुपए हर साल योजनाओं के नाम पर डकार लेते हैं और जनता को शुद्ध जल की भी व्यवस्था नहीं की जा रही है जो बहुत ही शर्म की बात है सरकार पूरे राज्य भर में हर वर्ष नई नई योजना लाकर पेयजल विभाग के माध्यम से जनता को स्वच्छ जल पिलाने का वादा करती है आज हमारा देश आजादी के 70 साल होने के बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में मिड डे मील का भोजन चुआडी से पानी पीने के लिए बच्चे मजबूर है। यह कैसी व्यवस्था है सत्येंद्र प्रसाद यादव ने अपने संबोधन में कहा कि नल जल योजना जो अभी हर एक पंचायत में चल रहा है उसमें भी घोर अनियमितता देखी जा रही है झारखंड के मुख्यमंत्री यह वादा करते हैं कि 2024 तक पूरे झारखंड में हर घर में नल जल की व्यवस्था की जायेगी। परंतु शहरी जलापूर्ति योजना के नाम पर करोड़ों रुपये पदाधिकारियों के द्वारा डकार लिए गये। आज एक बूंद भी जनता को पानी नहीं मिल रही है।नल जल योजना का भी यही हश्र होगा। इधर झारखंड विकास समिति के द्वारा ज्ञापन पेयजल आपूर्ति विभाग के एसडीओ को दी गयी।

# नेशनल पेंशनर डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो।** प्रखंड के करौंदाजोर और लठदाग गांव में शनिवार को नेशनल पेंशनर डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रांची, गुमला, लोहरदगा सिमडेगा, सिसई बेड़ो, भरनो समेत कई स्थानों के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के पेंसनधारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम का सुभारंभ दिलीप अधिकारी, नवल किशोर बर्मा, विनय कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर किया। मौके पर राज्य पेंशनर एसोसिएशन के संयोजक नवल किशोर बर्मा ने कहा 17 दिसंबर को हम पेंशनर डे मनाते हैं। और एकजुट होकर अपनी अपनी समस्याओं को रखते हैं जिसे एसोसिएशन द्वारा समाधान करने का प्रयास किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा अभी बैंकों का निजीकरण का दौर चल रहा है, हो सकता है आगे चलकर पेंसन रोक दिया जाये। जिसे लेकर संगठित रहने की आवश्यकता है। मौके पर पेंसनर समाज के जिला अध्यक्ष वैद्यनाथ चंद्र अधिकारी ने कहा रिटायर होने के बाद आप स्वतंत्र हो चुके हैं किसी के अधीनस्थ नहीं है। मांगने से भीख भी नही मिलती अपने अधिकारों को लड़ कर लेना होगा। पेंसनर एसोसिएशन के सदस्यों का कार्यक्रम के आयोजक दिलीप अधिकारी और सारदा ओहदार द्वारा अपने गांव मे जोरदार किया गया। कार्यक्रम में 20 बृद्ध असहाय, दिव्यांग लोगों को कंबल और 10 लोगों को खाद्य शामग्री दिया गया। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी, कलिंदर साहू, विनय कुमार सिंह, डीडी उराँव, दिलीप कुमार समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण बैंक पेंसनर एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित थे।

# विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** चिल्ड्रेन एकेडमी रंहे में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्य के मुख्य अतिथि बीडीओ विष्णु देव कच्छप, विशिष्ट अतिथि सीओ प्रणव ऋतुराज, गुमला के वरिष्ठ पत्रकार दुर्जय पासवान, दीपक वर्मा, मुकेश सोनी एवं समाजसेवी अनिरुद्ध चौबे के अलावे अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की प्रशंसा की। इस दौरान दसवीं कक्षा के निशांत कुमार के द्वारा जेट इंजन, सिमरन ग्रुप ने पदार्थ के सूक्ष्म कणों को दर्शाया, विखंडन अभिक्रिया का प्रयोग किया, क्लास नौवीं के विद्यार्थियों द्वारा पृथ्वी की घूर्णन गति एवं परिक्रमा, भूकंप एवं सूक्ष्मदर्शी को दशार्या। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने डांसिंग लाइट इलेक्ट्रिकल हीटर बायोगैस विस्थापन अभिक्रिया को प्रदर्शित किया। वहीं सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भूकंप, सौर ऊर्जा, जल चक्र एवं विद्युत हीटर बनाया। इस दौरान बीडिओ ने कहा चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल द्वारा विद्यार्थियों का विज्ञान के प्रति झुकाव एवं कोशिश बहुत सराहनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों को सुझाव देते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी का मतलब सिर्फ भौतिक रसायन एवं जीव विज्ञान के अलावा आज समाज को आगे बढ़ाने के लिये विज्ञान रूपी ज्ञान की आवश्यकता है। सीओ ने कहा सभी नन्हे वैज्ञानिक है जिन्होंने अपने प्रदर्शन एवं विज्ञान प्रदर्शन से हमें मंत्रमुग्ध कर दिया है। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडिओ विष्णु देव कच्छप, प्रणव ऋतुराज, दुर्जय पासवान, दीपक वर्मा, मुकेश सोनी, अनिरुद्ध चौबे, अजय कुमार साहू, मिथिलेश महापात्रा, विजय कुमार साहू, सुशील टोप्पो, प्रवीण कुमार, रेशमा कुमारी, सोनाली कुमारी, निधि कुमारी, राहुल कुमार एवं मनोज साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में खेल मद से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न

# प्राप्त आवंटनों से किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** शनिवार को उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में खेल मद से संबधित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने खेल मद में प्राप्त आवंटनों से किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। उपायुक्त ने खेल नीति को बढ़ावा देने हेतु क्रिकेट एवं अन्य खेलों के लिए भी बच्चों के बीच टूनामेंट करवाने की बात कही।उपायुक्त ने जल्द ही एक क्रिकेट मैच का आयोजन करने का निर्देश दिया।साथ ही क्रिकेट से संबंधित सभी खेल सामग्रियों को स्पोर्ट्स बैंक में रखने की भी बात कही। उपायुक्त ने समय से सभी कोच, प्रशिक्षक, खिलाड़ियों की छात्रवृत्ति एवं कर्मियों को वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह का वेतन नियमानुसार मासिक रूप से होनी चाहिए विलंब होने पर दोषी खेल विभाग को ठहराया जाएगा। उन्होंने विभिन्न खेलों के लिए एक एक नोडल पदाधिकारी का चयन करने का निर्देश दिया। उन सभी नोडल पदाधिकारियों की जिम्मेदारी होगी की संबंधित खेल का टूनामेंट समय से हो सके। उपायुक्त ने अब तक जिले में हुए प्रतियोगिता की भी समीक्षा की। उन्होंने और भी टूरनामेंट कराने की बात कही। उपायुक्त ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम एवं तेलंगा खड़िया स्टेडियम के बीच बारह हजार लीटर की टंकी का स्ट्रक्चर बनाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने डे बोर्डिंग को बेहतर करने की दिशा में एक बेहतरीन योजना तैयार करते हुए अधोहस्तक्षर कार्यालय में प्रस्ताव समर्पित करने का निर्देश दिए उपायुक्त ने कहा की डे बोर्डिंग छात्रावास के बाहर भी एक शौंचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण करे ताकि बाहर से आकर खेलने वाले बच्चों को दिक्कत ना हो। साथ ही छात्रावास के अंदर मल्टी जिम का प्रस्ताव बनाने का निर्देश दिया। छात्रावास में रहने वाले बच्चों का प्रत्येक माह डिटेल्स एंट्री करने की बात कही ताकि उन्हें मिलने वाली राशि का समय से वितरण किया जा सके। उन्होंने एथलेटिक्स , हॉकी, क्रिकेट आदि खेलों के लिए भी मैदान बनाने की बात कही। उपायुक्त ने एक महिला एवं एक पुरुष का असिस्टेंट कोच के रूप में बहाली करने का निर्देश दिया।

## बैठक में ये रहे उपस्थित

बैठक में मुख्य रूप से डीडीसी गुमला हेमंत सती, एसडीओ गुमला रवि जैन , सहायक समाहर्ता आशीष गंगवाल, जिला नजारत उप समाहर्ता ,जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में शनिवार को मातृ सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन वार्ड नंबर 21 की वार्ड पार्षद शैल मिश्रा, मुख्य अतिथि रंजना साहू,प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, सह सचिव प्रभात कुमार दास तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में 153 माताओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की भूमिका आचार्य देवंती कुमारी के द्वारा रखी गई तथा प्रधानाचार्य ने विषय वस्तु प्रस्तुत करते हुए कहा की बच्चों की प्रथम पाठशाला मां की गोद होती है जहां से निकलकर बच्चे विद्यालय तक पहुंचते हैं। अतः माताओं और गुरुओं की आपसी तालमेल से ही बच्चों में सर्वांगीण विकास होता है। मुख्य अतिथि के रूप में रंजना साहू ने कहा कि बेटियां घर की शान होती है। हमें अपने बच्चियों को इस प्रकार की शिक्षा देनी है की आने वाली जीवन में सभी समस्याओं का सामना आसानी से कर सकें। कार्यक्रम में अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने कहा कि कि बच्चों द्वारा अत्याधिक मोबाइल के प्रयोग से वे अपनी संस्कृति से विमुख होते जा रहे हैं अतः उन्होंने माताओं से अपील की कि वह अपने बच्चियों को मोबाइल ना दें। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं द्वारा मातृ भक्ति से ओत प्रोत मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। अपने अध्यक्षीय भाषण में वार्ड पार्षद शैल मिश्रा ने कहा कि बच्चों के विकास में माताओं की अहम भूमिका होती है। बच्चों में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार देना भी अति आवश्यक है। सम्मेलन में माताओं की ओर से भी कई प्रकार के सुझाव दिये गये। समस्त कार्यक्रम आचार्या अन्नपूर्णा कुमारी, संगीता कुमारी, देवंती कुमारी,आशा कुमारी, सविता कुमारी के सहयोग से संपन्न हुआ।

# कंप्यूटर ऑपरेटर का महज तीन महीने में ही हो गया तबादला

**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर पोस्टिंग महज तीन महीनों में ही तबादला हो गया। प्रखंड कार्यालय के मनरेगा सेल में कार्यरत कंप्यूटर आपरेटर पवन कुमार साहू का तबादला अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड में हो गया है, उनके स्थान पर प्रखंड में पूर्व से पदस्थापित आंपरेटर सुबोध कुमार की नियुक्ति पुनः किया गया है। ज्ञात हो की बीते तीन माह पूर्व ही मनरेगा कोषांग से विभिन्न मनरेगा कर्मियों व आंपरेटरों का ट्रांसफर-पोस्टिंग किया गया था। डीडीसी के द्वारा प्रशासनिक दृष्टिकोण एवं कार्यहित में पदस्थापन आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। तीन महिनों के अंदर अचानक हुए मनरेगा आंपरेटर तबादले से मनरेगा कर्मियों सहित स्थानीय लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

# इश्तेहार चिपकाया गया

**रायडीह (आजाद सिपाही)।** सुरसांग थाना क्षेत्र के भेलवाडीह गांव निवासी बलि सिंह के घर में सुरसांग पुलिस के द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया। थाना प्रभारी विवेक कुमार ने बताया कि बलि सिंह थाना कांड संख्या 05/21 का अभियुक्त है और आठ माह से फरार है।

# फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज ने किया



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** राजा मैदान में आज ब्लॉक स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज के द्वारा किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला परिसद सदस्य शांति देवी पंचायत समिति सदस्य शांति देवी के द्वारा किया गया। मौके पर जिला परिसद सदस्य शांति देवी ने सी 3 इंडिया के द्वारा यह आयोजन बहुत ही विशेष बताया इसमें 10-19 साल के किशोरों को लेकर मैच का आयोजन किया गया है। खेलकूद में जुड़े रहने से किशोर स्वस्थ भी रहेंगे एवम असामाजिक गतिविधियों में रहकर समाज में सकारात्मक योगदान करेगें, इसी के तहत आज प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन कराया जा रहा है। जो विजेता टीम होगी उसका चयन जिला स्तरीय टूनामेंट के लिए होगा। इस टूर्नामेंट में प्रखंड के 6 टीमों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य शांति देवी के पंचायत समिति सदस्य शांति देवी स्वास्थ्य विभाग से युवा मैत्री केंद्र सलाहकार पवन उरांव गुरुकुल संस्था के छेत्रीय प्रबंधक मूनमून कुमार एवं सी 3 इंडिया के पूनम कुमारी,प्रकाश, करमिला, प्रतिभा एवं चैम्पियन पुरुषोत्तम, सूरज, अंशु, कविता इत्यादि मौजूद थे।

# शिक्षकेतर कर्मचारियों को क्रिसमस और नया साल के शुभ अवसर पर उपहार देकर सम्मानित



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** वेस्कोट पब्लिक स्कूल घाघरा के निदेशक विक्की एंथोनी ने विद्यालय परिसर में शनिवार को सभी शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारियों को क्रिसमस एवं नया साल के शुभ अवसर पर उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विक्की एंथोनी ने कहा प्रत्येक वर्ष विद्यालय की ओर से शिक्षक शिक्षकेतर कर्मियों के बीच क्रिसमस एवं नये वर्ष को लेकर उपहार देकर सम्मानित किया जाता है। इस मौके पर मुख्य रूप से विक्की एंथोनी, रुचिका गुप्ता, नेहा कुमारी, अवधेश मिश्रा, प्रमोद उरांव, नूतन सिंह, प्रियंका सिंह, नेहा जायसवाल, पल्लवी गुप्ता, नेहा साहू, निशा एंथोनी, विशाल सिंह, रश्मि कुमारी, नीरू मिश्रा, सोनी साहू एवं प्रीति मिश्रा सहित कई लोग के बीच उपहार दिया गया।

# एसपी ने किया मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन



**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में शनिवार को एसपी एहतेशाम बकारीब की उपस्थिति में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी के द्वारा जिले की सभी थानों की मासिक कार्यों की समीक्षा की। वहीं उन्होंने नव वर्ष में नये चुनौती एवं जनता को बेहतर सुरक्षा प्रदान करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। गोष्टी के पश्चात पुलिस महकमा के सभी अधिकारी राष्ट्रीय धरोहर नवरत्न गढ़ का भ्रमण भी किया। इस मौके पर जिले के सभी एसडीपीओ, डीएसपी,सर्किल इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# रात्रि पाठशाला में क्वीज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव सदस्य बुद्धेश्वर उरांव आज रात्रि पाठशाला सूपा 1, प्रखण्ड भरनों, जिला गुमला में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें सभी बच्चों का अच्छा प्रदर्शन शानदार रहा। सभी बच्चों को पढ़ाई के स्तर के आधार पर तीन ग्रुप में बांटा गया और तीनों ग्रुप को दस-दस प्रश्न पूछा गया। जिसमें पहला ग्रुप में शिवम उरांव दस में से कुल नौ प्रश्न सही बनाए। दूसरा ग्रुप में शिवानी कुमारी दस में से कुल नौ प्रश्न सही बनाई उसी प्रकार तीसरा ग्रुप में अमित उरांव दस में से कुल नौ प्रश्न सही बनाये। मिशन बदलाव के बुद्धेश्वर टोप्पो ने बताया कि तीनों ग्रुप में अच्छा प्रदर्शन करने वाला बच्चों को पुरस्कार दे कर प्रोत्साहित किये। जिससे कि बच्चो को प्रतियोगिता के प्रति उत्साह बना रहे और बाकि बच्चों को निराश नहीं होने को कहा साथ में मोटिवेट रहे और गलतियां से सीखें आज के ये प्रतियोगिता में सभी बच्चे से बहुत खुश थे। बच्चों के इस खुशी को देखते हुए भाई माहेश्वर उरांव ने प्रत्येक सप्ताह अपने तरफ से क्विज प्रतियोगिता रखने की बात की। यह निश्चित ही बच्चों के लिए काफी लाभदायक होगा। इस प्रतियेगिता को सफल बनाने में भाई माहेश्वर उरांव, भाई बुधराम उरांव का सरहानीय योगदान रहा।

## प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

# दस से उन्नीस साल के युवाओं को लेकर मैच का आयोजन किया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** कलिगा मैदान में सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज के द्वारा किशोरों के बीच एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग एवं विशिष्ट अतिथि मुखिया मरियम बेक के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग ने बताया कि सी 3 इंडिया के द्वारा इस प्रकार का आयोजन करना प्रशसनीय है। इसमें 10-19 साल के किशोरों को लेकर मैच का आयोजन किया गया है। खेल कूद में जुड़े रहने से किशोर का तन मन स्वस्थ रहेगा। एवम असामाजिक गतिविधियों से दूर रहकर समाज में सकारात्मक योगदान करेगें। ज्ञातव्य हो कि सेंटर फॉर केटालाइज़िग चेंज किशोरों के बेहतर शारीरिक एवम मानसिक स्वास्थ्य एवं समग्र विकास के लिए कार्य कर रही है। किशोरों को नशापान से दूरी एवम लडको एवं लड़की के समान अधिकार को लेकर भी जागरूक किया जा रहा है क कार्यक्रम को मुखिया मरियम बेक, सी 3 इंडिया के कार्यक्रम पदाधिकारी मनीषा श्रीवास्तव, प्रवीण मिश्रा, अमित श्रीवास्तव, संजय कुमार ने भी संबोधित करते हुए कहा की किशोरों को जागरूक करने का उद्देश्य है कि समाज में पहले से चली आ रही रूढ़िवादी सोच को समाप्त करने में किशोर अपनी भूमिका निभा सकें। इसी के तहत आज प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन कराया जा रहा है। जो विजेता टीम होगी उसका चयन जिला स्तरीय टूर्नामेंट के लिए होगा। इस टूर्नामेंट में प्रखंड से 6 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच कुम्हारी एवम रामडीह के बीच खेला गया जिसमे कुंहारी की टीम विजेता रही। खेल के समाप्ति के उपरांत मुख्य अथिति जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार का वितरण भी किया गया।

## इनकी रही मौजूदगी

इस खेल आयोजन में स्वास्थ्य विभाग से युवा मैत्री केंद्र के सलाहकार सुषमा कुमारी, एएसआइ परवेज अंसारी एवं सी 3 इंडिया के मनीषा श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, प्रवीण मिश्रा, संजय कुमार चैंपियन दीप्ति कुमारी एवं किशोर मौजूद थे।

# नागरिक सहायता केंद्र का उद्घाटन किया



**बसिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को प्रखंड उपप्रमुख इंदुमती देवी एवं बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से नागरिक सहायता केंद्र का उद्घाटन किया गया।इस नागरिक सहायता केंद्र में नागरिकों को सभी प्रकार की योजना की जानकारी, समस्या का समाधान, आवेदन भरने में सहायता दी जायेगी। इस सहायता केंद्र के खुल जाने से नागरिकों को काफी सहूलियत होगी।

## ग्राहकों के सभी खातों को प्रिंट व मोबाइल से जोड़े : डाक अधीक्षक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** ग्राहकों के सभी खातों को प्रिंट करने व मोबाईल से जोड़ने का कार्य प्राथमिकता देकर करें, उक्त बातें पलामू प्रमण्डल के डाक अधीक्षक प्रेमजीत कुमार ने जपला मुख्य डाकघर में वार्षिक निरीक्षण के दौरान कही। उन्होने कहा कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार सभी खाताधारियों को भी अपने खातों का मोबाईल से लिंक कराना अनिवार्य है,अन्यथा 1 अप्रैल 2023 से जमा निकासी नही हो सकेगा । आगे उन्होंने कहा कि सभी खाताधारी डाकघर आकर अपने खातों से ए टी एम अवश्य निर्गत करा लें ताकि आप बैंक के किसी भी एटीएम से रुपये निकाल सकें । उन्होंने सभी खातों को आईपीपीबी से भी लिंक करने का निर्देश दिया ताकि खाताधारी स्वयं कही भी रुपये ट्रान्सफर कर सके । साथ ही डाकघर पहुंच कर सम्बंधित सभी कार्यो का बारी बारी से निरीक्षण किया । साफ-सफाई व व्यवस्था से संतुष्ट दिखे तथा डाक निरीक्षक व उपडाकपाल को कई दिशा निर्देश दिया। मौके पर डाकघर अभिकर्ता श्रवण कुमार व देवेन्द्र नाथ गुप्ता ने भी मिलकर कुछ समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया जिसमें मुख्य रूप से पलामू प्रमण्डल के सभी डाकघरों में किसान विकास पत्र व राष्ट्रीय बचत पत्र को एक दूसरे के नाम ट्रांसफर नहीं होने की बात बताई जबकि राज्य के अन्य डाकघरों में यह लागू है ।उन्होने आश्वासन दिया कि नियमो का अवलोकन कर इसे शीघ्र लागू करा दिया जायेगा। मौके पर डाक निरीक्षक सुमन कुमार समानता, अरविन्द कुमार ओझा विनोद चौधरी, सन्तु मिंज, पप्पू कुमार, भोला प्रसाद, संतोष टूदु सहित सभी डाककर्मी उपस्थित थे।

## 13वें दिन अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन आमरण अनशन में हुआ तब्दील



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** ढाब बस स्टैंड एनएच 98 किनारे फोरलेन विस्थापित रैयतों का धरना प्रदर्शन 13वें दिन अनिश्चित कालीन आमरण अनशन में तब्दील हुआ। शनिवार को पूर्व विधायक सह आजसु के केंद्रीय उपाध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने रैयतों की लड़ाई में शामिल हो कर रैयतों की लड़ाई जायज बताते हुए उनकी लड़ाई को जोरदार तरीके से लड़ने की बात कही ।विदित हो की रैयतों की लड़ाई 13वीं दिन वितने के बावजूद इसकी सुधि आधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने नहीं ली। जिसके बाद आक्रोशित रैयतों के हितार्थ सेमरबार पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान और अखिलेश कुमार गुप्ता ने आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। मौके पर राजू गुप्ता , परशुराम मेहता, डोमन साव, बिनोद मेहता, श्यामलाल यादव , अविनाश कुमार जायसवाल, सुदामा, अजय मेहता, प्रेमचन्द जायसवाल, जयराम मेहता , सिकंदर प्रसाद , अवध प्रसाद मंटू कुमार सहित काफी संख्या में लोगों ने आन्दोलन को सफल बनाने का संकल्प लिया। जबकि जब तक विस्थापितों की मांगें पूरी नहीं होंगी तब तक आमरण अनशन (भूख हड़ताल) जारी रखने की बात कही गयी।

## 24 लाभुकों के बीच बंटा 90 प्रतिशत अनुदानित राशि पर पंप सेट



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में स्वीकृत किसान लाभुकों के बीच शनिवार को 90% अनुदान पर पंपसेट और एचडीपीई पाइप का वितरण किया गया ।इस दौरान बीडीओ जयप्रकाश नारायण, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, एटीएम प्रवीण जहां, जिला परिषद सदस्य मंजू देवी, प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने संयुक्त रूप से लाभुकों के बीच पंपसेट का वितरण किया। मौके पर जिप सदस्य मंजू देवी ने कहा कि पंपसेट और एचडीपीई पाइप मिलने से लाभुक एवं सीमांत किसानों को कृषि करने में लाभ मिलेगा ।वहीं प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने कहा कि पंप सेट द्वारा खेती करने में आने वाली परेशानियों से किसान लाभूको को बहुत हद तक निजात मिलेगी। सप्लायर नवल दुबे ने बताया कि किसान लाभुकों को पंपसेट पर 20 हजार तक की छूट सरकार द्वारा दी जा रही है। मौके समाजसेवी राजेश राम, अनिल पासवान, सप्लायर नवल कुमार दुबे, पूर्व मुखिया सुरेश चौधरी, बसंत मेहता, जितेंद्र कुमार मेहता, प्रमोद पासवान आदि मौजूद थे।

# 50 बेड का आश्रय गृह, फिर भी फुटपाथ पर रात गुजारते हैं लोग

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर के सरकारी बस डिपो के पास 50 बेड का आश्रय गृह बना है फिर भी लोग जानकारी के अभाव में फुटपाथ पर रात गुजारने को विवश हैं। ठंड में रात गुजारने के लिए किसी को परेशानी नहीं हो इसके लिए आश्रय गृह का निर्माण कराया गया है। इसका देखरेख नगर निगम के जिम्मे है। 50 बेड के आश्रय गृह में 35 पुरुष और 15 महिला का बेड लगाया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव शुक्रवार की रात 10 बजे अचानक आश्रय गृह पहुंचे और वहां रात गुजार रहे लोगों से बात की। साथ ही पूरे परिसर का भ्रमण किया। शनिवार को उन्होंने बताया कि प्रचार प्रसार के अभाव में लोग आश्रय गृह का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। 50 क्षमता वाले इस आश्रय गृह में मात्र आठ लोग ही थे। उन्होंने रेलवे स्टेशन, बस पड़ाव और बस डिपो का भी निरीक्षण किया। जरूरतमंद लोगों को कम्बल भी उपलब्ध कराया गया। इस मौके पर अधिवक्ता संघ के महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा, जिला विधिक सेवा के कर्मी संजीव सिंह और वैभव भास्कर शामिल थे।

## लाला यादव बने अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के जिला अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू ।** अखिल भारतवर्षीय प्रदेश यादव महासभा झारखंड के अध्यक्ष रामाशीष यादव ने जिला अध्यक्ष की घोषणा की जिसमें लाला यादव को पलामू जिला अध्यक्ष बनाया गया। यादव ने नवनियुक्त अध्यक्ष लाला यादव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही एक सप्ताह के अंदर अपने जिला कमेटी की घोषणा करने का भी निर्देश भी दिया महासभा के प्रधान महासचिव इंद्रजीत यादव ने कहा लाला यादव ऊजार्वान के साथ अनुभवी एवं सभी को साथ लेकर चलने वाले व्यक्ति है वे समाज के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा पलामू में यादवों को एकजुट करने का काम करेंगे जिला अध्यक्ष की नियुक्ति पर महासभा के प्रदेश संरक्षक शिवपूजन यादव बल्ली यादव प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण यादव पप्पू यादव अरविंद यादव मनातू मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव प्रमुख गीता यादव, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, अंतु यादव, अधिवक्ता श्याम बिहारी राय, पत्रकार ताराचंद यादव, मिथलेश यादव, रविन्द्र यादव, अरविंद यादव, महेश यादव, चंचल यादव, यमुना यादव, कमता प्रसाद यादव, कुलदीप यादव, अवधेश यादव, सुनील यादव ने बधाई दी है एवं सफल कार्यकाल श्री कृष्ण से प्रार्थना की है।

## एनसीपी नेता ने सहार बिहरा में क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हैदरनगर ।** मोहम्मद गंज प्रखंड के कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत अंतर्गत सहार बिहरा गांव में शनिवार को 18 वीं स्व.लक्ष्मी सहार स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच का उद्घाटन एनसीपी के प्रदेश महासचिव इंटक नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने किया। मौके पर विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह व अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल मैच कोल्हुआ और लेमुआ टीकर के बीच खेला गया। लेमूआ टिकर टीम ने 20 ओवर में 167 रानो का लक्ष्य कोल्हूआ टीम को दिया। लेमुआ टिकर की टीम ने कोल्हुआ टीम को 12 रनों से पराजित कर दिया। विजेता और उप विजेता टीम को मुख्य अतिथि विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कप प्रदान किया। साथ ही मेन ऑफ दी मैच व बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। एनसीपी नेता विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं में खेल के प्रति उत्साह बढ़ने के साथ साथ उन्हे राज्य और देश स्तर पर प्रतियोगिताओं में शामिल होने का अवसर मिलता है। मौके पर राकांपा नेता गुड्डु सिंह, युवा समाज सेवी अश्विनी सिंह, नितेश सिंह,ज्याउद्दीन खान,अजीत सिंह, विमलेश सिंह, विनय पासवान, रुदा सिंह,पप्पू सिंह, बलराम मेहता और काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## पांकी विधायक ने महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के भवन निर्माण का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**पांकी (पलामू )।** पांकी प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय में विज्ञान संकाय भवन निर्माण का भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने आज अपने निधि फंड से मजदूर किशन महाविद्यालय में विज्ञान संकाय भवन का विधिवत पूजा पाठ कर नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ दिलीप कुमार राम ने विधायक डॉ मेहता को शॉल देकर सम्मानित किया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास में सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य इत्यादि सुविधाओं के साथ-साथ शिक्षा का अति महत्वपूर्ण योगदान रहता है। सुदूरवर्ती गांव में रहने वाले लोगों बीसीए का पढ़ाई कर सके। गरीब मजदूरों के बच्चे स्नातक की पढ़ाई पूरी कर सके। डॉ मेहता ने ये भी कहा कि हमारे पांकी विधानसभा क्षेत्र के बच्चों को पढ़ाई के लिए उत्कृष्ट सुविधाएं मिले इसके लिए लगातार कार्य कर रहा हूँ ताकि क्षेत्र के बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर पूरे विश्व मे पांकी का नाम रोशन कर पाएं। श्री मेहता ने कहा कि पूर्व के जनप्रतिनिधियों की अकर्मण्यता और दमनकारी नीतियों का जो दंश क्षेत्र की जनता ने झेला है वो किसी से छुपा हुआ नही है। लेकिन मैं अपने पांकी विधानसभा क्षेत्र के विकास के साथ साथ यहां के लोगों हर तारीके से मजबूत बनाने का प्रयास कर रहा हूँ।

## सोन नदी की भूमि पर चल रहे विवाद निपटारा को लेकर प्रशिक्षु आइएएस पहुंचे कबरा गांव

आजाद सिपाही संवाददाता



**हैदरनगर ।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के कबरा कला गांव के उत्तर दिशा में सोन नदी की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर एक जाति विशेष मल्लाहों और गांव के अन्य लोगों के साथ दो वर्षों से विवाद चल रहा है। उक्त विवाद को सुलझाने हेतु जिले के उपायुक्त के निर्देश पर प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी श्रीकांत विसपुते शनिवार को कबरा कला गांव पहुंचे। श्री विसपुते के साथ हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण, एसडीपीओ पूज्य प्रकाश,हैदरनगर के अंचल अधिकारी राजीव नीरज एवं थाना प्रभारी अजित कुमार मुंडा भी उपस्थित थे।गांव में अवस्थित मध्य विद्यालय के परिसर में जमीन विवाद को सुलझाने को लेकर दोनों पक्ष के लोग काफी संख्या में जुटे। मल्लाह जाति के लोगों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि सोन नदी के दियारा क्षेत्र की भूमि पर खेती-बारी करना उनका पुश्तैनी पेशा है। उनका यह भी कहना है कि सोन नदी की दियारा क्षेत्र की पूरी भूमि बिहार सरकार के समय से ही उन्हें मछली पकड़ने व खेती करने के लिए दिया गया है। इधर दो साल पहले गांव के अन्य जाति के लोग एक साजिश के तहत उन्हें उक्त भूमि से बेदखल करने का प्रयास कर रहे हैं। इधर अनुसूचित जाति एवं अन्य जाति के दूसरे पक्ष के लोगों ने अधिकारियों के समक्ष कहा कि सोन नदी की भूमि सरकारी भूमि है जिसपर गांव के सभी लोगों का समान अधिकार है। किंतु एक जाति विशेष के लोग उक्त भूमि को निजी भूमि मानकर अन्य दूसरी जाति के लोगों को उसका उपयोग नहीं करने देते हैं।

## जेआरजीबी ने तीन समूहों के ऋण का किया सत्यापन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड सभागार में शनिवार को बीडीओ जयप्रकाश नारायण के अध्यक्षता में जेआरजीबी हरिहरगंज शाखा प्रबंधक नागेन्द्र कुमार व नगर पंचायत के सामुदायिक संगठन कर्ता (सीओ) विचित्रा सिंह के नेतृत्व में शहरी एसएचजी के तीन समूहों के ऋण का सत्यापन किया गया। इस दौरान शहरी समूह के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष से ऋण पुस्तक के बारे में पूछा गया और महिलाओं के बीच ऋण की राशि वितरण करने की जानकारी प्रबंधक ने ली। वहीं शाखा प्रबंधक ने दस महिलाओं के समूह के बीच 6 लाख रुपये ऋण देने की सत्यापन किया ।शाखा प्रबंधक ने बताया कि सतगांवा वार्ड नं 5 के अंतर्गत जय माता दी, सियारभुका वार्ड नं 2 के कृषि एवं उज्जवल एसएचजी के सत्यापन के बाद अन्य समूहों का भी सत्यापन किया जाएगा ।वहीं बीडीओ जयप्रकाश नारायण,प्रमुख कमला देवी तथा जीप सदस्या मंजू देवी के द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी मिशन के 'नई चेतना-पहल बदलाव की' अंतर्गत निकाय के महिंलाओं को जागरूक करने हेतू चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर शहरी आजिविका मिशन के सीआरपी साहदा अंजुम, अनिता कुमारी, लालमुन्नी कुमारी, रिशू कुमारी के अलावे दर्जनों एसएचजी के महिला उपस्थित थे।

DADI PLASTIC & KITCHENWARE
Home & Kitchen
Deals in : Specially in Plastic & Cleaning
(WHOLESALE & RETAIL)




North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

# बैंक से महिला ने निकाले पैसे, फिर हुआ हंगामा : 500 रुपये कम होने के बाद हुआ हंगामा, सीसीटीवी फुटेज देखकर महिला ने मांगी माफी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** बैंक से पैसे निकालकर जब महिला ने पैसे गिने तो उसमें पांच सौ रुपये कम थे। महिला ने पैसे देने वाले पर आरोप लगाते हुए कहा कि पैसे कम हैं। बैंक में इसे लेकर खूब हंगामा हुआ। हंगामा इतना बढ़ा की जांच सीसीटीवी कैमरे तक पहुंच गयी।

### बैंक में हुआ हंगामा

पूरा मामला पलामू जिले के हरिहरगंज का है। हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय के सामने मेन रोड स्थित एसबीआई शाखा से महिला ने पैसे निकाले। महिला ने अपने खाते से 49 हजार रुपए निकाले। वहीं पर महिला ने पैसे की गिनती शुरू की और पैसे देने वाले कैशियर पर आरोप लगाया कि उसने कम पैसे दिए हैं।

### सीसीटीवी में सामने आया सच

कैशियर यह मानने को तैयार नहीं था कि उसने कम पैसे दिए हैं। हंगामा बढ़ रहा था तो मैनेजर ने सीसीटीवी कैमरे की जांच करने का आदेश दिया। बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज खंगाला गया। सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि महिला ने 500 रुपए छिपा लिए थे। पैसे छिपाने के बाद वह कैशियर पर आरोप लगा रही थी। सीसीटीवी फुटेज से सच सामने आ चुका था।

### बैंक मैनेजर ने क्या कहा

एसबीआई बैंक मैनेजर राजीव कुमार रंजन ने इस घटना के संबंध में कहा कि बैंक में सभ्री कर्मचारी ईमानदारी से अपना काम पूरा करने की कोशिश करते हैं। कुछ खाताधारी कर्मचारियों को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। खाताधारीयों से बैंक मैनेजर ने साथ मिलकर बेहतर काम करने और बैंक की छवि ना बिगाड़ने की अपील की है।

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र




पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

## स्पोर्ट्स



आईपीएल में अच्छा करने के बावजूद भारत की टी-20 टीम से बाहर हैं धवन, एकदिनी करियर पर भी संशय

# भारत जीत से 4 विकेट दूर

**चट्टोग्राम।** भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ यहां चल रहे पहले टेस्ट मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। बांग्लादेश ने चौथे दिन का खेल खत्म होने पर 6 विकेट पर 272 रन बना लिए हैं। शाकिब अल हसन 40 और मेंहदी हसन मिराज 09 रन बनाकर नाबाद हैं। बांग्लादेश की तरफ से जाकिर हसन ने आज बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 100 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। पांचवे और अंतिम दिन भारत को जीत के लिए 4 विकेट और बांग्लादेश को 241 रनों की जरुरत है। 513 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेशी टीम को जाकिर हसन और नजमुल हुसैन शांतो ने मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 124 रन जोड़े। उमेश यादव ने शांतो को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। शांतो ने 67 रन बनाए। अक्षर पटेल ने यासिर अली (05) को जल्दी आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। 173 के कुल स्कोर पर कुलदीप यादव ने लिटन दास (19) को आउट कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। इस बीच टिककर खेल रहे जाकिर हसन ने शतक जड़कर अपने टेस्ट पदार्पण का जश्न मनाया, हालांकि उनका यह जश्न ज्यादा देर तक नहीं चला और रविचंद्रन अश्विन ने उन्हें आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। जाकिर ने 100 रन बनाए। 234 के कुल स्कोर पर अक्षर ने मुश्फिकुर रहमान को बोल्ड कर भारत को पांचवीं सफलता दिलाई। मुश्फिकुर ने 23 रन बनाए। अक्षर ने इसके बाद नुरुल हसन (03) को आउट कर भारत को छठी सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान शाकिब अल हसन और मेंहदी हसन मिराज ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। इन दोनों के बीच अब तक सातवें विकेट के लिए 34 रनों की साझेदारी हो चुकी है। शाकिब 40 और मेंहदी 09 रन बनाकर नाबाद हैं।

## झारखंड तैराकी संघ की अध्यक्ष बनी बरखा सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची ।** झारखंड तैराकी संघ की बैठक फिलीप मैथ्यू की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई एजेंडों पर चर्चा हुई। इसके बाद झारखंड तैराकी संघ का गठन भारतीय तैराकी संघ के महासचिव मोनल डी चौकसी की देख-रेख में हुई। जिनकी स्वीकृति के बाद पदाधिकारियों का चयन किया गया। इनमें बरखा सिन्हा को अध्यक्ष बनाया गया। जबकि सचिव उपेन्द्र कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष अमर कुमार सिंह, उपाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सह सचिव नीलम सिंह, मो दिलदार को बनाया गया। वहीं, कार्यकारिणी सदस्यों में माधव चन्द्र घोष, प्रल्हाद सिंह, नित्यानंद शर्मा, अशोक कुमार सिंह, सुमन यादव को शामिल किया गया है। बैठक में धन्यवाद ज्ञापन आजीवन चेयरमैन रामबालक सिंह ने दिया।

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस
(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)
टिको, कुड़ू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)
इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें
झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर
ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed
FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY



Coming Soon Paramedical Courses
◆ Diploma in Operation Theater
◆ DMLT ◆ Dresser
URGENT REQUIREMENT
◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass
◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass
◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)
Send resume within 3 days in 7782054270
संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640
www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com
bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com

## कांग्रेस काल में छोटे-छोटे देश भी हमें डराते थे : बिरंची नारायाण

बोकारो (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा भारतीय जवानों की चीनी जवानों द्वारा पिटाई करने के लगाए आरोप पर बोकारो विधायक सह झारखंड विधानसभा में विरोधी दल के मुख्य सचेतक बिरंची नारायण ने पलटवार किया है। शनिवार को कहा कि जब कांग्रेस के प्रधानमंत्री थे तब छोटे-छोटे देश भी हमें डराते थे। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में मुंहतोड़ जवाब दिया जा रहा है।

## दहेज हत्या में दोषी करार, 20 को होगा सजा पर फैसला

तेनुघाट (आजाद सिपाही)। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय अनिल कुमार की अदालत ने शनिवार को दहेज हत्या के आरोप विवेक चौबे को दोषी पाया है। उसे तेनुघाट जेल भेज दिया गया है। सजा पर फैसला 20 दिसंबर को होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साह ने बहस की। बतातें चलें कि सूचक पेटरवार थाना अंतर्गत गागी निवासी शशि भूषण चौबे ने कसमार थाना प्रभारी के समक्ष तीन अक्टूबर 2020 को बयान दर्ज कराया थआ कि उसकी बेटी की शादी कसमार के गरी निवासी विवेक चौबे से 28 जून 2020 को हुई थी। शादी के बाद से ही उसका पति विवेक चौबे और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। तीन अक्टूबर को विवेक ने सूचना दी कि आपकी बेटी ने फांसी लगा ली है। जब वे लोग बेटी के ससुराल पहुंचे तो वह फंदे से लटकती मिली। जिस तरीके से टलट रही थी उसे देख संदेह हुआ कि बेटी की हत्या कर फंदे से लटका दिया गया है। इसके बाद कसमार थाना में मामला दर्ज किया गया।आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरित होकर एडीजे द्वितीय श्री कुमार के न्यायालय में आया। जहां दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने विवेक चौबे को दोषी पाया।

# मुख्यमंत्री से मिले डॉ लंबोदर महतो, क्षेत्र की समस्याओं से कराया अवगत

**गोमिया विधायक ने लुगुबुरु घंटा बाड़ी सहित क्षेत्र की सड़कों के चौड़ीकरण और आवास बोर्ड के क्वार्टर धारियों को न्याय दिलाने को लेकर सौंपा पत्र, मुख्यमंत्री ने दिया उचित कार्रवाई का आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता


क्षेत्र की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ज्ञापन सौंपते लंबोदर महतो

**बेरमो।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर अपने विधानसभा क्षेत्र की कई समस्याओं की ओर उनका ध्यान आकृष्ट कराया। उनसे समाधान का आग्रह किया। उन्होंने मुख्यमंत्री से विभिन्न पथों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण, आइइएल स्थित आवास बोर्ड के क्वार्टरधारियों को न्याय दिलाने, नेमरा बंगाल सीमाना जरीडीह, बंगाल सीमाना तक किए गए कार्य में रैयतों का मुआवजा भुगतान कराने और ग्राम खुदीबेड़ा में एलाइनमेंट बदलने पर बारी-बारी से चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री से ललपनिया से रजरप्पा भाया बड़की पुन्नू पथ कुल 15 किलोमीटर, ललपनिया लुगूबुरु घंटा बाड़ी धर्म स्थल का पहुंच पथ कुल सात किलोमीटर एवं गझण्डी से हुरलूंग भाया चतरो चट्टी 25 किलोमीटर के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण करने पर चर्चा की। इस क्रम में उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि झारखंड राज्य आवास बोर्ड द्वारा विगत बरसात के समय में 57 क्वार्टरधारियों को उनके क्वार्टर से जबरन हटा कर उन्हें सील कर दिया गया है। जिस कारण 500 से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं और सड़क पर जीवन गुजर-बसर करने को मजबूर हैं। पुनः इस कंपकपाती ठंड में आवास बोर्ड द्वारा 150 क्वार्टरधारियों को एवं इन क्वार्टरों में रहने वाले करीब एक हजार से ज्यादा लोगों को बेघर किया जा रहा है। अगले चरण में लगभग 800 क्वार्टरों में रहने वाले लगभग 4000 से ज्यादा ज्यादा लोगों को आवास बोर्ड द्वारा बेघर किए जाने की तैयारी है। इसको देखते हुए गोमिया में आवास बोर्ड क्वार्टरों में रहने वाले परिवार को नियमित किया जाना युक्तिसंगत और व्यवहारिक रहेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को इस बात से भी अवगत कराया कि पथ निर्माण विभाग द्वारा रामगढ़ एवं बोकारो जिले के नेमरा बंगाल सीमाना से जरीडीह बंगाल सीमाना तक किए जा रहे पथ निर्माण कार्य में अब तक जिन रैयतों की जमीन अधिग्रहित किया गया है उनके मुआवजा का भुगतान किए बिना संवेदक द्वारा पथ निर्माण कार्य किया जा रहा है। इससे रैयतों में आक्रोश है। साथ ही उक्त योजना में कसमार प्रखंड के खुदीबेड़ा गांव में लगभग 140 लोगों का आवास भी टूटने के कगार पर है जिससे वहां के ग्रामीणों में आक्रोश है। फलतः ग्राम खुदीबेड़ा के उक्त सड़क का एलाइनमेंट बदलते हुए गांव के बाहर पश्चिम दिशा में सरकारी जमीन में करने की आवश्यकता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इन सभी समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधान करने की दिशा में शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का आग्रह किया। उधर, मुख्यमंत्री ने सारी बातों को सुनने के बाद उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने विधायक द्वारा लगातार क्षेत्र की समस्याएं उठाने की सराहना भी की।

## दो दिवसीय दौरा संपन्न : कोल सचिव ने देखा दहकते अंगारों पर सरपट दौड़ता जीवन

# कोयला निकाल कर ही बुझायी जा सकती है झरिया की आग : मीणा

**अग्निप्रभावित क्षेत्र के लोगों से जाना, क्यों आ रही हैं पुनर्वास में दिक्कतें**

आजाद सिपाही संवाददाता


आम लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं जानने की कोशिश करते कोल सचिव।

**धनबाद।** कोयला मंत्रालय के सचिव अमृत लाल मीणा अपने दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन शनिवार को जिले के विभिन्न अग्निप्रभावित क्षेत्रों में दहकते अंगारों के बीच सरपट दौड़ती जीवन को देखा। साथ ही स्थानीय लोगों से पुनर्वास में आ रही दिक्कतों को भी जानने की कोशिश की। इस दौरान कोयला सचिव पुटकी के मुनीडीह स्थित अंडरग्राउंड खदान, बाँसजोड़ा व झरिया के अग्निप्रभावित क्षेत्र सहित बेलगढ़िया टाउनशिप का दौरा कर वहां रह रहे लोगों से उनकी समस्याओं और उनके निदान के लिए सुझाव लिए। पत्रकारों से बातें करते हुए बताया कि अग्निप्रभावित क्षेत्र के लोग आखिर विस्थापित होकर सुरक्षित जगह क्यों नहीं जाना चाहते इसे लेकर विस्थापितों से बात हुई हैं। लोगों की परेशानियों को सुना गया है। उनसे सुझाव लिए गए हैं। इनका निदान कैसे हो और लोगों को ज्यादा से ज्यादा पुनर्वास की सुविधा कैसे मिले इसको लेकर विचार किया जाएगा। इस दौरान कोयला सचिव के साथ कोल इंडिया चेयरमैन प्रमोद अग्रवाल, डीसी सह अध्यक्ष झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार (जेआरडीए) संदीप सिंह, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता, बीसीसीएल डिटी, एसडीएम प्रेम कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

झरिया के लिलोरिपथरा पहुंचे कोल सचिव से पत्रकारों ने जब आग बुझाए जाने से संबंधित सवाल किया तो उन्होंने कहा कि बिना कोयला निकाले आग नहीं बुझाया जा सकता है। आग खत्म करने के लिए जलते कोयले को निकाल कर उसे बुझाकर उपयोग में लाया जा रहा है जिसका नतीजा है कि आग का स्तर पहले से काफी कम हो गया है। उन्होंने बताया कि पहले कोयले में लगी आग वाले 67 स्थान थे, जबकि वर्तमान में नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी द्वारा किये गए सर्वे के अनुसार सिर्फ 27 स्थानों पर आग लगी हुई है। बीसीसीएल चरणबद्ध तरीके से आग को खत्म करने की दिशा में काम कर रहा है और उसमें सफलता भी मिली है। बाकी बचे हुए जो 27 आग वाले स्तानों के लिए बीसीसीएल की अपनी योजना है जिससे कि आग के प्रभाव को कम से कम किया जा सके।

### लोगों ने की सर्वे का कटऑफ डेट 2014 करने की मांग

कोल सचिव झरिया के अग्निप्रभावित क्षेत्र लिलोरिपथरा पहुंच वहां रह रहे लोगों से बात की और पुनर्वास में आ रही बाधाओं को जानने का प्रयास किया। इस दौरान प्रीतम रवानी के नेतृत्व में स्थानीय लोग कोयला सचिव से मिले और अपनी बात रखी। लोगों ने कोल सचिव को अपनी मांगों से जुड़ी एक विज्ञप्ति भी सौंपी। लोगों ने एक स्वर में कहा कि जरेडा के तहत सर्वे का कटऑफ डेट 2014 मान्य हो तो वे लोग एक साथ पूरी बस्ती खाली कर चले जायेंगे। वहीं कोल सचिव से यह भी मांग किया गया कि उन्हें बेलगढ़िया शिफ्ट करने के बजाय उचित मुआवजे के रूप में नगद राशि दे दी जाए ताकि स्वेक्षा से लोग दूसरे सुरक्षित स्थान पर अपना मकान बना लें।

## अर्द्ध निर्मित तारामंडल का मॉडल प्लान बनाएं : डीडीसी



बोकारो (आजाद सिपाही)। डीडीसी कीर्तीश्री ने शनिवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। सदर अस्पताल स्थित ओपीडी, पार्किंग एरिया एवं अस्पताल के रंग-रोगण की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित टीम को मॉडल प्लान बनाने का निर्देश दिया। वहीं, सूचना भवन समीप अर्द्ध निर्मित तारा मंडल का भी निरीक्षण किया। तकनीकी टीम को निर्देश दिया कि अर्द्ध निर्मित इस संरचना को मॉडल प्लेनटोरियम के रूप में विकसित करने के लिए प्लान तैयार करें। डीडीसी ने टीम के साथ महाबीर चौक, चास अवस्थित जिला परिषद के दुकानों का भी भ्रमण किया। वहां कैसे नये दुकानों का निर्माण किया जाए, इस पर चर्चा करते हुए संबंधित टीम को दिशा निर्देश दिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा**

अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या– 09/EE/ RDD/SD/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–19.12.2022 से दिनांक 23.12.2022 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–26.12.2022 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–26.12.2022 (अपराह्न 3.30 बजे तक)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान:–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोडरमा | कोडरमा प्रखण्ड के राजकीय उच्च विद्यालय कोडरमा में दो कमरा मरम्मति एवं डींप बोरिंग निर्माण। | 624746.00 | 12500.00 | 1250.00 | 06 (छः) माह। |
| 2. | सतगावों | कोडरमा जिला के सतगावों प्रखण्ड के उच्च विद्यालय मीरगंज में शौचालय एवं डींप बोरिंग निर्माण। | 524905.00 | 10500.00 | 1250.00 | 06 (छः) माह। |

निविदा की शर्ते www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.285322
Rural Work Department(22-23):D


## अग्निप्रभावित क्षेत्र के लोग कोयले पर ही है आश्रित, इस लिए पुनर्वास में आ रही बाधाएं



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। कोल सचिव अपने दौरे के क्रम में बांसजोड़ा परियोजना भी पहुंचे। यहां उन्होंने परियोजना विस्तार में आ रही दिक्कतों को जाना। साथ ही पुनर्वास की जद में आ रहे लोगों से भी बातें की। लोगों ने एक स्वर में कोल सचिव को कहा कि वे यहां से बेलगढ़िया नहीं जाएंगे। विस्थापितों ने कहा कि यहां कोल कर्मियों से ज्यादा असंगठित मजदूर हैं। सभी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोयले से ही जुड़े हैं। अगर बेलगढ़िया चले जायेंगे तो कमाएंगे क्या और खाएंगे क्या। वहीं कोयला सचिव ने कहा कि फिलहाल जो विस्थापितों के लिए जो मकानें बनाई गई है वे यहां से बहुत ज्यादा दूर हैं। वहां रोजगार के अवसर बहुत कम हैं। यहां हर कोई किसी न किसी रूप से रोजगार के लिए कोयले पर ही आश्रित है। सब की बातों को गंभीरता से सुना है इन मुद्दों का कैसे निदान हो इस पर विचार करेंगे।

**कोयला चोरी पर जिला प्रशासन की कार्रवाई से दिखे संतुष्ट :** बासजोड़ा में पत्रकारों से बात करने के दौरान कोल सचिव से जब जिले में जारी कोयला चोरी पर सवाल किया गया तो उन्होंने बताया कि कोयला चोरी रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जहां भी कोयला चोरी से जुड़ी बातें सामने आ रहीं है जिला प्रशासन उस पर कारवाई कर रहा है और वह आगे भी जारी रहेगा।

## बेलगढ़िया पहुंचे कोल सचिव ने लोगों से पूछा उनका हाल

बलियापुर (आजाद सिपाही)। कोल सचिव अमृत लाल मीणा शनिवार को बेलगड़िया टाउनशिप भी पहुंचे। यहां उन्होंने झरिया के अग्नि प्रभावित क्षेत्रों से लेकर बसाए गए विस्थापितों से बेलगढ़िया में मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं की जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने कोयला सचिव को बताया कि सबसे प्रमुख समस्या रोजगार के साधन उपलब्ध नहीं होना है। कहा कि यहां हाई स्कूल और चिकित्सा सुविधा नहीं मिलती है। कोल सचिव ने भी इन समस्याओं को मानते हुए इसके निराकरण के लिए सकारात्मक पहल करने की बातें कहीं। उन्होंने कहा कि रोजगार समेत सभी मुद्दों पर बैठक कर उचित रास्ता निकाला जाएगा।

## इस्पात मंत्रालय के ओएसडी का बोकारो दौरा संपन्न



बोकारो (आजाद सिपाही)। दो दिवसीय दौरे पर बोकारो पहुंचे इस्पात मंत्रालय के ओएसडी एनएन सिन्हा ने अपने दौरे के दूसरे दिन शनिवार को पूर्वाहन जेएनबी पार्क में पौधरोपण और जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद बीएसएल के सीएसआर के तहत नव-निर्मित बोकारो हैंडीक्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया और अन्य सीएसआर गतिविधियों की जानकारी ली। उसके बाद बोकारो निवास में बीएसएल के वरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में उन्हें एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से संयंत्र के उत्पादन, सामग्री प्रबंधन, वित्तीय प्रदर्शन, कोलियरीज, झारखंड में अवस्थित सेल के खदान, सेल रिफ्रेक्ट्री यूनिट का उत्पादन व अन्य पहलुओं से अवगत कराया गया। मौके पर उनके साथ बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेन्दु प्रकाश, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक और अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। अपराहन एनएन सिन्हा बोकारो से विदा हुए।

# अवैध संबंध में बाधक बन रही पत्नी की हत्या, पति फरार

**घटना के बाद से ससुराल वाले भी हुए फरार**

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** खरखरी ओपी क्षेत्र के पडुआभिट्ठा में सनकी युवक द्वारा अवैध संबंध में बाधक बन रही पत्नी की हत्या कर दिए जाने का मामला शनिवार को प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान खुशबू के रूप में हुई है। वो मूल रूप से बोकारो जिला अंतर्गत बेरमो थाना क्षेत्र के रेल्वे गेट ढाको बस्ती की रहने वाली थी। उधर, घटना को अंजाम देने के बाद शव को घर में ही छोड़कर आरोपित युवक व ससुराल के अन्य सदस्य फरार हैं। मृतका के दोनों बच्चों को भी अपने साथ ले गए हैं। वहीं, खबर पाकर मृतका के मायके वाले भी पहुंच गये। परिजन बार-बार बेटी के हत्यारों को ढूंढ कर फांसी देने की मांग कर रहे थे। उधर, खरखरी ओपी पुलिस भी मौके पर पहुंची हालांकि पहले से मौजूद ग्रामीणों ने पुलिस व पंचायत के जनप्रतिनिधियों के खिलाफ भी नाराजगी जाहिर की। बावजूद इसके काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने मृतका के मायके वालों को उचित न्याय दिलाने का आश्वासन देकर शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा। वहीं, मृतका की मां सोनी देवी की शिकायत पर पुलिस ने पति पिंटू चौहान सहित ससुराल के अन्य सदस्यों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### गांव की महिला से है दामाद का अवैध संबंध : सोनी देवी

मृतका की मां सोनी देवी ने आरोप लगाया कि पति की मौत हो जाने के बाद जैसे तैसे उसने अपनी बेटी खुशबू का विवाह पडुआभिट्ठा निवासी बाल गोविंद चौहान के बेटे पिंटू चौहान के साथ साल 2019 में धूमधाम से की थी। अपनी हैसियत से बढ़कर दान दहेज भी दिया था। बावजूद इसके विगत छह महीने से दामाद पिंटू चौहान, ससुर बालगोविंद चौहान, सास, भसुर मंटू चौहान, ननद पूजा कुमारी और गोतनी पूनम देवी दहेज की मांग करते हुए बेटी पर शारीरिक और मानसिक अत्याचार कर रहे थे। इसी बीट मेरी बेटी को पता चला कि उसके पति का गांव में ही रहने वाली एक महिला के साथ अवैध संबंध चल रहा। जब-जब बेटी ने इसका विरोध किया तब-तब उसके साथ मारपीट की जाती थी। सोनी ने आरोप लगाया कि अवैध संबंध में बाधक बनने और दहेज नहीं लाने पर ही दामाद और उसके परिजनों ने बेटी की हत्या कर उसे फंदे पर लटका दिया। ताकि खुदकुशी लगे। वे लोग जब बेटी के ससुराल पहुंचे तो वह अचेत अवस्था में पलंग पर पड़ी थी, जबकि उसके दोनों बच्चों (एक लड़का व एक लड़की ) को लेकर ससुराल के सभी सदस्य फरार थे। उधर, खरखरी ओपी प्रभारी दिनेश मुंडा ने कहा कि मृतका के मायके वालों ने लिखित शिकायत दी है। घटना के बाद से आरोपित फरार है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची।**
**सर्वसाधारण के लिए सूचना।**



अज्ञात मृतक पुरूष का शव,

उपरोक्त अज्ञात मृतक पुरूष का शव डोरण्ड़ा थाना अन्तर्गत बन्धु नगर स्थित नाला(गुलाब वाटिका के बगल में श्यामली साइड) से बरामद किया गया है। जिसके संबंध में डोरण्ड़ा थाना काण्ड़ सं0–86/2016, दिनांक–22.03.2016, धारा–302/201/34 भा0द0वि0, दर्ज किया गया है। अगर अज्ञात मृतक पुरूष का शव के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे अंकित मोबाईल नं0 पर सूचना उपलब्ध करा सकते हैं।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात मृतक पुरूश के षव बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय राँची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया राँची। –9431706143
थाना प्रभारी डोरण्ड़ा थाना, राँची। –9431706168

वरीय पुलिस अधीक्षक,
राँची।

PR 285330 Police(22-23)D


## झरिया में मनाया गया शहीद गणेश साव का शहादत दिवस

# व्यवसायियों को तराजू के साथ रखना होगा तलवार : सावित्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** झरिया बाटा मोड के समीप स्थित स्मारक स्थल पर शनिवार को शहीद गणेश साव का शहादत दिवस मनाया गया। श्रद्धांजलि सभा भी आयोजित की गई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की पत्नी सावित्री देवी उपस्थित थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में न्याय के लिए व्यापारियों को तराजू के साथ तलवार भी रखना होगा। वहीं अन्य वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सभी पिछड़ा वर्ग को माफिया से लड़ने के लिए एकजुट होना होगा। वहीं गणेश साव को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर रेखा मंडल, अवधेश यादव, राज कुमार अग्रवाल, महेंद्र सिंह, मिनु जगत महतो, शबुर गोराई, उपेंद्र गुप्ता, अशोक बरनवाल, विकास साव, अरूण साव, राजू झा, सुनील कुमार, राजू साव, विश्वनाथ साव, शिव बालक पासवान, मनोज साहू, हरिश जायसवाल, जगदीश गुप्ता, दिलीप आडवाणी, अवधेश साव, प्रेम दास बच्चन, निरंजन रजवार, अशोक मालाकार शामिल थे। वहीं, शहीद गणेश साव के पुत्र अनुप ने कहा कि हम भी अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करते रहेंगें।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–29, वर्ष 2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, ।
2. निविदा विपत्र की बिकी की तिथि :– दिनांक–26.12.2022 को 11.00 बजे पूर्वाह्न् से 3.00 बजे अपराह्न् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक– 27.12.2022 के 11.00 बजे पूर्वाह्न् से 3.00 बजे अपराह्न् तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–27.12.2022 के 3.30 बजे अपराह्न्।
5. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी
6. परिमाण विपत्र की बिकी का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी, पोस्ट ऑफिस के बगल में।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

कल्याण मद

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | खूँटी | खूँटी प्रखण्ड अन्तर्गत बिरहु पंचायत के रेवा ग्राम में तालाब निर्माण कार्य। | 19,87,800/– | 39,800/– | 5000/– | 03 माह। |
| 2 | अड़की | अड़की प्रखण्ड अन्तर्गत पुरनानगरु पंचायत के बेड़ापारा ग्राम में तालाब निर्माण कार्य। | 19,79,600/– | 39,600/– | 5000/– | 03 माह। |
| 3 | कर्रा | कर्रा प्रखण्ड अन्तर्गत कसीरा पंचायत के कसीरा ग्राम में तालाब निर्माण कार्य। | 19,98,400/– | 40,000/– | 5000/– | 03 माह। |
| 4 | तोरपा | तोरपा प्रखण्ड अन्तर्गत दियांकेलु पंचायत के दियांकेल ग्राम में तालाब निर्माण कार्य। | 17,12,200/– | 34,300/– | 5000/– | 03 माह। |
| 5 | अड़की | अड़की प्रखण्ड अन्तर्गत हूँठु पंचायत के सेरेंगहातु ग्राम में तालाब निर्माण कार्य। | 15,61,300/– | 31,300/– | 5000/– | 03 माह। |
| 6 | अड़की | अड़की प्रखण्ड अन्तर्गत बिरबांकी पंचायत के चुकलु ग्राम में तालाब निर्माण कार्य। | 19,47,400/– | 39,000/– | 5000/– | 03 माह। |

विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,खूँटी

PR 285319 Rural Development(22-23).D

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)
Admission OPEN 2023-24
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC./M.SC.
PARAMEDICAL DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

### पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की मनायी गयी प्रथम पुण्यतिथि, सभी आंखें हुईं नम

# कमल किशोर भगत के सपनों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य : नीरू शांति भगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुड़ू / लोहरदगा ।** झारखंड आंदोलनकारी सह लोहरदगा विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के प्रथम पुण्यतिथि उनके पैतृक गांव जिंगी पर स्थित समाधि स्थल पर पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की धर्म पत्नी नीरू शांति भगत की अगुवाई में किया गया। साथ ही आजसू पार्टी के प्रधान कार्यालय में भी श्रद्धांजलि सभा हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओम भारती ने की। मौके पर आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक कमल किशोर भगत के पहली पुण्यतिथि पर दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा का सर्वप्रथम कमल किशोर भगत की पत्नी नीरू शांति भगत एवं परिजनों के द्वारा समाधि स्थल परमाला पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत को भावपूर्ण श्रद्धांजलि



अर्पित करने के उपरांत पार्टी कार्यकताओं के आंखें भर आयीं। कमल किशोर भगत की पत्नी अपने पति की याद कर फफक फफक कर रो पड़ीं।

कार्यक्रम में आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि पति के अधूरे सपनों को जीवंत रखते हुए अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और उनके हर सपना को साकार करना मेरे जीवन का हिस्सा बन गया है। उन्होंने कहा कि आज लोहरदगा सहित प्रदेश की जनता अपने आंदोलनकारी नेता एवं बेटा को खोकर काफी मर्माहत हैं। नीरू शांति भगत ने कहा कि पूर्व विधायक ने जो सपना संजोये हुए थे, उन सभी सपनों को पूरी करने में कोई कमी नहीं आने दिया जायेगा। कहा अपने पति के आदर्शों को जीवन में शामिल कर लक्ष्य की पूर्ति करना मेरे जीवन का मकशद बन गया है।

रांची जिला परिषद अध्यक्षा निर्मला भगत ने कहा कि आज बबलू दा हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनकी यादें और उनके द्वारा राज्यहित में सजाया गया हर ओ सपना को आजसू पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक पूरा करने में गंभीर हैं। महिला प्रवक्ता अंजू देवी ने कहा कि कमल किशोर भगत की हर यादें और वादे को निभाने में हर चुनौतियों का सामना किया जायेगा। कार्यक्रम का संचालन आजसू के प्रधान सचिव विलियम कुजुर ने की।

**अपने मसीहा को खोकर मर्माहत हैं कार्यकर्ता :** कुडू के जिंगी और आजसू कार्यालय में झारखंड आंदोलनकारी सह आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने वाले हर एक कार्यकर्ता की निगाहें अपने आदर्श गरीब असहाय परिवार वालों का मसीहा एवं विकास पुरुष कमल किशोर भगत को ढूंढ रही थीं। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि अपने आदर्श पूर्व विधायक कमल किशोर भगत ने जो शिक्षा हमें दिया है, उसका अनुपालन करते हुए उनके अधूरे कार्यों को नीरू शांति भगत को विधायक बनाकर पूरा कर दिखाया जायेगा, तभी जाकर बबलू दा को सच्ची श्रद्धांजलि मिल पायेगी। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत, अंजू देवी, आजसू महिला जिलाध्यक्ष अनीता देवी, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, शाहिद अंसारी, संजू सिंह, गुमला जिलाध्यक्ष दिलीप साहु एवं केंद्रीय सचिव गुमला जिला एवं सिमडेगा जिला के प्रभारी गोपीनाथ सिंह, सलीम पांडू सहित आजसू और झारखंड आंदोलनकारी के नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खेल के दौरान छात्र की गर्दन में जेबलिन फंसा



### सदानंद मेहेर गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बलांगीर अब राज्य के विभिन्न स्कूलों में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उस स्कूल के छात्र अपना हुनर दिखाते हुए इस बात पर फोकस करते हैं कि आने वाले दिनों में कैसे खेल को बेहतर तरीके से खेला जा सकते हैं। हालांकि बलंगिर जिले के एक हाई स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव के दौरान एक घटना हुई। इससे पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया है।

हालांकि मिली जानकारी के अनुसार बलांगीर जिले के आगलपुर बॉयज हाई स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव के जेवलिन इवेंट चल रहा था। इसी दौरान सदानंद मेहेर के जेवलिन गर्दन में आर पर हो गया। शिक्षकों और छात्रों ने गंभीर हालत में सदानंद को बलांगीर भीमभोई अस्पताल में भर्ती कराया। घायल छात्र नौवीं कक्षा का सदानंद मेहेर है।

डॉक्टरों के अथक प्रयास के बाद बड़ी मुश्किल से जेवलिन को गर्दन से निकाला गया। न्यूज लिखने तक भीमवोई मेडिकल मे इलाज चल रहा था। उधर इस घटना के बाद मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बलांगीर के जिलाधिकारी से फोन पर बात की और गंभीर छात्र सदानंद मेहेर के स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

# चीन और पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं राहुल गांधी दिया सेना का मनोबल तोड़नेवाला बयान : जेपी नड्डा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा कि राहुल गांधी चीन और पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। भाजपा प्रमुख ने कहा कि उनके बयान की जितनी आलोचना की जाए वो कम, उनका बयान सेना के मनोबल को तोड़ने वाला है। तवांग में ताजा घटनाक्रम के बाद कांग्रेस नेता ने बयान दिया था कि अरुणाचल प्रदेश में चीनी सैनिक भारतीय सेना के जवानों की पिटाई कर कर रहे हैं। बयान को लेकर भाजपा प्रमुख ने कहा कि यह उनकी देशभक्ति को लेकर प्रश्न चिह्न खड़े करता है। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट एयर स्ट्राइक पर भी सवाल उठाया था। यह उनके मानसिक दिवालियापन को दिखाता है।

**राहुल गांधी को पार्टी से निष्कासित करें मल्लिकार्जुन खरगे : भाटिया**

भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने अपनी आधिकारिक ब्रीफिंग के दौरान कहा कि अगर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे रिमोट




से कंट्रोल नहीं हैं और अगर विपक्षी पार्टी देश के साथ खड़ी है, तो गांधी को उनकी टिप्पणियों के लिए पार्टी से निष्कासित किया जाना चाहिए, क्योंकि वो भारत को कमजोर करते हैं और अपने सशस्त्र बलों का मनोबल तोड़ते हैं। भाटिया ने राहुल गांधी की तुलना कन्नौज के राजा जयचंद से की, जिन्हें भारतीय इतिहास में एक विश्वासघाती के रूप में पेश किया जाता है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि उन्होंने लगातार सशस्त्र बलों के मनोबल को तोड़ने की कोशिश की है, चाहे वह आतंक पर सर्जिकल स्ट्राइक हो या पाकिस्तान में आतंकी शिविर पर एयर स्ट्राइक हो या गलवान घाटी में झड़प हो। भाजपा नेता ने कहा कि गांधी ने कथित तौर पर पाकिस्तान के अंदर आतंकवादियों पर सशस्त्र बलों के हमलों के सबूत मांगे। उन्होंने प्रधानमंत्री को सरेंडर मोदी कहा। भाटिया ने कहा, कांग्रेस नेता को अपने बयान के लिए देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि माफी से उनका पाप तो नहीं धुलेगा लेकिन कम से कम यह जरूर दिखाएगा कि उन्हें अपनी गलती का अहसास हो गया है।

राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान शुक्रवार को जयपुर में एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है। उन्होंने सरकार पर इसे अनदेखा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है और कहा कि सरकार सो रही है और इसे स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है।

# एसटीएफ ने भारी मात्रा में नकली नोट के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ढेंकनाल नकली नोटों के लेन-देन के मामले में एसटीएफ ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट चालान किया। जानकारी के मुताबिक एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस की मदद से शुक्रवार शाम को ढेंकानाल सदर थाना क्षेत्र के रथपड़ा गांव की पास छापेमारी की। छापेमारी के दौरान देवगड जिले के कचेरी साही थाना क्षेत्र के आरोपी तुषार कुमार बिस्वाल (31) को गिरफ्तार कर एसटीएफ ने उसके पास से एक लाख 90 हजार 600 रुपये के नकली नोट व अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया। इस संदर्भ में ढेंकानाल सदर थाने में केस नंबर 658/22 में मामला दर्ज कर तदंत जारी रखा है।

# बायो फ्यूल पर जीएसटी 18% से घटा कर 5% किया गया

**नयी दिल्ली।** फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार को जीएसटी काउंसिल की 48वीं मीटिंग हुई। इस मीटिंग में किसी भी वस्तु पर कोई टैक्स वृद्धि नहीं की गयी। वहीं बायो फ्यूल पर जीएसटी 18% फीसदी से घटा कर 5% किया गया। दालों के छिलकों पर जीएसटी अब 5% से घटाकर शून्य कर दिया गया।

नामांकन जारी सत्र : 2022-2023
उषा कॉलेज ऑफ फार्मेसी
D.C ऑफिस के पीछे, बड़ा कांकड़ा, सरायकेला
Regd. Under : Health Education & Family Welfare department Govt. of Jharkhand
Recognized by : Pharmacy Council of India (PCI) Govt. of India
Affiliated by : Kolhan University, Chaibasa, Jharkhand.
Course:
B. PHARMA
(Bachelor in Pharmacy)
Note : BUS & Hostel Facility
Duration : 4Yrs.
Eligibility: 10+2 With PCB/PCM
For more details Contact :
TATA NAGAR INSTITUTE OF PARA MEDICAL TECHNOLOGY
Shere Punjab Chowk, Main Road, Adityapur
Cont. 9334635208, 9472786354

ट्रेड फ्रेण्ड्स
एनएच-33 (वकला ओरमांझी)
BMW शोरूम के नजदीक, रांची
मो. : 9204951600
गोंदा टाउन, कांके रोड, रिलायंस मार्ट, रांची
मो. : 7360027795
मुर्गा छाप
कोरोनेशन छाप
लगन के रंग-बिरंगे पटाखों का विशाल संग्रह
40 वर्षों का विश्वास
खुशियां पटाखों से पटाखे हमसे...

समस्या है तो.... समाधान भी है
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न, गोल्ड मेडलिस्ट, एम.ए. (ज्योति विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (Ph.D) रांची विश्वविद्यालय, रांची
8210075897, 9031249105
विवाह, व्यापार, परिवार, करियर आदि उपरी बाधा संबंधी किसी भी समस्या से परेशान हैं तो शीघ्र समाधान के लिए संपर्क करें।
प्रधान कार्यालय - कृष्णा ज्वेलर्स सोनार गली, ऊपर बाजार, रांची
आवास- आचार्यकुलम बहाबीर नगर, अरगोड़ा, रांची

Sontosh Kumar
75037 29696
92056 24569
S MTOY & School Fnrnituer
Old Bank Colony, RMCH, Near Sadhu Maidan
Shop Add. : Industrial Area Kokar, Ranchi-834001 (Jharkhand)
Everything From A to Z For School, Playgrond, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis

BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Please Join Us to Celebrate the opening Ceremony of our New Restaurant
Venue :
Sector-9 Near Hatia More
Bokaro Steel City (Jharkhand)
With Best Compluments From :
BAWARCHI FAMILY RESTAURANT
Mob. : 6542366205, 763316941

study MBBS in ABROAD
RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN
Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.
Call Now !
UNIVERSITY FLY
+91-7903149721
www.universityfly.com

भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने के लिए झारखंडवासियों का आभार
शशिभूषण राय
पूर्व महासचिव
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी
रांची

Rinfeu
न्यू दास म्युजिकल स्टोर्स
New Das Musical Stores
हमारे इस प्रतिष्ठान की रांची में कोई भी शाखा नहीं है।
Deals in:
YAMAHA AHUJA ESP Fender CASIO BOSS zoom PAiste TAMA Studiomaster DigiTech KORG Zildjian Roland Cort Epiphone MAPEX Gibson Ibanez stranger
Opp. Sankat Mochan Hanuman Mandi Main Road, Ranchi-1 (Jharkhand)
Phone : 0651-2201778 Mobile : 98351-64815, 72509-3303
मिलते-जलते नामों से सावधान

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा लि रांची
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| * Mathematics Practical | ₹ 60 | | |
| * Science Practical | ₹ 60 | | |
| * S. Science Practical | ₹ 60 | * Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| * Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | * English Grammar– I | ₹ 60 |
| * English Grammar– I | ₹ 60 | * Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |
| * Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**